
4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक
राष्ट्रीय संस्करण
RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 335 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 22 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

## खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर था ISI का मोहरा, सौंपा गया था सिख कट्टरपंथियों को ट्रेनिंग देने का काम

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. कनाडा में इसी साल जून में मारे गए खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक साल 2014-15 में निज्जर पाकिस्तान गया था जहां उसकी खालिस्तान टाइगर फोर्स (केट-ीएफ) के आंतकी जगतार सिंह तारा जो कि पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत की हत्या में वांछित था, से मुलाकात हुई थी और इसके बाद से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने हरदीप को भारत विरोधी गतिविधियों के लिए अपने एसेट बना लिया.

खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक 2015 में आईएसआई इस मामले में खुलकर सामने आई जब उसने ब्रिटिश कोलंबिया के मिसिजेन हिल्स में खालिस्तान समर्थित सिख कट्टरपंथियों को ट्रेनिंग देने के काम में मदद की. निज्जर का संबंध बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकवादी जगतार सिंह के साथ भी था.

यही नहीं, उसका 1981 में इंडियन एयर लाइन्स




हाईजैक करने वाले दल और खालसा लीडर गजेंदर सिंह से भी जुड़ा हुआ था. साल 2018 में तत्कालीन पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेन्द्र सिंह ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादियों की लिस्ट सौंपी थी, जिसमें हरदीप सिंह निज्जर का नाम भरी शामिल था.

फेक पासपोर्ट के जरिए भारत से भागा था निज्जर 10 नवंबर 1977 को जन्मे निज्जर कट्टर अलगाववादी गुट खालिस्तान टाईगर से संबंध रखता था, लेकिन आपातकाल के दौरान 90 के दशक की शुरूआत में निज्जर के भाई को गिरफ़्तार किया गया और साल 1995 में हरदीप सिंह को भी उसी आरोप में पुलिस ने गिरफ़्तार किया. इसके बाद 19 फरवरी 1997 को रवि शर्मा नाम के फजी पासपोर्ट के जरिए वह भारत से भागने में सफल हुआ, लेकिन कनाडा के टोरंटो एयरपोर्ट पर उसे अधिकारियों ने पकड़ लिया.

### निज्जर को कैसे मिली कनाडा की नागरिकता?

खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक निज्जर ने खुद पर भारत में पुलिस बर्बरता का झूठ बोल कनाडा से शरण मांगी, लेकिन वो भी खारिज कर दी गई. बाद में उसने एक ब्रिटिश कोलंबियन महिला से शादी की और उसने इमिग्रेशन स्पॉन्सर किया, लेकिन कनाडा के अधिकारियों ने उस इमिग्रेशन को भी रिजेक्ट कर दिया क्योंकि उन्हें इस बात का शक था कि शादी झूठी है और इमिग्रेशन हासिल करने के लिए ऐसा किया गया है. चौंकाने वाली बात तो ये है कि बाद में निज्जर को कनाडा की नागरिकता दे दी गई.

## सात समुंदर पार से भारत खींच लाई ब्रांड यूपी की धमक

**समाज जागरण**

**ग्रेटर नोएडा, 21 सितंबर।** कभी बदतर कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार के लिए बदनाम यूपी आज सुशासन का पर्याय बन गया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हो चुकी है। हाइवे, सड़कों का जाल बिछ चुका है। यही, कारण है कि जहां पहले निवेशक राज्य से बाहर जा रहे थे, वहीं योगी राज में सात समुंदर पार से निवेशक निवेश के लिए आ रहे हैं। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में शुरू हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के पहले ही दिन रोमानिया समेत कई अन्य देशों के कारोबारी पहुंचे।

**रोमानिया समेत कई अन्य देशों के उद्यमी पहुंचे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो**

**कारोबारियों ने कहा - योगी राज में हुआ यूपी का कायाकल्प**

**योगी के नेतृत्व में यूपी का हो रहा चौतरफा विकास**

**एक जिला, एक उत्पाद योजना से छोटे कारीगरों को हुआ फायदा**







### इंदौर से एक साथ 15 कारोबारी पहुंचे ट्रेड शो

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में इंदौर के 15 कारोबारियों का समूह एक साथ पहुंचा। कारोबारी मेहूल दूबे ने कहा कि योगी के नेतृत्व में यूपी का चौतरफा विकास हो रहा है। यूपी के विकास की चर्चा अब हर तरफ होती है। यूपी अब एक ब्रांड बन चुका है। यूपी के कारीगरों को इस तरह के आयोजनों से बहुत लाभ मिलेगा।

### योगी की तारीफ करते



कारोबारियों ने ट्रेड शो के आयोजन की सराहना की।

ट्रेड शो पहुंचे रोमानिया के कारोबारी टिओडोर क्यूरिया यूपी के उद्यमियों से मिलकर बहुत खुश दिखे। उन्होंने कहा कि वो पहली बार भारत में इस तरह के ट्रेड शो में शामिल हो रहे हैं। कंस्ट्रक्शन का कारोबार करने वाले टिओडोर ट्रेड शो में कारोबार की संभावना तलाशने आए थे। वहीं रोमानिया के ही एक अन्य कारोबारी रसवन पॉप ने कहा कि योगी सरकार कारोबार को बढ़ावा देने के लिए सकारात्मक कदम उठा रही है।

### नहीं थके कारोबारी

ट्वॉय बैग खिलौना कंपनी चलाने वाले अंकित लाल यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के भव्य आयोजन से काफी खुश नजर आए। अंकित ने कहा कि पूर्व की सरकारों की तुलना में योगी सरकार बहुत काम कर रही है। सरकार कलाकारों को प्रमोट करने के लिए लगातार आयोजन कर रही है। इस तरह के आयोजनों से यूपी के कारोबारियों के लिए विदेश में व्यापार के दरवाजे खुलेंगे। विदेशी कंपनियों के साथ कारोबार के मौके और बढ़ेंगे।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।।

1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

## यूपी के इकोनॉमिक ग्रोथ की उपलब्धि सराहनीय : राष्ट्रपति

### ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा, 21 सितंबर। उत्तर प्रदेश के इकोनॉमिक ग्रोथ की उपलब्धि सराहनीय है। प्रदेश ना सिर्फ भारत में सबसे तेजी से बढ़ती हुई राज्य अर्थव्यवस्था है बल्कि देश के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने के संकल्प को पूरा करने में यूपी का योगदान अहम है। इसके लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी पूरी टीम का प्रयास सराहनीय है। ये बातें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को ग्रेटर नोएडा में आयोजित पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के शुभारंभ के अवसर पर कही। उन्होंने ट्रेड शो में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए यहां आयोजित प्रदर्शनी को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की।

#### राष्ट्रपति ने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा

राष्ट्रपति ने कहा कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए यूपी के उत्पादों को देश-विदेश के बाजारों तक पहुंचाने का प्रयास बहुत ही सराहनीय है। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ट्रेड शो में 2000 से अधिक निमार्ता अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं। स्थापित औद्योगिक घरानों से लेकर नये उद्यमियों और विभिन्न दूतावासों के प्रतिनिधि यहां मौजूद हैं, जिससे यहां के उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में सहूलियत मिलेगी। उत्तर प्रदेश ने पिछले 6 साल में देश के आर्थिक विकास में अपना विशेष योगदान दिया है। यूपी की जीडीपी 2016-17 में 13 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 22 लाख करोड़ पहुंच गई है। इकोनॉमिक ग्रोथ की ये उपलब्धि निःसंदेह सराहनीय है।

#### यूपी ने आर्थिक विकास और निवेश के क्षेत्र में नये कदम उठाए

राष्ट्रपति ने कहा कि हाल के वर्षों में यूपी ने आर्थिक विकास और निवेश के क्षेत्र में नये




कदम उठाए हैं। निवेश को सरल, व्यापार को सुगम बनाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को गति देने के परिणाम स्वरूप यूपी आज देश में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बन चुका है। भारत जो आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और शीघ्र ही यह



विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए संकल्पबद्ध है। इस राष्ट्रीय संकल्प को पूरा करने में उत्तर प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान है। यूपी ने अपनी अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में यूपी सरकार और यहां की जनता महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

#### जी-20 सम्मेलन की सफलता से पूरा विश्व समुदाय प्रभावित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यूपी में एमएसएमई के लिए अच्छा ईको सिस्टम विकसित किया जा रहा है। 96 लाख एमएसएमई इकाइयों के साथ यूपी देश के सभी राज्यों में प्रथम स्थान पर है। लैंडलॉक राज्य होने के बावजूद प्रदेश का निर्यात निरंतर बढ़ रहा है। राज्य का निर्यात 2017-18 में 88 हजार करोड़ से बढ़कर 1लाख 75 हजार करोड़ तक पहुंच गया है। ये प्रदेश के उद्यमियों

- राष्ट्रपति ने निवेश, अर्थव्यवस्था और इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में यूपी की विकास यात्रा को सराहा

- यूपी आज देश में सबसे तेजी से बढ़ती हुई राज्य इकोनॉमी : द्रौपदी मुर्मू

- भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के संकल्प को पूरा करने में यूपी का अहम योगदान : राष्ट्रपति

की मेहतन तथा योग्यता का परिणाम है। हाल ही में जी-20 सम्मेलन की सफलता से पूरा विश्व समुदाय प्रभावित है। यूपी के आगरा, लखनऊ, वाराणसी और ग्रेटर नोएडा में जी-20 के विभिन्न समिट आयोजित हुए। वहीं ग्रेटर नोएडा में अब आयोजित ये ट्रेड शो भी जरूर सफल होगा।

#### प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा ट्रेड शो

उन्होंने कहा कि जी- 20 सम्मेलन में सर्वसम्मति से अपनाए गये डिक्लेरेशन में अनलॉकिंग ट्रेड फॉर ग्रोथ के अंतर्गत लोकल वैल्यू क्रियेशन और एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों को पहचानने तथा एमएसएमई को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जोड़ने के लक्ष्यों को शामिल किया गया है। विश्व के विभिन्न देशों के 400 से अधिक बायर्स इस ट्रेड शो में भाग ले रहे हैं। राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो जी-20 के लक्ष्यों के अनुरूप भारत के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएगा। राष्ट्रपति ने आयोजन में राज्य के एक जनपद एक उत्पाद के प्रदर्शन को सराहनीय बताया। साथ ही इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि हस्तशिल्प पर आधारित उत्पादों के साथ साथ राज्य के युवा उद्यमियों विशेषकर महिला उद्यमियों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को प्रदेश की विकास यात्रा में मील का पत्थर बताया।

### सुलभ आवास में अवैध गतिविधियां करने वालों की अब खैर नहीं, एक्शन लेगा एलडीए

लखनऊ. लखनऊ विकास प्राधिकरण की सुलभ आवास योजना के फ्लैटों में अवैध रूप से व्यवसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी. प्राधिकरण की अध्यक्ष और मंडलायुक्त डॉ . रोशन जैकब ने गुरूवार को प्राधिकरण दिवस और जनता अदालत में जन सुनवाई के दौरान इस बाबत आदेश जारी किए हैं. इस मौके पर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ . इन्द्रमणि त्रिपाठी और अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

जनता अदालत में पहुंचे ईडब्ल्यूएस और एलआईजी भवनों के दो आवंटियों द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि समय पर धनराशि का भुगतान न करने पर प्राधिकरण द्वारा चक्रवृद्धि ब्याज लगा दिया गया. जिससे संपत्ति की कीमत लाखों में पहुंच गयी है और वह लोग भुगतान कर पाने में असमर्थ हैं. अब उनके पास मकान खाली करने के लिए नोटिस आ रहा है. इस पर मंडलायुक्त ने ईडब्ल्यूएस और एलआईजी भवनों और दुकानों के लिए चक्रवृद्धि ब्याज कम करने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि कानपुर रोड स्थित ट्रांसपोर्ट नगर योजना की जांच में जो फर्जी रजिस्ट्री के प्रकरण सामने आ रहे हैं, उनमें समस्त संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाए.

## महिलाओं के लिए स्वर्णिम दिन, 33% आरक्षण पर संसद की मुहर, नारी शक्ति वंदन विधेयक को राज्यसभा से मिली मंजूरी

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. राज्यसभा ने गुरुवार को ह्यनारी शक्ति वंदन विधेयक' को मंजूरी दे दी, जिसमें संसद के निचले सदन और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान है. विधेयक पारित किए जाने के दौरान उच्च सदन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूद थे. राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल के पक्ष में 215, जबकि विपक्ष में एक भी वोट नहीं पड़ा.

इससे एक दिन पहले बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक दो-तिहाई बहुमत से पारित हुआ था. 'नारी शक्ति वंदन विधेयकह्ल के कानून बन जाने के बाद 543 सदस्यों वाली लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या मौजूदा 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी. राज्य विधानसभाओं में भी महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित हो जाएंगी.



केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मंगलवार को लोकसभा में कहा था कि विधेयक में फिलहाल 15 साल के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है और संसद को इसे बढ़ाने का अधिकार होगा. केंद्रीय मंत्री ने स्पष्ट किया था कि महिलाओं की आरक्षित सीट में भी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण होगा.

## हरियाणा सरकार गरीब परिवारों को देगी मुफ़्त आवास

**विनोद कश्यप प्रभारी,**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा सरकार ने कई गरीब परिवारों को मुफ्त आवास देने का बड़ा निर्णय लिया है, जिसमें लगभग 4,000 लोगों को सरकारी योजना के तहत आवास मिला है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पानीपत के समाल्हा में




सेवा साधना केंद्र पतिकल्याणा नामक स्थान का दौरा किया है। जिसके दौरान उन्होंने कहा लोगों की जरूरतों को पूरा करके उनकी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत जाएगी। और यह कार्य आरम्भ हो गया है।

### 1000 प्लस सफाई कर्मचारियों की भर्ती

हरियाणा सरकार ने गरीबों को घर मुहैया कराना के अलावा जल्द ही 1000 प्लस सफाई कर्मचारियों की भर्ती का भी ऐलान किया है। सरकार के पास लोगों की मदद के लिए कई कार्यक्रम हैं। ये कार्यक्रम लाभार्थियों को बुजुर्गों के लिए नकद और शैक्षिक सहायता जैसे लाभ प्रदान करते हैं।

### विशेष कार्ड और पेंशन

सरकार ने लोगों को अपनी संपत्ति का मालिकाना हक भी दिया और कुछ क्षेत्रों को वैध कर दिया। उनका पूर्व पहचान पत्र नामक एक कार्यक्रम है जो लोगों को एक विशेष कार्ड और पेंशन देता है। सरकार ने भ्रष्टाचार को कम करने और कार्य आचरण में पारदर्शिता बढ़ाने का भी वादा किया है।

# नदियां हैं तो जल है..जल है तो कल है

## जल है तो कल है और कल है तभी तो हम, हमारी सभ्यता कायम रहेगी

**दैनिक समाज जागरण**

एक पुरानी कहावत है की ह्यनदियां सब कुछ बदल सकती हैंह्ण! गत वर्ष के नदी दिवस का थीम इसी वाक्य को लेकर रखा गया था। हर साल 25 सितंबर को विश्व नदी दिवस मनाया जाता है। भारत नदियों की धरती है। भारत और बांग्लादेश की नदियों को अगर मिलाकर आंकड़े देखें तो विश्व की सबसे अधिक नदियां यहीं बहती हैं। मान्यता है कि हिमालय की पहाड़ियों से बहने वाली सिंधु नदी से हमारी सभ्यता की शुरूआत हुई है।

यह वर्तमान की भयावह और कटु सत्य है कि बढ़ते हुए प्रदूषण की वजह से नदियों का जल दुषित प्रदूषित होता जा रहा है। प्रदूषण की वजह से जलवायु में भी परिवर्तन हुआ है। जलवायु चक्र भी गड़बड़ा गया है, जिसके कारण कई नदियां उथली होती जा रही हैं, सिकुड़ती जा रही हैं। विश्व नदी दिवस पर कई देश सहित लाखों लोग और कई अंतरराष्ट्रीय संगठन, नदियों के बचाव हेतु निरंतर अपना योगदान कर रहे हैं। बचाव के नए-नए साधन विकसित कर रहे हैं। इस दिन लोग संकल्प लेते हैं कि वे नदियों को प्रदूषित नहीं करेंगे और उन्हें प्रदूषित होने से हर संभव बचाएंगे। इसी कड़ी में गंगा को प्रदूषण से मुक्त कराने का हमारे केंद्र सरकार ने बीड़ा उठाया है। अब तो गंगा, नर्मदा, यमुना, गोदावरी सहित कई नदियों को प्रदूषण से बचाए जाने के लिए बड़ी-बड़ी योजनाएं बन रही है। और सुचारू रूप से कार्य भी आरंभ हो चुका है। यह मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत है।

पुराणों में उल्लेख है कि विश्व की प्राचीन सभ्यतायें नदियों के किनारे ही विकसित हुई हैं। नदियां स्वच्छ जल का संवाहक होती हैं। एशिया महाद्वीप का हिमालय पर्वत पुरातन समय से नदियों का उद्गम स्रोत रहा है। गंगा, यमुना, सिंधु, झेलम, चिनाव, रावी, सतलज, गोमती, घाघरा, राप्ती, कोसी, हुबली तथा ब्रहमपुत्र आदि सभी नदियों का उद्गम हिमालय से शुरू होकर हिन्द महासागर में जाकर अपनी गिरती है।

विश्व नदी दिवस भारत का कोई अलग से कार्यक्रम नहीं है। पुराने लोगों द्वारा कहा जाता है, कि सालों पहले भारत की नदियां बारह मासी यानी बारहों माह बहने वाली होती थी, लेकिन अंधाधुंध पेड़ों की कटाई के कारण नदियों ने अपना अस्तिव खो दिया। वर्तमान में हालात यह है कि ग्रीष ऋतु में भारत की सभी नदियों का जल सूख जाता है।

इन नदियों का महत्व हमारे जीवन के लिए कहीं से भी कम नहीं है, क्योंकि यह नदियां बारहमासी रहती हैं। और मानव व जीव जंतुओं को पेयजल व सिंचाई व अन्य आवश्यकताओं के लिए उपलब्ध कराती हैं। इन नदियों के कारण जल भराव व बाढ़ की समस्याओं का भी एक तरह से निदान हो जाता है। नदियां अपने साथ पानी बहा कर सागर की ओर ले जाती हैं। बाढ़ की घटनाएं कम होती हैं। तो वही यह नदियां अन्य मौसम में जल से भरी रहने के कारण सूखे से लड़ने में मदद करती हैं। नदियों के ही वजह से तो भूजल का स्रोत कभी कम नहीं होता और भूजल फिर से भरने लगता है। यही नदियां ही है तो है जिनके वजह से वर्षा भी नियंत्रित रहती है, और सामान्य वर्षा का होना नदियों के वजह से ही नियंत्रित रहता है। जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव कम होते हैं। मिट्टी का कटाव रुकता है।

जल की गुणवत्ता में सुधार होता है। मिट्टी की गुणवत्ता बेहतर होती है। यह नदियां अपने निर्मल धवल अमृतुल्य जल के साथ जैव विविधता का भी सुरक्षा करती हैं। भारत के कई शहरों में उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ को नदियों में ही छोड़ दिया जाता है। मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में मौजूद चंबल नदी को ग्रेसिम उद्योग नागदा द्वारा प्रदूषित किया जा रहा है। नदी इस कदर प्रदूषण हो चुकी है कि नदी का पानी पीने योग्य नहीं बचा है। नदी के किनारे बसे गांव परमार खेड़ी में प्रति दस घर में एक सदस्य विकलांग है। गांव की आबादी नौ सौ है। गांव के सभी जलस्त्रोत प्रदूषित हो चुके है। प्रशासन ने जलस्त्रोतों को बंद कर खतरनाक घोषित कर दिया है।

सीपीसीबी की साल 2020 की रिपोर्ट के अनुसार भारत की जीनदायिनी कही जाने वाली ये नदियां खुद खतरे में हैं। 521 नदियों के पानी की मॉनिटरिंग करने वाले प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार देश की 198 नदियां ही स्वच्छ हैं। जो छोटी नदियां हैं। जबकि, बड़ी नदियों का पानी भीषण प्रदूषण की चपेट में है। 198 नदियां स्वच्छ पाई गईं हैं। इनमें ज्यादातर दक्षिण-पूर्व भारत की हैं। महाराष्ट्र में सिर्फ 7 नदियां ही स्वच्छ हैं, जबकि 45 नदियों का पानी प्रदूषित है। नदियों का जीवन अगर बचाना है तो उसका जल निर्बाध बहता रहे, जीवन उसका सुरक्षित रहे तो नदियों को छिछली (उथली) होने से बचाया जाना अति आवश्यक है। वहीं नदियों के किनारों पर सघन वृक्षारोपण किया जाये जिससे किनारों पर कटाव ना हो। नदियों का पानी गन्दा होने से बचायें, मसलन पशुओं को नदी के पानी मे जाने से रोकें। गांव व शहरों का घरेलू अनुपचारित पानी नदी में नही मिलने दे। पानी को यह सोच कर साफ रखने का प्रयास करें कि आगे जो भी गांव या शहर वाले इस पानी को उपयोग में लाने वाले हैं , वो आपके ही भाई बहन या परिवार के लोग हैं। नगरपालिका और ग्राम पंचायत अपने स्तर पर घरेलू पानी (दूषित) को साफ करने वाला सयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। उद्योगों का अनुपचारित पानी नदी के पानी मे नही मिलने दे। हो सके तो समय समय पर पानी की गुणवत्ता की जांच करवाते रहे। जलकुम्भी की सफाई समय समय पर करवाने का प्रयत्न करते रहें। अंततः हम सभी को यह स्मरण रखना अत्यंत आवश्यक हो गया कि ह्यजल है तो कल है और कल है तभी तो हम, हमारी सभ्यता कायम रहेगी।



**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

### मुझ पर फेके गए पत्थर अपार मिले'

मुझ पर फेके गए पत्थर अपार मिले,
फक्तियाँ,ताने सैकड़ों बन गले का हार मिले।

शौक रखता हूं भीड़ में चलने का मित्रो,
कही ठोकरे,तो कही जीत के पुष्प हार मिले।

जीवन बिता यूँ आपा धापी में ही जरा,
कही मीठे बोल तो कही कर्ण कटु प्रहार मिले।

आनंद तो जीवन में चलते जाना ही हैं
कभी कहीं जीत मिले या गहरी हार मिले।

नए नए मुखौटे लगाये रोज मिलते है लोग,
कई जिंदगी से खुश तो कई बेजार मिले।

आओ मिलते है गले प्यार और मनुहार से,
ऐसी जिन्दगी,शाम शायद न बार बार मिले।

या फिर मीठी यादो की बारिश में भीग जाये,
चाहत है,ऐसी मधहोश निशा बार बार मिले।

**संजीव ठाकुर, चौबे कॉलोनी रायपुर**

# आधी आबादी को उसका आधा हिस्सा क्यों नहीं?

**दैनिक समाज जागरण**

महिला आरक्षण बिल बुद्धवार को लोकसभा में पारित हो गया।भाजपा के बहुमत को देखते हुए लोकसभा में बहस सिर्फ खानापूरी तक ही रही। उसमें आए सुझाव पर भी विचार होने की उम्मीद नही है । संसद में भाजपा का बहुमत है, इसलिए बिल तो पास हो ही जाएगा।इस बिल में महिलाओं को संसद और विधान सभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था है। महिला आरक्षण बिल 1996 से ही अधर में लटका हुआ है। उस समय एचडी देवगौड़ा सरकार ने 12 सितंबर 1996 को इस बिल को संसद में पेश किया था, लेकिन पारित नहीं हो सका था। बार बार ये बिल संसद में आया किंतु राजनैतिक दलों की इच्छाशक्ति न होने और अड़ंगेबाजी के कारण ये संसद के दोनों सदनों में पारित नही हो पाया। अब भाजपा के बहुमत और उसके रवैये से लगता है कि ये बिल पास हो जाएगा। किंतु देश में महिलाओं की आबादी आधी है। आधी आबादी को उनका आधा हिस्सा क्यों नही दिया जा रहा।33 प्रतिशत हिस्सा देने की बात क्यों हो रही है। 33 प्रतिशत आरक्षण देने का बिल ही संसद में 27 साल से अटका है। आधे हिस्से की बात चली तो शायद ये बिल कभी पास ही नहीं होता। दूसरे संसद और विधान सभाओं में ही क्यों सभी नौकरी और राजकीय सेवाओं में महिलाओं को आधा हिस्सा क्यों नही दिया जाता? उसे उसके हिंस्से का आधा आसमान क्यों नही सौंपा जा रहा?

संसद की नई इमारत में कार्यवाही मंगलवार से शुरू हुई। पहले दिन कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने महिला आरक्षण से जुड़ा विधेयक पेश किया।इस विधेयक में संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है।महिला आरक्षण के लिए पेश किया गया विधेयक 128वां संविधान संशोधन विधेयक है। संसद के दोनों सदन, लोकसभा और राज्यसभा में इस विधेयक को दो-तिहाई बहुमत से पास होना होगा।इसके बाद जनगणना के बाद परिसीमन की कवायद की जाएगी।परिसीमन में लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों की जनसंख्या के आंकड़ों के आधार पर सीमाएं तय की जाती हैं।पिछला देशव्यापी परिसीमन 2002 में हुआ था। उसे 2008 में लागू किया गया था।परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के भंग होने के बाद महिला आरक्षण प्रभावी हो सकता है।अभी ऐसा लग रहा है कि 2026 के लोक सभा चुनाव से पहले महिला आरक्षण का लागू होना संभव नहीं है। ये आरक्षण लागू हो जाने के बाद महिला आरक्षण केवल 15 साल के लिए ही वैध होगा, लेकिन इस अवधि को संसद आगे बढ़ा सकती है।ज्ञातव्य है कि एससी-एसटी के लिए आरक्षित सीटें भी केवल सीमित समय के लिए ही थीं, लेकिन इसे एक बार में 10 साल तक बढ़ाया जाता रहा है।सरकार की ओर से पेश विधेयक में कहा गया है कि परिसीमन की हर प्रक्रिया के बाद आरक्षित सीटों का रोटेशन होगा। इसका विवरण संसद बाद में निर्धारित करेगी। सीटों के रोटेशन और परिसीमन को निर्धारित करने के लिए अलग एक कानून और अधिसूचना की जरूरत होगी।स्थानीय निकायों, जैसे पंचायत और नगर पालिकाओं में भी एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए पहले ही आरक्षित हैं। इनमें हर चुनाव में सीटों का आरक्षण बदलता रहता है। यानी रोटेशन होता है।अनुसूचित जाति के लिए सीटें किसी निर्वाचन क्षेत्र में उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षित की जाती हैं।यह बिल 81वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में पेश हुआ था।

पहले बिल में संसद और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव था। इस 33 फीसदी आरक्षण के भीतर ही अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए उप-आरक्षण का प्रावधान था, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान नहीं था।

इस बिल में प्रस्ताव है कि लोकसभा के हर चुनाव के बाद आरक्षित सीटों को रोटेट किया जाना चाहिए। आरक्षित सीटें राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में रोटेशन के जरिए आवंटित की जा सकती हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 1998 में लोकसभा में फिर महिला आरक्षण बिल को पेश किया था। कई दलों के सहयोग से चल रही वाजपेयी सरकार को इसको लेकर विरोध का सामना करना पड़ा।इस वजह से बिल पारित नहीं हो सका। वाजपेयी सरकार ने इसे 1999, 2002 और 2003-2004 में भी पारित कराने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुई।बीजेपी सरकार जाने के बाद 2004 में कांग्रेस के नेतृत्व में यूपीए सरकार सत्ता में आई और डॉक्टर मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने।यूपीए सरकार ने 2008 में इस बिल को 108वें संविधान संशोधन विधेयक के रूप में राज्यसभा में पेश किया। वहां यह बिल नौ मार्च 2010 को भारी बहुमत से पारित हुआ। बीजेपी, वाम दलों और जेडीयू ने बिल का समर्थन किया था।यूपीए सरकार ने इस बिल को लोकसभा में पेश नहीं किया। इसका विरोध करने वालों में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल शामिल थीं।ये दोनों दल यूपीए का हिस्सा थे। कांग्रेस को डर था कि अगर उसने बिल को लोकसभा में पेश किया तो उसकी सरकार खतरे में पड़ सकती है।

साल में 2008 में इस बिल को कानून और न्याय संबंधी स्थायी समिति को भेजा गया था। इसके दो सदस्य वीरेंद्र भाटिया और शैलेंद्र कुमार समाजवादी पार्टी के थे।इन लोगों ने कहा कि वे महिला आरक्षण के विरोधी नहीं हैं. लेकिन जिस तरह से बिल का मसौदा तैयार किया गया, वे उससे सहमत नहीं थे। इन दोनों सदस्यों की सिफारिश की थी कि हर राजनीतिक दल अपने 20 फीसदी टिकट महिलाओं को दें और महिला आरक्षण 20 फीसदी से अधिक न हो।साल 2014 में लोकसभा भंग होने के बाद यह बिल अपने आप खत्म हो गया, लेकिन राज्यसभा स्थायी सदन है, इसलिए यह बिल अभी जिंदा है।

संसद के विशेष सत्र के तीसरे दिन बुधवार को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पास हो गया। पर्ची से हुई वोटिंग में बिल के समर्थन में 454 और विरोध में दो वोट पड़े । अब कल (गुरुवार को) यह बिल राज्यसभा में पेश होगा। वहां से पास होने के बाद राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए जाएगा। राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। अगर यह बिल कानून बन जाता है तो 2024 के चुनाव में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिल जाएगा। इससे लोकसभा की हर तीसरी सदस्य महिला होगी।

बिल पर चर्चा में 60 सांसदों ने अपने विचार रखे। राहुल गांधी ने कहा- ओबीसी आरक्षण के बिना यह बिल अधूरा है, जबकि अमित शाह ने कहा- यह आरक्षण सामान्य, एससी और एसटी में समान रूप से लागू होगा। चुनाव के बाद तुरंत ही जनगणना और डिलिमिटेशन होगा और महिलाएं की भागीदारी जल्द ही सदन में बढ़ेगी। विरोध करने से रिजर्वेशन जल्दी नहीं आएगा।

चर्चा के दौरान टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने मुस्लिम महिलाओं को भी आरक्षण देने की मांग की। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने महुआ मोइत्रा का नाम लिए बगैर कहा- मुस्लिम आरक्षण मांगने वालों को मैं बताना चाहती हूं कि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण वर्जित है। कांग्रेस नेत्री और सांसद सोनिया गांधी बोलीं- तुरंत अमल में लाएं। सरकार को इसे परिसीमन तक नहीं रोकना चाहिए। इससे पहले जातिगत जनगणना कराकर इस बिल में एसी-एसटी और ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था की जाए।'एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले और एसपी सांसद डिंपल यादव ने भी बिल में ओबीसी महिलाओं को आरक्षण देने की मांग की। सोनिया ने कहा, 'स्थानीय निकायों में महिलाओं को आरक्षण देने वाला कानून सबसे पहले मेरे पति राजीव गांधी लाए थे, जो राज्यसभा में सात वोटों से गिर गया था। बाद में पीवी नरसिम्हा राव की सरकार ने उसे पास करवाया। इसी का नतीजा है कि देशभर के स्थानीय निकायों में 15 लाख चुनी हुई महिला नेता हैं। राजीव का सपना अभी आधा ही पूरा हुआ है, यह बिल पास होने से सपना पूरा हो जाएगा।

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि ये सिर्फ पीएम मोदी का बिल है। जिसने गोल किया, नाम उसी का होता है। हमारे प्रधानमंत्री और हमारी पार्टी ये बिल लेकर आई है तो इनके पेट में दर्द हो रहा है।टीएमसी सांसद काकोली घोष ने कहा, 'देश में सिर्फ पश्चिम बंगाल में महिला मुख्यमंत्री है, भाजपा की 16 राज्यों में सरकार है, लेकिन एक भी राज्य में महिला मुख्यमत्री नहीं है।उधर, जेडीयू के सांसद ललन सिंह ने कहा कि ये 2024 का चुनावी जुमला है। आई.एन.डी.आई.ए गठबंधन से सरकार घबरा गई और ये बिल लेकर आई। इनकी मंशा सही होती तो 2021 में जनगणना शुरू करवा दी होती। इससे अब तक जनगणना पूरी हो जाती और महिला आरक्षण 2024 से पहले लागू हो जाता।आरजेडी, जेडीयू , एसपी और बीएसपी समेत कई विपक्षी पार्टियों ने ओबीसी महिलाओं के लिए सीट आरक्षित करने की मांग की है।भाजपा नेता उमा भारती और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी ओबीसी महिलाओं के लिए भी कोटा तय करने की मांग की है।

खैर यह लगभग तै है कि बिल पाए हो जाएगा,किंतु सबसे बड़ी बात यह है कि जब ये आरक्षण 2026 से लागू होना है, तो अब पास कराने की क्या जरूरत थी। अब बिल को पास कराने के पीछे भाजपा का सीधा मकसद आगे आने वाले चुनाव में इसका लाभ उठाना है। ये राजनीति है। सब दल अपने हित के लिए काम कर रहे हैं, तो सवाल है कि भाजपा ही क्यों पीछे रहे। उसे ये लाभ उठाने मौका मिला और वह लाभ उठा रही है। मजे की बात यह है कि भाजपा के इस तुरप के इक्के के सामने सारा विपक्ष चित्त नजर आ रहा है। पिछले कुछ समय से केंद्र सरकार की हर बात का विरोध करने और संसद में बहस की जगह हंगामा करने वाला विपक्ष भी इस बिल के विरोध करने की हालत में नही । वह जान रहा है कि इस बिल के विरोध का मतलब महिलाओं को नाराज करना होगा। वह इसका समर्थन करके, अपना बिल बताकर वाहवाही लूटना चाहता है,जबकि सब जानते हैं नाम उसका होता है जो खेल में गोल करता है। इस बिल को पास कराकर भाजपा विपक्ष को चारों खाने में चित्त करने और महिलाओं की वाहवाही लेने में कामयाब हो गई। विपक्षी दल अपने गठबंधन का नाम इंडिया ह्यआई.एन.डी.आई.एह्ण रखकर बहुत प्रसन्न थे।सोच रहे थे कि भाजपा के पास इसका कोई तोड़ नही है, किंतु उन्हें पता नही था कि भाजपा महिला आरक्षण बिल लाकर महिलाओं की आधी आबादी के वोट पर अपना दावा बना सकेगी। उधर महिलाओं को अभी संसद और राज्य सभा में 33 प्रतिशत हिंस्सा मिला है, उम्मीद है कि आने वाली सरकारें उनकी आधी दुनिया को उनका आधा हिंस्सा देंगी। आज सब क्षेत्र में महिलाएं आगे आ रही हैं।पैरामिलेट्री फोर्स और सेना तक में वह अग्रिम मोर्चों पर आगे आ रही है।आइएएस और आईपीएस में पहले से ही वे अपनी प्रशासनिक क्षमताएं दिखाती रही हैं। चिकित्सा और तकनीकि क्षेत्र में भी उनका पहले से ही दबदबा है।अब तक राजनीति में प्रशासनिक अधिकारियों की पत्नी या चुनाव के लिए अयोग्य घोषित लालू यादव जैसों की पत्नी आकर मुख्यमंत्री तक बनती रहीं हैं। अब आरक्षण लागू करने के बाद राजनीति में शिक्षित और योग्य महिलाएं आकर देश को नई दिशा देंगी। उनकी देश की नीति निर्माण में भागीदारी बढ़ेगी। आरक्षणा पाकर आगे आई ये महिलाएं सुश्री मायावती, जयललिता,ममता बैनर्जी, पूर्व प्रधानमंत्री स्वगीर्या इंदिरा गांधी और विदेश मंत्री स्वर्गीय सुषमा स्वराज की तरह कार्य कर अपनी पहचान बनाएंगी ।



**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# राजस्थान में अपनों से परेशान भाजपा

राजस्थान में विधानसभा के चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे भाजपा की अंदरूनी मुश्किलें बढ़ती जा रही है। एक तरफ भाजपा राजस्थान में चार अलग-अलग क्षेत्र में परिवर्तन संकल्प यात्राओं का आयोजन कर चुनावी माहौल बनाने में जुटी हुई हैं। वही पार्टी के वरिष्ठ नेता पार्टी को लगातार संकट में डाल कर परेशान कर रहे हैं। पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता रहे कैलाश मेघवाल पार्टी के लिए गले की फांस बने हुए हैं। हालांकि भाजपा ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है और आने वाले समय में उनका पार्टी से निष्कासन तय माना जा रहा है।

कैलाश मेघवाल प्रकरण से भाजपा को बेवजह शर्मिंदगी तो उठानी पड़ी ही साथ ही डैमेज कंट्रोल भी करना पड़ रहा है। इसका कारण केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल है। अर्जुन राम मेघवाल शुरू से ही विवादों में रहे हैं। उनके चलते बीकानेर क्षेत्र में पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे देवीसिंह भाटी को पार्टी छोड़नी पड़ी थी। पिछले विधानसभा चुनाव में देवीसिंह भाटी ने अर्जुनराम मेघवाल पर उनकी पुत्रवधू पूनम कँवर भाटी को चुनाव में हरवाने का आरोप लगाया था। मेघवाल अपने पुत्र रविशेखर को जिला परिषद का चुनाव लड़वा कर भी काफी विवादों में रहे थे। हालांकि उनका पुत्र रवि शेखर राजस्थान सरकार में कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल की पत्नी आशा देवी से 2783 वोटो से हार गया था। अर्जुन राम मेघवाल का पुत्र रवि शेखर भी अक्सर विवादों में बना रहता है।

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे समर्थक देवीसिंह भाटी भैरोंसिंह शेखावत व वसुंधरा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। उनका बीकानेर क्षेत्र में खासा प्रभाव माना जाता है। पिछले दिनों उन्होंने भाजपा में शामिल होने का प्रयास किया था। मगर अर्जुनराम मेघवाल ने उनके भाजपा प्रवेश में अड़ंगा लगा दिया था। उसके बाद भाटी ने राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल से मिलकर राजनीतिक गठबंधन बनाने के संकेत दिए थे। यदि देवीसिंह भाटी हनुमान बेनीवाल के साथ चुनावी गठबंधन बनाते हैं तो उसका नुकसान भाजपा को ही उठाना पड़ेगा।

पिछले दिनों जोधपुर जिले के सूरसागर से विधायक सूर्यकांता व्यास ने केंद्रीय मंत्री व जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत पर हमला बोलकर पार्टी में पनप रही गुटबाजी को और हवा दे दी है। कुछ दिनों पूर्व भाजपा की वरिष्ठ विधायक सूर्यकांता व्यास ने अपनी मांगों को पूरा करने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का सार्वजनिक रूप से आभार जताया था। जिससे खफा होकर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सूर्यकांता व्यास पर व्यंग्य कसते हुए कहा था कि बच्चे और बूढ़े का मन एक सा हो जाता हैं। उनके कही बातों को गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। इस पर सूर्यकांता व्यास खफा हो गई थी और उन्होंने गजेंद्र सिंह के बहाने भाजपा आलाकमान को चेतावनी दे डाली की 93 साल की उम्र में भी वह अगला विधानसभा चुनाव लड़ेगी भी और जीतेगी भी। चुनावी समय में इस तरह की बातों से पार्टी का माहौल खराब होता है। एक तरफ माहौल बनाने के लिए भाजपा दूसरे दलों के नेताओं व पूर्व ब्यूरोक्रेट्स को पार्टी में शामिल करवा रही है। वहीं दूसरी तरफ उनके अपने ही वरिष्ठ नेताओं की बयान बाजी पार्टी पर भारी पड़ रही है। कैलाश मेघवाल, देवीसिंह भाटी, सूर्यकांता व्यास यह सभी नेता पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाते हैं। इनको लेकर पार्टी में बेवजह चल रही बयानबाजी से वसुंधरा राजे भी नाराज बताई जा रही है। वसुंधरा राजे समर्थकों का मानना है कि भाजपा के नेताओं द्वारा ही वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ बेवजह बयानबाजी कर उनकी उपेक्षा करने से पार्टी कमजोर होगी।

अर्जुन राम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत जैसे नेता जो केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण मंत्री भी है। उनको तो सबको साथ लेकर चलने की नीति अपनानी चाहिए। मगर वरिष्ठ नेता स्वयं ही बेवजह की बयान बाजी कर विवादों को जन्म दे रहे हैं। राजस्थान भाजपा में चल रहे मौजूदा घटनाक्रम के कारण ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जन संकल्प परिवर्तन यात्राओं से भी दूरी बना ली है। उनके समर्थक भी यात्राओं में नाम मात्र की उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं।

एक तरफ तो भाजपा सुभाष महरिया, ज्योति मिर्धा, सवाईसिंह चौधरी जैसे दिग्गज जाट नेताओं को पार्टी में शामिल करवा कर प्रदेश में कांग्रेस को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ उनके अपने ही नेता पार्टी में एक दूसरे की टांग खींचने में लगे हुए हैं। भाजपा में व्याप्त अंदरूनी गुटबाजी को थामने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कई बार राजस्थान का दौरा कर मीटिंग ले चुके हैं। उसके उपरांत भी भाजपा में आपसी टांग खिंचाई पर रोक नहीं लग पाई है।

राजस्थान में भाजपा के पास पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के अलावा ऐसा कोई लोकप्रिय चेहरा नहीं है जिनको आगे कर वह चुनाव जीत सके। भाजपा आलाकमान वसुंधरा राजे को चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ना चाहता है। इसी कारण पार्टी सामूहिक नेतृत्व की बात कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान की कमान अपने हाथों में थाम रखी है। वह चाहते हैं कि अगला विधानसभा चुनाव उनके चेहरे व कमल के निशान पर लड़ा जाए। किसी एक को नेता प्रोजेक्ट नहीं किया जाए। इसी के लिए प्रधानमंत्री स्वयं बार-बार राजस्थान की यात्रा कर जन सभाओं को संबोधित कर रहे हैं जिससे भाजपा के पक्ष में माहौल बनाया जा सके।

राजस्थान में भाजपा पहले वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटना चाहती थी। मगर जिस तरह से कैलाश मेघवाल, सूर्यकांता व्यास ने खुलकर चुनाव लड़ने की बात कही है उससे पार्टी आलाकमान को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है। कैलाश मेघवाल व सूर्यकांता व्यास 90 साल से अधिक उम्र के होने के बावजूद पूरी तरह राजनीति में सक्रिय है। यदि भाजपा आलाकमान अगले विधानसभा चुनाव में इन नेताओं के टिकट काटता है तो कर्नाटक की तरह राजस्थान में भी वरिष्ठ नेता बगावत कर सकते हैं। कैलाश मेघवाल, सूर्यकांता व्यास सहित बहुत से वरिष्ठ नेताओं का मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से संपर्क बना हुआ है। जिससे भाजपा को आशंका होने लगी है कि यदि इनका टिकट काटा गया तो वो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकते हैं।

कर्नाटक विधानसभा के चुनाव में करारी हार झेलने के बाद भाजपा आलाकमान भी हर कदम सोच समझ कर उठाने को मजबूर हो गया है। पार्टी आलाकमान को इस बात का एहसास हो गया है कि राजस्थान का मौजूदा नेतृत्व विधानसभा चुनाव जीतवाने में सक्षम नहीं है। जब तक पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को साथ नहीं लिया जाएगा तब तक राजस्थान में कांग्रेस को हरा पाना मुश्किल होगा। मौजूदा राजनीतिक समीकरण से लग रहा है कि अब भाजपा पुराने नेताओं को फिर से टिकट देने जा रही है। पार्टी नेतृत्व नहीं चाहता है की टिकट काटकर नेताओं को बगावत का अवसर दिया जाए।

राजस्थान विधानसभा का चुनाव जीतना है तो भाजपा आलाकमान को अर्जुन राम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत जैसे बयानवीर नेताओं के बयानों पर रोक लगानी होगी। पार्टी में सौम्य छवि व जनाधार वाले नेताओं को आगे कर चुनाव मैदान में उतरना होगा। तभी भाजपा मजबूत हो पाएगी।



**आलेखः-रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# एक हफ्ते के अंदर मिलेंगे आय, जाति और निवास प्रमाणपत्र

**समाज जागरण**

लखनऊ, 21 सितंबरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं को तय समय सीमा के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सेवाओं के लिए निर्धारित तय समय सीमा को कम करने की बात कही। ऐसे में जल्द ही निर्धारित तय समय सीमा को कम करने का आदेश जारी किया जा सकता है। वहीं तय समय सीमा के बाद लंबित मामलों को लेकर जिलाधिकारियों को जवाबदेही तय करने को कहा है। उन्होंने जिलाधिकारियों को ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के निस्तारण में हीलाहवाली और लेटलतीफी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश सीएम कमांड सेंटर और डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक के दौरान दिये। ऐसे में अब प्रदेशवासियों को जाति, निवास, आय और हैसियत प्रमाण पत्र के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

## ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के आवेदन में न हो हीलाहवाली

समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष ई डिस्ट्रिक्ट की सेवाओं का खाका प्रस्तुत किया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ई डिस्ट्रिक्ट के तहत प्रदेश में जनवरी से अब तक 61,32,976 जाति प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे तहसीलदार द्वारा 15 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 59,13,420 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 96 प्रतिशत है। वहीं 2,12,227 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 7,329 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। इसी तरह जनवरी से अब तक 76,45,970 निवास प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे उपजिलाधिकारी द्वारा 20 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 73,70,019 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 96 प्रतिशत है। वहीं 2,61,119 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 7,832 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। वहीं जनवरी से अब तक 77,62,086 आय प्रमाण पत्र के आवेदन प्राप्त हुए। जिन्हे तहसीलदार द्वारा 15 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 74,31,669 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 95 प्रतिशत है। वहीं 2,75,433 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 54,984 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। हैसियत प्रमाण पत्र के जनवरी से अब तक 31,853 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिन्हे जिलाधिकारी द्वारा 45 दिनों में जारी किया जाता है। अब तक 31,853 आवेदन को निस्तारित किया जा चुका है, जिसका रेश्यो 58 प्रतिशत है। वहीं 3,421 आवेदन तय समय सीमा में लंबित हैं जबकि 9,765 आवेदन तय समय सीमा के बाद भी लंबित हैं। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर ई डिस्ट्रिक्ट की सेवाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के निस्तारण की समय सीमा काफी अधिक है, इसे कम करने का निर्देश दिये। सीएम योगी ने ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं की समय सीमा एक हफ्ते में करने को कहा है। इन आवेदनों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। साथ ही इनके निस्तारण का रेश्यो शत प्रतिशत किया जाए।

**- योगी सरकार ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के लिए निर्धारित समय सीमा में करेगी बदलाव**

**- सीएम ने ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के लिए निर्धारित समय सीमा (15 से अधिकतम 45 दिन) को एक हफ्ते करने का दिया निर्देश**

**- सीएम ने सभी जिलाधिकारियों को इन सेवाओं में हीलाहवाली करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के दिये निर्देश**

## तय समय सीमा के अंदर जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र जारी करने में सीतापुर अव्वल

आईजीआरएस (जनसुनवाई समाधान प्रणाली) की रिपोर्ट के अनुसार जाति प्रमाण पत्र के आवेदन तय समय सीमा के अंदर जारी करने में प्रदेश के टॉप तीन जिलों में क्रमशः बांदा, सीतापुर और अमेठी शामिल हैं जबकि बॉटम तीन जिलों में औरैया, गाजियाबाद, लखनऊ है। इसी तरह निवास प्रमाण पत्र के आवेदन के निस्तारण में टॉप तीन जिलों में सीतापुर, बांदा और कन्नौज शामिल हैं जबकि बॉटम तीन जिलों में औरैया, लखनऊ, जालौन हैं। आय प्रमाण पत्र के आवेदन के निस्तारण में टॉप तीन जिलों में सीतापुर, बांदा और शाहजहांपुर हैं जबकि बॉटम तीन जिलों में औरैया, गाजियाबाद, कौशांबी हैं। वहीं हैसियत प्रमाण पत्र के आवेदन के निस्तारण में टॉप तीन जिलों में शामली, गाजियाबाद और हरदोई शामिल हैं

# यूपी ट्रेड शो में आए एग्जिबिटर्स बोले, योगी जैसा कोई नहीं

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ, 21 सितंबर।** ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में गुरुवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आगाज हो गया। प्रदेश भर से आए 2000 से ज्यादा एग्जिबिटर्स ने देश और दुनिया के उद्यमियों के सामने अपने उत्पाद प्रस्तुत किए। आयोजन में ओडीओपी उत्पाद और पारंपरिक कला से जुड़े उत्पादों की खास धमक दिख रही है। मुरादाबाद की पीतल के बर्तनों पर की गई नक्काशी हो या



बनारस के पारंपरिक लकड़ी के खिलौने, मेरठ की क्रिकेट गेंद हो या आजमगढ़ के मिट्टी के बर्तन, देश और दुनिया से आए कारोबारियों को लुभा रहे हैं। आयोजन में भाग ले रहे एग्जिबिटर्स का कहना है कि योगीजी के शासन कौशल की जितनी तारीफ की जाए कम है। उन्होंने गरीब और हम जैसे पारंपरिक कला से जुड़े लोगों के कल्याण के लिए जितना काम किया, प्रदेश की अब तक की सरकारें नहीं कर पाई थीं। इस तरह के अंतरराष्ट्रीय शो के माध्यम से स्थानीय कलाओं को प्रोत्साहन मिलेगा और कला से जुड़े लोगों के लिए नए मौके खुलेंगे।

पीतल के बर्तन पर नक्काशी के लिए प्रसिद्ध मुरादाबाद के खूब सिंह यादव का कहना है कि इस तरह के आयोजन से पारंपरिक कला का विकास होगा। उन्होंने बताया कि उनके पूरे परिवार का जीविकोपार्जन इसी कला के माध्यम से होता है। विधि से स्नातक करने के बाद भी पारंपरिक कला को ही आय का साधन बनाने वाले यादव ने कहा कि योगीजी के मुख्यमंत्री बनने के बाद से पारंपरिक कलाओं और कलाकारों को काफी प्रोत्साहन मिला है। सही मायने में कहें तो उनके जैसा न पहले कोई मुख्यमंत्री हुआ और न भविष्य में होगा। सरकार की तरफ से आज कई स्किल डेवलपमेंट के प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं, जिससे हमें अपने उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग और मार्केटिंग में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शो के माध्यम से विदेशों में अपने उत्पादों को पहुंचाने में मदद मिलेगी।

बनारसी लकड़ी के खिलौने का स्टॉल लगाने वाले





रामेश्वर सिंह भी प्रदेश के पहले अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो के आयोजन से काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं कि केंद्र में नरेंद्र मोदी जी की सरकार और प्रदेश में माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में हम जैसे पारंपरिक कला से जुड़े कारिगरों को काफी प्रोत्साहन मिला है। 2014 में लकड़ी के खिलौनों को जीआई टैग मिलने के बाद से इसकी मांग देश ही नहीं दुनिया में भी काफी बढ़ गई है। इस कला से जुड़े लोगों के आय में भी करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। केंद्र और प्रदेश सरकार की आसान ऋण योजना के माध्यम से

**एग्जिबिटर्स ने कहा, योगीजी के शासन कौशल की जितनी तारीफ की जाए कम है**

**पारंपरिक कला से जुड़े लोगों के कल्याण के लिए जितना काम किया, अब तक की सरकारें नहीं कर पाई थीं**

हम जैसे छोटे कारीगरों को भी एक बड़े कारोबारी के रूप में पहचान पाने का हक इसी सरकार ने दिया है।

काली मिट्टी के बर्तन बनाने की प्राचीन कला को सहेज रही आजमगढ़ की रीता प्रजापति ने बताया कि योगी सरकार पारंपरिक कलाओं को जीवित रखने और कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए कई बेहतर कदम उठा रही है। कोरोना जैसी भयंकर महामारी के मुश्किल दौर में भी सरकार ने उनके परिवार को इलक्ट्रॉनिक चाक और मिट्टी घोलने की मशीन दी थी। इस तरह के आयोजन से उन्हें अपनी कला को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाने का मौका मिल रहा है।

बिजनौर के कारोबारी मोहम्मद मतलूब कहते हैं कि पूर्व की सरकार की तुलना में योगी सरकार पारंपरिक कलाओं को आगे बढ़ाने पर अधिक ध्यान दे रही है। प्रदेश में पहली बार ऐसी सरकार आई है जो हम जैसे छोटे कारीगरों की मदद के लिए भी कई सारे कदम उठा रही है।

# जल जीवन मिशन के स्टाल के अंदर पहुंचे सीएम, राष्ट्रपति ने भी हर घर जल स्टाल को निहारा



**- ग्रेटर नोयडा में यूपी के पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो का आकर्षण बना "हर घर जल" गांव**

**- इंडिया एक्सपो मार्ट में पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के स्टाल पर सबसे पहले पहुंचे सीएम योगी**

**- नई ऊंचाइयों को छूती नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की हर घर जल योजना से यूपी में आये बदलाव का गवाह बना इंटरनेशनल ट्रेड शो**

**समाज जागरण**

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा। 21 सितम्बर यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जल जीवन मिशन के स्टाल पर प्रदर्शित "हर घर जल गांव" मॉडल राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिये भी आकर्षण का केंद्र बन गया। सीएम योगी जहाँ जल जीवन मिशन के स्टाल के अंदर पहुंचे वहीं राष्ट्रपति ने भी हर घर जल गांव के मॉडल वाले स्टाल को निहारा। इससे पहले गुरूवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट परिसर में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कि महत्वकांक्षी जल जीवन मिशन की "हर घर जल योजना" के स्टाल पर पहुंचे। स्टाल पर दिखाई दे रही नल की टोंटी और उसमें से हो रही स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति को देख वो वहीं पर रुक गए। उन्होंने वहां पर प्रदर्शित "हर घर जल गांव" का व्यापक निरीक्षण किया। सीएम ने "हर घर जल गांव" मॉडल में प्रदर्शित हर घर नल, गौशाला, प्राथमिक विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र में हर घर जल योजना से बदलते यूपी को देखा। इस अवसर पर नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव श्री अनुराग श्रीवास्तव और जल निगम (ग्रामीण) डॉ. बलकार सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दोनों अधिकारियों से नल कनेक्शन की संख्या और बुंदेलखंड की प्रगति भी पूछी।

पहली बार यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन की "हर घर जल योजना बड़े निवेशकों, उद्योगपतियों, देशी-विदेशी मेहमानों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। बदलते यूपी की नई तस्वीर पेश करता नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग का स्टाल आकर्षण का केंद्र बना रहा। इससे पहले स्टाल पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, सूचना विभाग के निदेशक शिशिर समेत शासन व सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी भी स्टाल पर हर घर जल गांव मॉडल देखने पहुंचे।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भी देखा हर घर जल गांव मॉडल

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु जैसे है कार्यक्रम स्थल पहुंची तो उन्होंने अपनी कार्ट को हर घर जल गांव मॉडल के सामने पहुँचने पर धीमी करने को कहा । उन्होंने स्टाल पर लगे हर घर जल गावं मॉडल को कुछ देर निहारा भी। उनके साथ बैठे सीएम योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन योजना से यूपी के ग्रामीणों को मिले लाभ की उनको जानकारी दी।

## मेहमान बोले “जरा सेल्फी हो जाए”

नोएडा के "यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो" में जल जीवन मिशन की स्टॉल वहां आये लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया। यूपी के "हर घर जल गांव" की झलक देख मेहमान हैरान रह गए । मिशन के स्टॉल पर पहुंचे निवेशक, उद्यमी के साथ महिलाओं व युवाओं ने बदलते यूपी की झलक के साथ सेल्फी लेकर अपने पलों को यादगार बनाया।

# अपने पोटेंशियल को पहचान चुका है उत्तर प्रदेश : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## सीएम योगी ने 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' के उद्घाटन समारोह को किया संबोधित

**समाज जागरण**

21 सितंबर, ग्रेटर नोएडा/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश अपने पोटेंशियल को पहचान चुका है। नए एक्सप्रेस वे, वाटरवे और एयरपोर्ट के माध्यम से उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से निकलकर समृद्ध राज्य की ओर कदम बढ़ा चुका है। साथ ही भारत की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। अब अपने स्केल को स्किल में बदलकर नए भारत का नया उत्तर प्रदेश अपने आप को प्रस्तुत कर रहा है। यह इंटरनेशनल ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के उन भावनाओं का प्रतिनिधित्व कर रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पिछले 6 वर्षों के अंदर यूपी ने प्राप्त की है। सीएम योगी ने गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में आयोजित 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि अगले 5 दिन तक इस ट्रेड शो में कई कार्यक्रम आयोजित होंगे। सीएम योगी ने कहा कि इस ट्रेड शो में 70 देशों के 70,000 से अधिक बिजनेस टू बिजनेस बायर्स रजिस्ट्रेशन हुए हैं। साथ ही दो हजार से अधिक एग्जिबिटर्स इसमें प्रतिभाग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में ट्रेडर्स और बायर्स के इस ट्रेड शो में आने से उत्तर प्रदेश के 96 लाख से अधिक एमएसएमई उद्यमियों को एक नई प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड शो उत्तर प्रदेश को भारत की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन और प्रस्तुत करने में सफल रहेगा।

सीएम योगी ने ट्रेड शो में आए ट्रेडर्स और बायर्स का स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपने परंपरागत कारीगरों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए कई



कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों के पास अपना यूनिक उत्पाद है। इन उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने

**नया उत्तर प्रदेश अपने स्केल को स्किल में बदलकर आज खुद को प्रस्तुत कर रहा है: सीएम योगी**

**सीएम ने कहा- बीमारू राज्य से निकलकर समृद्ध राज्य की ओर कदम बढ़ा चुका है उत्तर प्रदेश**

के लिए हमारी सरकार प्रदेश के 'एक जिला एक उत्पाद' योजना का संचालन ... रही है। इसी का परिणाम ...क आज उत्तर प्रदेश के 54 ...ादों की जीआई टैगिंग हो ...ी है। सीएम योगी ने कहा ...ले 17 सितंबर को ...नमंत्री मोदी ने देश के ...गरों और हस्तशिल्पियों को ...ान देने के लिए पीएम ...वकर्मा योजना की शुरूआत ...थी। उन्हीं की प्रेरणा से उत्तर ...ा पहले ही इस कार्यक्रम को ...ो बढ़ा चुका था। ...र्यक्रम में औद्योगिक विकास ... नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', ...म, लघु एवं मध्यम उद्यम के मंत्री राकेश सचान, लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री बृजेश सिंह समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

**21 सितम्बर 2023 लखनऊ।**

प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने गुरूवार को विधानसभा नवीन भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता को परखते हुए समयबद्ध रूप से कार्य पूरे कराये जाय। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग मे संचालित शादी अनुदान योजना में आयसीमा की तुलना अन्य विभागों में संचालित शादी अनुदान योजना से करते हुए आयसीमा एक जैसी रखी जाय। उन्होंने कहा कि एक जैसी आयसीमा होने से अधिक से अधिक पात्र पिछड़ा वर्ग के लोगों इससे लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जाय। इसके लिए सम्बन्धित विभागों से समन्वय भी स्थापित किया जाय। उन्होंने कहा कि विभाग में संचालित योजनाओं से लाभाविन्त लाभार्थियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाय। वृहद स्तर पर विभागीय कार्यक्रमों का आयोजन कर संचालित योजनाओं का प्रदर्शित किया जाय। उन्होंने कहा कि विभागीय



अधिकारियों का वर्कशाप का आयोजन किया जाय। वर्कशाप के माध्यम से विभागीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं में उनके फीडबैक लिये जाय।

दिव्यांगजन मंत्री ने निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों के हितों के लिए नियमित रूप से मोबाईल कोर्ट का आयोजन विभिन्न जनपदों में किया जाय। उन्होंने कहा कि मोबाईल कोर्ट के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया, जिससे अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने दिव्यांगजनों को दी जा रही पेंशन के बारे में जानकारी ली और निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को समय से पेंशन की किस्त पहुंचाने का कार्य किया जाय।

पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने निर्देशित किया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण में संचालित ओ लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर कोर्स मे छात्रों की शत प्रतिशत बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज की जाय। उन्होने कहा कि विभाग के माध्यम से कम्प्यूटर कोर्स करने के बाद छात्र-छात्राओं को कहां-कहां रोजगार मिला, इसकी सूचना एकत्र की जाय। उन्होंने कहा कि पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित छात्रावासों का व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण करते हुए मरम्मत कार्य कराया जाय।

बैठक में प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण सुभाष चन्द्र शर्मा, विशेष सचिव एवं निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेन्द्र एस चौधरी, विशेष सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण सुनील कुमार चौधरी, राज्य आयुक्त दिव्यांगजन अजीत कुमार, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ. वन्दना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पवन कुमार द्वारा हनुमान मंदिर का नव निर्माण कार्य संचालित

**समाज जागरण**

गोरखपुर मुख्यमंत्री के गृह जनपद के जंगल कौडिया विकास क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भीटी तिवारी मे बने वर्षो पूर्व हनुमान जी के जर्जर होने के कारण मंदिर परिसर भवन जर्जर होने से मंदिर मे पूजा अराधना करना मुस्की हो रहा था मंदिर का हाल बेहाल देख कर भीटी तिवारी निवासी स्वर्गीय श्री रामयश गार्ड पुत्र श्री दुर्गेश पास-ावान उर्फ पवन कुमार पासवान द्वारा नव मंदिर हनुमान जी का निर्माण कार्य संचालित किया गया जय श्रीराम बोलते हुये मंदिर कार्य



पूर्ण करने का लिया निर्णय पवन कुमार निवासी भीटी तिवारी विकास खंड जंगल कौडिया थाना पीपीगंज तहसील कैम्पियरगंज कौन कहता है की आसमान मे सुराग नही होता पंखों से कुछ नही होता हवसलो से उ-ड़ान होते है पवन

# फल एवं सब्जी व्यापार मंडल की बैठक हुई सम्पन्न,

**आशु खरवार /समाज जागरण**

रसड़ा (बलिया) बृहस्पतिवार को नवीन कृषि मण्डी स्थल में फल एवं सब्जी विक्रेताओं की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मण्डी परिसर के अन्दर एवं बाहर के मुख्य सड़क, नाली का निर्माण, प्रकाश की व्यवस्था, सुलभ शौचालय एवं खराब पड़े इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प को अविलम्ब मरम्मत कराकर चालू कराने आदि से संबंधित गत 18 सितम्बर को व्यापार कल्याण समिति द्वारा सभापति मण्डी समिति को दिये गये पत्रक पर चर्चा की गई। अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने कहा कि सभापति के आदेश के क्रम में सचिव ने उपनिदेशक (निर्माण), कृषि उत्पादन मण्डी समिति आजमगढ़ को पत्र



लिखा है। बताया कि अगर 15 दिनों में पत्रक पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो मण्डी के व्यापारी आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस अवसर पर व्यापार कल्याण समिति के संरक्ष-ाक सुरेश चन्द, महामंत्री विनोद शर्मा, वरिष्ठ सदस्य गोपाल जी, कृष्ण कुमार गुप्त एवं आशुतोष सोनी आमंत्रित अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर फल एवं सब्जी व्यापार मंडल के नूर अली, जमशेद आलम, रिजवान अली, शौकत अली, मुमताज अहमद, जुल्फिकार अहमद, शब्बीर अहमद, वकील अहमद शकील, अमजद अली, नमजद अली रहमान आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता मोहम्मद युनूस ने की तथा संचालन मजहर अली ने किया।

# नोएडा : गणपति हुए विराजमान,सेक्टरों का माहौल हुआ भक्तिमय

**समाज जागरण**

नोएडा :बुद्धिविनायक भगवान गणेश उत्सव के अवसर पर हर तरफ माहौल भक्तिमय है। जगह जगह लोगों ने भगवान श्री गणेश जी के पूर्जा अर्चना कर रहे है। नोएडा सेक्टर 55 निवासी अंकुर और युक्ति खट्टर ने भी गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणपति विराजमान किया है । जिसके कारण पूरा सेक्टर भक्तिमय हो गया है । इस



पूजा को लेकर पूनम गोयल ने बताया है कि गणेश चतुर्थी का यह उत्सव सभी के लिए मंगलदायक होता है। भगवान श्री गणेश लोगों के बाधाओं को दूर करते है। यह बेहद ही सादगी तथा सदभाव के साथ जीने की प्रेरणा सीखाता है।

इस अवसर पर पुनम गोयल, मोनिका बंसल, राधा अग्रवाल, अंबिका, छाया, अंशु, विशिखा, नेहा, रुचिका, निधि, स्वेता आदि मौजूद रही।

# अश्वनी जैन बने नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के कार्यालय पर नगर पालिका परिषद सिरसागंज की अध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह, अधिशासी अधिकारी सुश्री सुरभि पाण्डेय, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार, प्रधान लिपिक निखलेश जैन द्वारा भारत सरकार के महत्वपूर्ण जन जागरूक अभियान में से एक स्वच्छ भारत अभियान को अग्रसर करने हेतु श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें स्वच्छ भारत अभियान का ब्राण्ड एम्बेसडर मनोनीत किया।

श्रीमती रंजना सिंह ने बताया कि श्री जैन जनपद में विज्ञान के कार्यो के साथ विभिन्न सामाजिक कार्य पूर्ण निष्ठा एवं परिश्रम के साथ निर्वहन करते हैं। उनके द्वारा पूर्व में भी



विद्यालय स्तर एवं जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के माध्यम से स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम जैसेः- स्वच्छता शपथ, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, प्लास्टिक से सम्बंधित कार्यक्रम भी समय समय पर आयोजित किए जाते हैं।

अश्वनी कुमार जैन ने समस्त जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती रंजना सिंह, प्रमुख समाजसेवी डॉ गुरुदत्त सिंह, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, सुश्री सुरभि पाण्डेय, राकेश कुमार, निखलेश जैन एवं समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए नगर सिरसागंज के समस्त नागरिकों से अपील की है कि आओ मिलकर अभियान चलाएं, सिरसागंज को स्वच्छता में नम्बर एक बनाएं। इस अवसर पर कु तृप्ति उपाध्याय, मोहित कुमार, शुभम पोरवाल, विनीत सिंह, लल्लू सिंह आदि समस्त नगर पालिका परिषद सिरसागंज स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा मनाएगी 17 सितंबर से सेवा पखवाड़ा

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबादभारतीय जनता पार्टी जिला व महानगर की जिला कार्य योजना की बैठक जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार की संयुक्त अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय मोड़ा कनेटा पर सम्पन्न हुई । बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार ने का जिला प्रभारी नागेन्द्र दुबे गामा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71 वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जनपद। फिरोजाबाद के प्रत्येक ग्राम सभाओं व वार्डो में आयोजित किया जायेगा ।। " सेवा पखवाड़े " अभियान के अंतर्गत प्रत्येक मण्डल व शक्ति केंद्रों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे ।। जिला प्रभारी नागेन्द्र दुबे गामा ने जिला कार्य योजना बैठक में जिला पदाधिकारियो एवं मंडल अध्यक्षों से संवाद कर आगामी कार्ययोजना पर सक्रिय रहकर केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व वाली मोदी सरकार व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मा. योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार की



जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुचाने के लिए कार्य करे । जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार ने पार्टी के सभी पदाधिकाकारियों और मंडल अध्यक्षों व बूथ अध्यक्षो से आह्वान किया कि " बूथ सशक्तिकरण " अभियान को प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रहकर पार्टी को मजबूती प्रदान करे। और बूथों पर प्रवास करें । निमित्त इस अभियान के निमित्त पार्टी के जिला पदाधिकारी एवं पार्टी के वरिष्ठजनों को जिम्मेदारियां सौपी ।। इस दौरान प्रमुख रूप से विधायक टूंडला प्रेम पाल सिंह धनगर , हरिओम यादव पूर्व विधायक , ओम प्रकाश वर्मा पूर्व विधायक , डॉ लक्ष्मी नारायण यादव , महेश राजपूत , सुनील टण्डन , सुनील शर्मा , दीपक चौधरी , अविनाश सिंह भोले , हनुमन्त सिंह बघेल , डॉ उम्मेद सिंह राजपूत , योगेश प्रताप सिंह , योगेंद्र चौहान , शशिकला यादव , विकास पालीवाल , शैलेन्द्र सिंह व सभी मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# जैन मंदिर तिराहे पर अवैध उगाही करते छह लोग किये गये गिरफ्तार

*सीओ सिटी कमलेश कुमार ने मीडिया को दी विस्तृत जानकारी*

## वायरल वीडियो से मामला आया चर्चा में, उसको लेकर भी का रही तथ्यों की जांच

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। सोशल मीडिया पर आटो चालकों से अवैध उगाही का एक वीडियो वायरल होने मामले को संज्ञान में लेकर पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है।



इस संबंध में सीओ सिटी कमलेश कुमार ने बताया कि जैन मंदिर तिराहा पर गरीब ऑटो वालों व सवारियों से कुछ पैसे वसूलने का वीडियो वायरल हुआ था उसको लेकर कार्यवाही करते हुये लगभग छह लोगों को हिरासत में लिया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है बाकी ये भी जांच करेंगे जो पुलिसकर्मी वहां तैनात थे क्या उनकी जानकारी में नहीं था, वायरल वीडियो के तथ्यों की भी पूरी जांच की जायेगी। वीडियो में हजार पंद्रह सौ रुपए करीबन आटो वाले से लिये जा रहे हैं उसकी भी जांच की जायेगी।

# भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ।भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में मधुमक्खी पालन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, लखनऊ एवं लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ द्वारा किया गया। डा बी पी सिंह, प्रधान वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र, लखनऊ ने, कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा शान्तनु कुमार दुबे, निदेशक, भाकृअनुप अटारी, कानपुर रहे।

उन्होंने फार्मर्स प्रोडूसर्स आरगेनाइजेशन (एफ.पी.ओ.), की आवश्यकता एवं गठन पर प्रकाश डालते हुये बताया कि हमारे देश, एवं प्रदेश में घटती हुई जोत के आकार के कारण उन्नत कृषि तकनीक, एवं मशीनों का प्रयोग कम हो पा रहा है। तथा किसानों के किसी ठोस समूह में न होने के कारण, खेती में उत्पादन से लेकर बिक्री तक बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

डा शांतनु दुबे ने बताया की एफ.पी.ओ. के गठन से किसानों की जोखिम लेने की शक्ति बढ़ेगी, जिससे वे अच्छा उत्पादन कर सकेंगे तथा अपने उत्पाद को अच्छे दामों पर बाजार में बेच पायेंगे जिससे उनकी आमदनी में इजाफा होगा। उन्होंने कृषि उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं प्रमाणीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे किसानों को अपने उत्पाद का बढ़ा हुआ मूल्य बाजार में मिलेगा।

गोष्ठी में विशिष्ट अतिथियों, डा. रणजीत सिंह राजपूत उप निदेशक, एस.एफ.एसी., नई दिल्ली, डा. धन्नजय एम बाखले, पूर्व राष्ट्रीय सलाहकार मधुमक्खी पालन एवं



विपणन (एफ.पी.ओ.) ने बताया कि किसान खेती के साथ मधुमक्खी पालन कर अपनी आय में वृद्धि कर सकता है,जिसके लिए अनुसंधान केन्द्र पर समय समय पर किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

इसके अलावा, डा के लक्ष्मी राव (सेवानिवृत्त) सहा, निर्देशक, केन्द्रीय मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पुणे, महाराष्ट्र श्रीमती सुजना कृष्णमूर्ति, वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन, इडी, यूटीएमटी मुंबई सोसाइटी एवं डॉ. बलराम वर्मा, उपनिदेशक कृषि, लखनऊ ने किसानों को सम्बोधित करते हुए उनके लिए विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाजो एवं कार्यक्रमों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अखिलेश कुमार दुबे, अध्यक्ष, भाकृअनुप- कृषि विज्ञान केन्द्र, लखनऊ ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुस्लिम धरगुरुओं ने विगत दिनों सनातन धर्म में की थी घर वापसी।

**सामाजिक व धार्मिक बहिष्कार के चलते काजी ए शहर बिन्दकी ने मस्जिद में कलमा पढ़ाकर पुनः धर्मान्तरण कराते हुए इस्लाम धर्म में कराई वापसी।**

**धर्मान्तरण के बाद पुनः निकाह प्रक्रिया लाई गई अमल में धर्मान्तरण कराते हुए का वीडियो सोशल मीडिया में हुआ तेजी से वायरल।**

फतेहपुर/बिन्दकी : विगत 10 सितम्बर 2023 को चौडगरा आये अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य शिवाकान्त पण्डित कुछ दिन पहले ही इंग्लैंड से सनातन धर्म का प्रचार प्रसार करके लौटे थे जिनका कुछ मुस्लिम धर्मगुरुओं ने स्वागत किया जिसके बाद आचार्य शिवाकान्त पण्डित ने सभी मौजूद लोगों को पीताम्बर अंगवस्त्र धारण करा उन्हें तिलक लगाया आचार्य ने बताया कि कई मुस्लिम परिवारों ने स्वतः ही सनातन धर्म अपनाया है आचार्य बोले कि इस जागरूकता से धीरे धीरे बड़े समाज की घर वापसी होगी। धीरे धीरे यह खबर आग की तरह फैलनी शुरू हो गयी कि मुस्लिम धर्मगुरुओं ने सनातन धर्म में घर वापसी कर ली मानो जैसे सीनों में सांप लोट गए हों हर जगह विरोध के सुर अन्दर खाने गूंजने लगे अपने प्रति विरोध बढ़ता देख सनातन धर्म मे घर वापसी किये मुस्लिम धर्मगुरु ने एक वीडियो बयान जारी कर माफी ( तौबा ) मांगते नजर आए इसके बाद भी लोगों का गुस्सा थमने का नाम ही नहीं ले रहा था जिसके बाद सामाजिक व धार्मिक बहिष्कार भी गुपचुप तरह से अन्दरखाने शुरू हो गया काफी दबाव के बाद एक मुस्लिम धर्मगुरु को



बिन्दकी की एक मस्जिद में काजी ए शहर बिन्दकी ने पुनः इस्लाम धर्म में धर्मान्तरण कराया व दोबारा निकाह कराए जाने को कहा जहां दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित रहे लेकिन अन्य तीन मुस्लिम धर्मगुरु नदारद रहे जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो गया अब सवाल यह उठता है कि दोबारा निकाह की सजा किसी बेबस,लाचार महिला को क्यों ? मुस्लिम धर्मगुरुओं की गलती की सजा महिला क्यों भुगते ? इन सबमें महिला का क्या दोष ? दूसरा निकाह की आड़ में न जाने कितनी महिलाओं के साथ अब तक हो चुका अन्याय ? क्या टीका मात्र लगा देने से टूट जाता है निकाह तो विगत नगर पालिका चुनाव में जीतीं मुस्लिम सभासद महिलाओं को केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने शपथ ग्रहण के दौरान टीका लगाकर मुंह मीठा कराया था क्या उनका भी दोबारा निकाह कराया गया ? क्या उन्हें भी दोबारा धर्मान्तरण कराते हुए इस्लाम धर्म में वापसी कराई गई यदि कराई गई तो उसका वीडियो काजी ए शहर बिन्दकी ने सोशल मीडिया में वायरल क्यों नहीं करवाया दूसरा निकाह मतलब हलाला से गुजरना ऐसे कई मामले हैं जो प्रकाश में नहीं आ पाते हैं कुछ तो इसके खिलाफ बोलना चाहते हैं मगर हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं धर्म का डर दिखाकर लोगों को डरा रखा गया है ऐसे तो सैकड़ों मुस्लिम परिवार होंगे जिनके प्रतिदिन टीका लगवाने से निकाह टूट जाते होंगे और फिर उन परिवार की महिलाओं को हलाला जैसी प्रक्रिया से न चाहते हुये भी गुजरना पड़ता है लेकिन इन सभी के खिलाफ आवाज उठाने की जुर्रत करे कौन आखिर उन महिलाओं का भी दोबारा निकाह कराया गया या नहीं इसका तो पता नहीं लेकिन इस धर्मान्तरण के वायरल वीडियो से एक बात तो साफ हो गयी कि आज भी पुरानी रीति रिवाज तेजी से प्रचलन में है लोगों को इतना डरा रखा गया है कि कोई भी इसके खिलाफ बोल नहीं सकता।

# सफलता की पहली सीढ़ी शिक्षा ही होती हैः डॉ. गीता यादव

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। कोमल फाउंडेशन ने अपना सातवां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कोमल फाउंडेशन द्वारा एवं जेएस विश्वविद्यालय शिकोहाबाद के सहयोग से संचालित बाल शिक्षा केंद्र जैन नगर पर निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे नन्हे- मुन्हें बच्चों के बीच मनाया।



स्थापना दिवस कार्यक्रम में जेएस विश्वविद्यालय की चेयरमैन डॉ. गीता यादव, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया फिरोजाबाद के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक विवेक कुमार, दक्षिण थाना प्रभारी नरेन्द्र शर्मा, कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं विवेकानंद राज्य युवा पुरस्कार विजेता अश्वनी कुमार राजौरिया तथा एसडी मेमोरियल स्कूल के निर्देशक सौरभ लहरी द्वारा सभी नौनिहालों के बीच केक काटकर और पाठ्य सामग्री व बिस्किट, चिप्स, डाबर रियल मैंगो जूस वितरण कर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ कोमल फाउंडेशन के सातवें स्थापना दिवस को मनाया गया।

कार्यक्रम में जेएस विश्वविद्यालय की चेयरमैन डॉ. गीता यादव ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिससे हम अपने जीवन को बेहतर एवं उज्जवल बना सकते हैं इसलिए शिक्षा की मुख्यधारा से हर बच्चा अवश्य जुड़े क्योंकि शिक्षा पाना हर बच्चे का अधिकार है तथा इंसान की सफलता की पहली सीढ़ी शिक्षा ही होती है।

# भाकियू लोकशक्ति युवा मोर्चा के अध्यक्ष बने अतुल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला महासचिव पुष्पेंद्र यादव को जिला अधिवक्ता संगठन



फतेहपुर के चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर स्वागत किया गया और सम्मानित किया गया वहीं भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति युवा मोर्चा का जिला अध्यक्ष अतुल यादव को चुना गया वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया और जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह पटेल ने कहा की सूखा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में किसानों की फसलों का सर्वे कर मुआवजा दिया जाए और किसानों का कर्ज पूर्ण रूप से माफ कर दिए जाए इन मांगों पर जोर दिया गया वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि वह किसानों की हित की लड़ाई लड़ेंगे इस मौके पर राजेंद्र पासवान व चंद्रपाल,हाकिम सिंह, सूरजभान पाल अंजू प्रजापति और सरस्वती देवी एवं फूलमती देवी आदि लोग मौजूद रहे

# नगरा की धरती पर पहलवानों ने दिखाए दांव-पेंच

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर कई राज्यों से आए पहलवान,थाना अध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौजूद रहे

हथगाम/फतेहपुर 21सितम्बर। विकास खण्ड के सराय साबा नगरा की धरती पर बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी आयोजित दंगल में देश के कोने कोने से आये पहलवानों ने कुश्ती के दांव के प्रदर्शन के साथ एक दूसरे को पटकनी लगाकर वाहवाही बटोरी।दंगल में दर्शकों की अपार भीड़ बनी रही।ग्राम प्रधान एवं वरिष्ठ शिक्षक रहे मान सिंह यादव ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया।साथ ही पहलवानों का भी सम्मान किया गया।इसके पहले विधायक श्रीमती उषा मौर्य के सुपुत्र विकल्प मौर्य ने पहली कुश्ती तथा सपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव एडवोकेट एवं नगर पालिका परिषद फतेहपुर के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने पहलवानों से परिचय कर दूसरी कुश्ती का आगाज कराया।इस ऐतिहासिक दंगल में थाना अध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ अंत तक मौजूद रहे।

विकास खण्ड के सराय साबा नगरा की धरती पर श्री ठाकुर बाबा सेवा समिति के तत्वावधान में बीते वर्षों की भांति प्रधान मान सिंह यादव के संयोजन में दंगल आयोजित हुआ। जिसमें देश के कोने कोने से आये लगभग एक सैकड़ा नामी गिरामी



पहलवानों ने भाग लिया।दंगल में दर्शकों की अपार भीड़ रही।दंगल में पहलवानों ने अपने -अपने दांव के माध्यम से एक दूसरे को पटकनी लगायी।रविकांत कानपुर और मोती दिल्ली के पहलवानों के बीच कांटे शानदार कुश्ती हुई इसमें कोई विजई नहीं हुआ।थामा नेपाल और सोनू राजस्थान के बीच मुकाबला हुआ थापा ने विजय हासिल की।गोपी वाराणसी एवं परवेज सहारनपुर की बराबर की कुश्ती हुई।

रिजवान गनी जम्मू और मुन्ना टाइगर राजस्थान के बीच बड़े दांव पेच के साथ कुश्ती हुई जिसमें रिजवान गनी ने मुन्ना टाइगर को पटकनी देकर विजय हासिल की।कल्लू सिंह लमेहटा और संदीप ग्वालियर के बीच कुश्ती बराबर की रही।बाबा लाडी अयोध्या और लिट्टी पन्जाब की कुश्ती में बाबा लाडी विजयी हुए।जगरूप सिंह पंजाब ने नैपाल थापा को पटकनी देकर विजय हासिल की।थानाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह सहित पुलिस बल की उपस्थिति से सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही।निर्णायक की भूमिका अजय पहलवान और ननकाई पहलवान लमेहटा ने निभाई।

दंगल में सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव,नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजकुमार मौर्य,विधायक पुत्र विकल्प मौर्य,राजेश सिंह प्रधान, नेपाली सिंह,धीरेंद्र सिंह यादव, प्रधान रामू सिंह फौजी,बीडीसी इंग्लेश कुमार, कमलेश कुमार,मान सिंह,मानसिंह डिहुवा, निर्भय सिंह प्रधान कमल सिंह यादव कमल सिंह यादव शिक्षक संतोष कुमार,अवधेश कुमार,रिंकू सिंह,कमल सिंह नवल सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस महेंद्र सिंह,प्रधान पुत्र प्रमोद विक्रम सिंह,पंकज सिंह आदि ने इस आयोजन में सहयोग किया।क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

# जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने तहसील खागा के उप जिलाधिकारी न्यायालय, संग्रह कक्ष, नजारत अनुभाग, मलखाना, उप जिलाधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने तहसील खागा के उप जिलाधिकारी न्यायालय, संग्रह कक्ष, नजारत अनुभाग, मलखाना, उप जिलाधिकारी कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सम्मन रजिस्टर, नीलामी रजिस्टर, तामिला रजिस्टर, आर0सी0 रजिस्टर, संग्रह रजिस्टर, स्वामित्व(घरौनी) रजिस्टर, वाद रजिस्टर, घरौनी के लिए बनाए गए नक्शे आदि को देखा। उन्होंने कहा कि रजिस्टर जो कलम बनाए गए है उसमे कालम के उपर हेडिंग व सही प्रोफार्मा में भरे। अभिलेखों को रखने के लिए आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अलमिरा का क्रय कर ले साथ ही कक्षों को रखे टूटे खराब फर्नीचरो को हटा कर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निष्प्रयोज्य कराए। अभिलेखों का



सही से रख रखाव किया जाय। अलमिरा में जो पत्रावली रखी है उसमे नाम सहित स्टीकर लगाकर रखे ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत मिल सके। तहसील में ऑनलाइन माध्यमों से हो रहे कार्यों को अपने सामने कंप्यूटर खुलवाकर देखा। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि तहसील के कक्षों की साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे साथ ही नायब तहसीलदार के धारा-34 के अंतर्गत लंबित वादो का समय से नियमानुसार निस्तारण कराए और निस्तारण किए वादों की रिपोर्ट जांच करते हुए नायब तहसीलदार के क्षेत्र वाइज रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने कहा आईजीआरएस, मुख्यमंत्री संदर्भ व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतो का निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक ही करे।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खागा नंदप्रकाश मौर्य, तहसीलदार रविशंकर यादव, नायब तहसीलदार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# चौबीस घंटे के अंदर गोलीकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। शहर क्षेत्र के पीरनपुर मोहल्ले में बुधवार की रात हुए गोली काण्ड के मामले में कोतवाली व एसओजी की सयुक्त टीम ने चौबीस घण्टे के अंदर ही मुख्य आरोपी सहित दो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताते चले की बुधवार की रात लगभग दस बजे पीरनपुर मोहल्ला निवासी नईम पुत्र स्व0 लल्लन को मोहल्ले के ही सैकी उर्फ रज्जू कबाडी ने अपने साथी शिवम सिह स्व0 जुगराज सिह निवासी मवई थाना हुसेनगंज के साथ मिल गोली मार दी थी जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घायल अवस्था में सदर अस्पताल लाया गया जहा से उसे कानपुर रिफर कर दिया हालत ठीक न होने पर उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। उधर इस घटना को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि गोली काण्ड के दो आरोपियो को कोतवाली व एसओजी की सयुक्त टीम ने चौबीस घण्टे के अन्दर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# अवैध रूप से गुटखे का चल रहा कारोबार, अधिकारी मौन

## *खागा नगर क्षेत्र में संचालित हो रही है अवैध गुटका फैक्ट्री*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर खागा। अवैध गुटखे के कारोबार का खेल खागा नगर में थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां एक वर्ष से लगातार अवैध गुटखा फैक्ट्री चलाई जा रही है। जिससे अधिकारी अनजान बने हुए हैं। गुटके की बिक्री आसपास के जिलों में धड़ल्ले से की जा रही है। जानकारी के अनुसार सराफा गली में रात के अंधेरे में अवैध गुटखा फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। जहां से भारी मात्रा में अवैध गुटकों की खेप आसपास के जनपदों में भेजी जाती है जानकारी रहने पर भी उत्पाद विभाग संचालित हो रही अवैध गुटका फैक्ट्री पर छापेमारी नहीं कर रही है। इसका परिणाम है कि हर रोज लाखों रुपए का अवैध कारोबार चल रहा है। जिससे राजस्व की हानि के साथ ही लोगों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ हो



रहा है। आसपास के जिलों में तंबाकू मिश्रित गुटखा बाकायदा पाउचों में पैक होकर बाजार में बेचा जा रहा है। जिसका नाम गदर पान मसाला है। उक्त गुटखे के पाउच में कोई वैधानिक चेतावनी तक नहीं लिखी। सादा पान मसाले पर भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होने की चेतावनी लिखी जानी चाहिए। परंतु जब गुटके के पाउच पर पान मसाला ही ना लिखा हो तो ऐसे में ना तो कोई चेतावनी रखनी पड़ेगी और ना ही इसके लिए कोई राजस्व अदा करना पड़ेगा। सूत्रों की माने तो विभागीय अधिकारियों की सांठगांठ से ये धंधा चल रहा है। ऐसे में गुटखे कारोबारी तो मालामाल हो रहे हैं। पर सरकार और लोगों को चपत लग रही है

### क्या बोले जिम्मेदार

इस मामले में जानकारी नहीं है। यह गंभीर मामला है। संबंधित विभागीय अधिकारियों से पूरी जानकारी करके जांच कराई जाएगी। छापा डालकर अवैध गुटखा बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अगर किसी अधिकारी कर्मचारी के लिप्त होने की पुष्टि हुई तो उसके खिलाफ भी कार्यवाही होगी।

# दस बीस रुपए में दिनभर के लिए बिकता है फुटपाथ

*एसडीएम साहब एक नजर इटवा चौराहे पर*

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। एसडीएम साहब शायद आपको यकीन ना होगा लेकिन इस बात को नकारा भी नहीं जा सकता है कि दस बीस रुपए में इटवा कस्बे में मेन रोड की फुटपाथ दिन भर के लिए बिकी रहती है। शायद यही वजह है कि इटवा कस्बे के मेन चौराहे पर आए दिन लाइलाज बीमारी बनी जाम की समस्या देखने को मिलती है। तो ऐसे में बड़े दुकानदार अतिक्रमण की दम पर रकम कमा रहे हैं बताते चलें कि अतिक्रमण के चलते आए दिन कस्बे में भारी जाम




लग जाती है जिससे लोगों को घंटों तक जाम के समस्या में फंसना पड़ता है और कभी-कभी तो राहगीर आपस में तू तू मैं मैं कहा सुनी तक करने लगते हैं। लेकिन लाइलाज बनी जाम की बीमारी दस बीस में दिनभर के लिए फुटपाथ बिकने की वजह से ही है इस बात को नकारना नामुमकिन है। जबकि तहसील स्तर से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी अतिक्रमण की समस्या से वाकिफ हैं। बताते चलें कि अधिकारियों की उदासीनता जन चर्चा में है लेकिन सबसे अफसोस की बात यह है कि जब जिम्मेदार अधिकारी ही आक्रमण के प्रति इसी तरह उदासील रहेंगे तो लोगों को जाम की समस्या से निजात कैसे मिल पाएगा।

# नवसृजित नगर पंचायत खखरेरू में थाना के बगल सामुदायिक शौचालय निर्माण बना सो पीस

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेयी**

सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्य लिपाई पुताई कर आवारा पशुओं की तरह छोड़ दिया गया है जो मानक विपरीत है आज तक शौचालय को सुचारू रूप से चालू नहीं कराया गया जो कागजों की लिखा पढ़ी में सिमट कर सांसें



बन्द कर गया जो आने जाने वाले लोगों राहगीरों दुकानदारों को काफी समस्या होती है इस समस्या को जिम्मेदारों को कुछ भी नजर नहीं आता पानी का कनेक्शन नहीं होने से गन्दगी का अम्बार है जो शौचालय में हमेशा ताला लगा रहता है जो फोटो के माध्यम से देखा जा सकता है ये सरकार की योजनाओं का जिम्मेदार अपना जेब भरकर चुप्पी साध लिए है जब कि सरकार की योजनाओं को हर आमजन मानस को लाभ के लिए खर्च किया जाता है जो इस व्यवस्था को नाराक्तम साबित हो रहा है

# डॉक्टर बंगाली का क्लीनिक एसीएमओ द्वारा सील किया गया

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद प्राप्त जानकारी के अनुसार नजीबाबाद नगर के मौहल्ला मकबरा में एक बंगाली डॉक्टर द्वारा हजारों रुपये लेकर गलत उपचार करने की शिकायत पीड़ित गुलफाम निवासी कर्मसखेड़ी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा था कि बंगाली डॉक्टर ने हजारों रुपये लेकर बवासीर बीमारी का गलत उपचार किया। जिससे मरीज की तबियत ओर बिगड़ गई। शिकायत का निस्तारण व जांच करने के लिए बिजनौर से नजीबाबाद पहुचे एसीएमओ डॉक्टए राजेंद्र विश्वकर्मा ने मौहल्ला मकबरा स्थित बंगाली चिकित्सक की क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर बंगाली कोई भी डिग्री व रजिस्ट्रेशन कागजात नही दिखा पाया। एसीएमओ ने अवैध रुप से चिकित्सा कार्य करने के मामले में डॉक्टर आरके पोदार बंगाली की क्लीनिक को सील कर दिया।एसीएमओ डॉ. विश्वकर्मा ने बंगाली क्लीनिक को सील करते हुए तीन दिन का समय दिया और तीन दिन के भीतर सीएमओ कार्यालय आकर रजिस्ट्रेशन व सक्षम डॉक्यूमेंट प्रस्तुत करने का नोटिस दिया। एसीएमओ ने बताया कि शिकायतों के आधार पर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर यह कार्यवाही की गई है।



# बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर आवश्यक बैठक सम्पन्न

दैनिक समाज जागरण संभल।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय एकता विहार कॉलोनी संभल पर बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई बैठक में श्यामा प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपक प्रज्वलित किया गया बैठक की प्रस्तावना जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने रखी उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव जीतने के लिए बुथ सशक्तिकरण ही इसकी कुंजी है हमारे बूथ मजबूत रूप से गठित होंगे तभी हम लोकसभा में विजयश्री प्राप्त होगी जिला प्रभारी चौधरी राजा बर्मा ने कहा कि हमें बुथ सशक्तीकरण अभियान में पार्टी के निदेर्शानुसार बूथों पर करायकर्ताओ एवम पदाधिकारियों जिम्मेदारी देकर उनसे सभी बूथों पर कार्य करना है बूथों के सशक्त होने से ही हम आने वाले चुनावों में विजय प्राप्त करेंगे माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि विपक्षियों के घबराहट से ही हमें हमारी विजय का रास्ता दिखाई दे रहा है हमारे कार्यकताओं की मेहनत एवं अनुशासन के कारण हमें सभी चुनावो में विजय श्री दिलाने का काम हमारा कार्यकर्ता करता है मोदी जी के जन्मदिन को भी हमारी पार्टी सेवा सप्ताह के रूप में मनाती है जिला उपाध्यक्ष प्रभात शर्मा ने 23-24 सितम्बर केआयुष्मान भव अभियान में निशुल्क स्वास्थ्य पर-ीक्षण-स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताया पूर्व जिला अध्यक्ष भीष्म शर्मा ने कहा कि प्रथम कार्यशाला में मंडल प्र-वासियों से अनुरोध किया कि बुथ सशक्तिकरण को गति देने का कार्य करे मंडल अध्यक्ष से मिलकर पार्टी द्वारा दिए गए दिशा निदेर्शों पर कार्य कर सभी बूथों पर कार्य करे बैठक का संचालन जिला महामंत्री अर्जुन बाल्मिकी एवम अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू ने किया इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़क बंशी भीष्म शर्मा डॉक्टर नरेंद्र सिंह इमरान तुर्की परमेश्वर लाल सैनी प्रभात शर्मा योगेन्द्र त्यागी मनोज कठरिया सतीश अरोड़ा आकाश अग्रवाल मुकुल रस्तोगी अंकित जैन राखी सिरोही हर्षित रस्तौगी अंकुश हिरदेश यादव भुवनेश राघव विपिन राघव जयप्र-काश दिनेश जाटव सोनू चाहल सौरभ गुप्ता जयपाल सिंह सुखवीर सिंह नरेन्द्र देवेंद्र सिंह विनय वार्ष्णेय जूलियस सीजर नेत्रपाल आदि उपस्थित रहे



# स्कूल में गंदगी का अंबार, व्यवस्थाएं धड़ाम
## स्वच्छ भारत मिशन की खुली पोल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर बकेवर विकासखंड देवमई के भटपुरवा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय की हालात ने स्वच्छ भारत मिशन की खोल दी पोल बच्चों के लिए पानी पीने तक की व्यवस्था नही और ना ही शौचालय की कोई व्यवस्था उत्तर प्रदेश की सरकार ने भले ही कितने बड़े दावे किए हो लेकिन विकासखंड के देवमई के प्राथमिक विद्यालयों का हाल इतना बत्तर हो गया है बच्चो के पेरेंट्स बच्चो को विद्यालय भेजने में कतरा रहे है! विद्यालय में गंदगी के साथ ही जल भराव की समस्या बनी हुई है प्राथमिक विद्यालय के हेड मास्टर ललित उमराव विद्यालय परिसर पर कभी भी नहीं मिलते! प्राथमिक विद्यालय में 12छात्रों का नामांकन है और दो शिक्षकों की तैनाती है। विद्यालय में काफी दिनों से सफाई नहीं कराई है। सफाई के अभाव में विद्यालय चारों ओर से झाड़ियों से घिरा हुआ है गंदगी के अंबार लगे है। विद्यालय परिसर में बड़ी-बड़ी घास उग गई है। विद्यालय परिसर में गंदगी होने के कारण संक्रमण होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। हैरत की बात तो यह है कि जब भी विभागीय अधिकारियों को जानकारी दी जाती है तो अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं गूंजती है शिक्षा जगत के नाम पर केवल खाना पूर्ति जैसा कम विकासखंड दवाई के प्राथमिक विद्यालयों में किया जा रहा है हकीकत तो यह है कि कई ऐसे विद्यालय हैं जो स्वच्छ भारत मिशन की योजना पर पानी फेरते नजर आए

**शौचालय की व्यवस्था धड़ाम**

लाखों रुपए की लागत से बनाया गया शौचालय की व्यवस्था धड़ाम देखी! बच्चों को शौचालय जाने के लिए नहीं है कोई भी व्यवस्था!

**प्यास से तड़पते है बच्चे**

मासूम बच्चों के लिऐ पानी की भी नही है कोई व्यवस्था दूर से बाल्टियों में भरकर पानी लाया जाता है!

बच्चों के भविष्य से हो रहा खिलव-ाड़

प्रशासन की लापरवाही के चलते गंदगी में बच्चे पढ़ने को है मजबूर अध्यापक नहीं निभा रहे अपना दायित्व एबीएसए प्रवीण कुमार शुक्ला को जब भी फोन किया जाता है तो एबीएसए प्रवीण कुमार शुक्ला कभी भी फोन नहीं उठाते हैं

# जलीलपुर के व्यापारियों ने पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल से इस्तीफा दिया

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण**

बिजनौर युवा नगर अध्यक्ष सहित अनेकों पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने अपने पदों से इस्तीफा दिया पश्चिमी उत्तर प्रदेश के पदाधिकारी पर आर्थिक उत्पीड़न का आरोप विशेष आरोप लगाया हिसाब ना देना व्यापारियों के हित में काम ना करना का आरोप लगाए और इस्तीफा दिया 41 व्यापारियों ने इस्तीफा दे दिया है व्यापारी कहते हैं की पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल सिर्फ चंदा वसूली का व्यापार मंडल है व्यापारियों का हित का नहीं है

# वर्ल्ड हेयर एंड मेकअप चैम्पियनशिप में अवॉर्ड जीतने वाली पहली मेकअप आर्टिस्ट भारतीय बनी। गीता खेरा

# हमारे सपने ट्रस्ट के द्वारा किए जा रहे सामाजिक सेवा के कार्यों के लिए भी अवॉर्ड से सम्मानित

दिल्लीः दुबई में आयोजित कार्यक्रम में भारत से गीता खेरा ने दो इंटरनेशनल अवॉर्ड और सर्टिफिकेट लेकर भारत का नाम रोशन किया, इंडिया हेयर एंड ब्यूटी अवॉर्ड ने दुबई में किया शो का आगाज, वर्ल्ड हेयर एंड मेकअप चैम्पियनशिप 2023 में अवॉर्ड जीतकर "हमारे सपने ट्रस्ट " की राष्ट्रीय अध्यक्षा गीता खेरा ( दिल्ली,इंडिया ) ने रचा इतिहास, वर्ल्ड हेयर एंड मेकअप चैम्पियनशिप में अवॉर्ड जीतने वाली पहली मेकअप आर्टिस्ट भारतीय बनी, उन्होंने वर्ल्ड हेयर एंड मेकअप चैम्पियनशिप 2023 में ये गौरवमयी अवॉर्ड अपने नाम कर लिया है।



गीता खेरा ने ये अवार्ड अपनी मेहनत से अपने नाम किया, सम्पूर्ण इंटरनेशनल शो में उनके मेकअप की बहुत सराहना हुई। साथ ही साथ उनकी संस्था "हमारे सपने ट्रस्ट " के द्वारा किए जा रहे सामाजिक सेवा के कार्यों के लिए भी उन्हें अतरिक्त अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया।

"गीता कहती है कि एक ही कार्यक्रम में दो अवॉर्ड इकट्ठे मिलने की खुशी ही कुछ अलग होती है"

गीता ने बताया कि किस तरह से उनकी संस्था जरूरतमंद लोगों के लिए मदद करती है जिन बच्चो के माता पिता अपने बच्चों को शिक्षा सामग्री उपलब्ध नहीं करा पाते उन्हें संस्था हर जरूरी शिक्षा सामग्री प्रदान करती आई है, जैसे की पुस्तकें, नोटबुक और अन्य स्टेशनरी की वस्तुएं आदि, एवं शिक्षा,स्वास्थ्य और स्किल के क्षेत्र में हमारे सपने ट्रस्ट भरपूर कोशिश करती है कि हर जरूरतमंद को वो मदद पहुंचा पाए, गरीब असहाय लड़कियों को मुफ्त ब्यूटीशियन कोर्स सिखाती है ताकि वो अपने पांव पर खड़ी हो सके और जीवन के हर मोड़ पर काबिल बन सके।

इस कार्यक्रम में दुनिया के कोने-कोने से आए मेकअप आर्टिस्ट इंटरनेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किए गए। दुबई, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे अन्य देश से भी कलाकारों ने इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया,

ऐसे अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्म पर आर्टिस्ट को एक नई पहचान मिली, जिसमे (क्ऌइअ) आईएचबीए ने सभी मेकअप आर्टिस्ट को एक नई पहचान दी ओर दुबई में भारत का परचम लहराया।

**ब्यूटी इंडस्ट्री का नाम मेकअप आर्टिस्ट ने किया भारत के नाम**

गीता खेरा के साथ वहां भारत से बहुत से मेकअप आर्टिस्ट शामिल हुए, जिनमे मनप्रीत कौर, सुषमा वर्मा, पिन्की माथै नेहा, चंदा शर्मा, मनीष, डॉ मो.असलम, हेमा सिंह, फारूक, सुनीता राणा, कंचन बाला, अंजलि आदि थे, जिसमे क्रिएटिव मेकअप आर्टिस्ट इंटरनेशनल सर्टिफिकेट ईन दुबई से सभी को सम्मानित किया गया।

# निष्पक्ष लेखनी ही मेरी पहचान है, वरिष्ठ पत्रकार कमलेश श्रीवास्तव

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। अपनी सच्ची लेखनी की बदौलत पत्रकारिता जगत में अलग पहचान रखने वाले जिले के वरिष्ठ पत्रकार कमलेश श्रीवास्तव का कलममई सफर का चौदहवां वर्ष पूरा हो चुका है। इतनी लंबी पत्रकारिता का सफर तय करने के बाद वरिष्ठ पत्रकार कमलेश श्रीवास्तव ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि निष्पक्ष लेखनी ही मेरी पहचान है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि 14 वर्ष पूर्व जब मैंने पत्रकारिता शुरू की थी तब की पत्रकारिता और वर्तमान समय की पत्रकारिता में बहुत कुछ अंतर है। पहले सोशल मीडिया का जमाना नहीं था तब समाचारों का संकलन करने के लिए बहुत



कठिनाई होती थी और समाचार पन्नों पर लिख कर फैक्स के माध्यम से प्रेस कार्यालय में भेजना पड़ता था। लेकिन वर्तमान समय में पत्रकारिता का कार्य संसाधन युक्त हो चुका है डिजिटल सुविधा होने की वजह से मोबाइल टाइपिंग और कंप्यूटर टाइपिंग के जरिए समाचार भेजना आसान हो चुका है। और समाचारों को संकलन करने में भी काफी हद तक मदद मिल रही है। बताते चलें कि वरिष्ठ पत्रकार कमलेश श्रीवास्तव अनुभवी पत्रकारों में शुमार है और कोरोना जैसी महामारी में भी इन्होंने बखूबी से अपनी लेखनी के माध्यम से लोगों के दुख दर्द को प्रशासन तक पहुंचाने का काम किया है। इतना ही नहीं सच्ची लेखनी की वजह से वरिष्ठ पत्रकार कमलेश श्रीवास्तव को कई बार कठिनाइयों के दौर से ही गुजारना पड़ा। लेकिन मुश्किल समय में भी उन्होंने लेखनी की रफ्तार को रुकने और झुकने नहीं दिया। बल्कि डटकर अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किए।

# समाजसेवा के माध्यम से मानसिक प्रसन्नता होती है - रूपम गुप्ता

बिसौली आई एम खान। जायंट्स सेवा सप्ताह के पांचवें दिन महिला समृद्धि संगठन की सदस्यों ने सरस्वती ज्ञान मंदिर में बच्चों के बैठने हेतु बिछाई भेंट कीं। इसके अलावा महिलाओं ने बच्चों को चाकलेट वितरित कीं तो मासूमों के चेहरे खिल उठे। अध्यक्ष रूपम गुप्ता ने कहा कि समाजसेवा के माध्यम से देने और लेने वाले दोनों पक्षों को मानसिक प्रसन्नता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि संगठन आगे भी समाजसेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करेगा। आचार्य जगदीश शरन शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर सरिता वार्ष्णेय, आंचल, रोजी, पिंकी, पारुल, ममता, अंजलि, राधिका, शिवानी, कंचन आदि सदस्य उपस्थित रहीं.



# राजकीय महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक जागरूकता अभियान चलाया

बिसौली आई एम खान। रासेयो के अन्तर्गत डीआरए राजकीय महाविद्यालय में सिंगल यूज प्लास्टिक जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य पीके वार्ष्णेय ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक सेहत के लिए बेहद हानिकारक है। इसमें प्रयोग किए जाने वाले रसायनों के प्रभाव से न सिर्फ मानव स्वास्थ्य बल्कि जानवरों के लिए भी नुकसानदायक होती है। छात्रा इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. मंजूषा ने कहा कि हम सभी को आज से ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की जरूरत है। इस दौरान छात्र इकाई के कार्यक्रम प्रभारी तरुण प्रकाश ने भी विचार व्यक्त किए।



# महावारी को ना मानो परेशानी है ये नारी शक्ति की निशानी।

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जायंट्स ग्रुप ऑफ फिरोजाबाद महिला शक्ति द्वारा सेवा सप्ताह के तृतीय दिन दुर्गा नगर स्थित अग्रसेन स्कूल में कक्षा 5, 6, 7 ,8 की छात्राओं को मासिक धर्म पीरियड्स के बारे में जानकारी दी गई इस स्कूल में निम्न वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं ' डॉक्टर शिखा जैन ने छात्राओ को पीरियड्स के बारे में जानकारी दी ' उन्होंने बताया यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है इसमें संकोच करने वाली कोई बात नहीं है ' उन्होंने महावारी के समय होने वाले मानसिक और भावनात्मक बदलाव के बारे मे ,व्यक्तिगत साफ सफाई व स्वच्छता के बारे में एवं खाने-पीने के संबंध में जानकारी दी ' अध्यक्षा पूनम गुप्ता ने बताया कि सभी छात्राओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए ' बाद में सभी छात्र एवं छात्राओं को फ्रूटी और चिप्स भी दिए '



प्रशासनिक निदेशिका प्राची अग्रवाल ने डॉक्टर शिखा जैन को गिफ्ट देकर आभार व्यक्त किया ।स्कूल की प्रधानाचार्य श्री मती सुमन कुशवाह ने वित्त निर्देशिका राखी बंसल एवं समस्त महिला शक्ति का आभार व्यक्त किया। उषा पाराशर ,मधु गर्ग ,प्रीति, अनुपमा ,गुंजन ,राधिका, राखी मित्तल, नीतू ,शीनू ,तनु, एकता, दीपा आदि की उपस्थिति सराहनीय रही इस गतिविधि की संयोजिका रीना गर्ग मधु गर्ग दीपा अग्रवाल रही।

# जिलाधिकारी द्वारा द्वारा निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लक्ष्य प्राप्त करने हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक कर दिये गए दिशा निर्देश

उरई(जालौन)।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन एवं त्रैमासिक लक्ष्य प्राप्त करने हेतु जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष समस्त विद्यालयों को जल्द निपुण बनाया जाए। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों को मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का लक्ष्य प्राप्त करने में निपुण नहीं होते हैं और ऐसे विद्यालय को निपुण बनाने का प्रयास किया जाएगा तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को समय से प्राप्त कर बच्चों को निपुण बनाया जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक जो विद्यालय निपुण में रेड जोन में है वह अधिकारी अपनी कर प्रणाली में सुधार लाएं और तेजी से




मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में प्रगति लाएं। जनपद स्तरीय टास्क फोर्स समिति के गठित अधिकारियों द्वारा विद्यालयों का निरीक्षण न करने पर जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण माँगा। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर पर जनपद की औसत 90 प्रतिशत होने पर कहा कि सभी पैरामीटरों को सत प्रतिशत किया जाए, जिसमें दिव्यांग शौचालय टाइल व फर्नीचर का कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे जनपद ऑपरेशन कायाकल्प सत प्रतिशत हो सके। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में निरंतर निरीक्षण कर अध्यापकों की उपस्थित व समय से विद्यालय में पहुंचते हैं या नहीं इसकी रिपोर्ट बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे, साथ ही निरीक्षण में मिड डे मिल की भी गुणवत्ता को परखा जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित, डायट प्राचार्य, समाज कल्याण अधिकारी सत्यम त्रिपाठी आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# न्याय में भारतीय भाषाओं का महत्व पर विचार गोष्ठी आयोजित के के राजपूत बने भारतीय भाषा अभियोजन के जिला संयोजक

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। भारतीय भाषा अभियान ब्रज प्रान्त फिरोजाबाद ईकाई द्वारा गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पखवाडा के उपलक्ष्य में न्याय में भारतीय भाषाओं का महत्व पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस विचार गोष्ठ में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रज प्रांत संयोजक अंजलि वर्मा एवं सह संयोजक सन्त प्रसाद सिन्हा मौजूद रहे। जिन्होंने अपने विचार रखे। इस मौके पर ब्रज प्रांत सयोजक द्वारा बार एसोसियेशन के कोषाध्यक्ष के के राजपूत को फिरोजाबाद जिले का संयोजक नियुक्त किया वही रमा गुप्ता एड को महिला प्रमुख संयोजक नियुक्त किया गया। नवनियुक्त जिला सयोजक के के राजपूत ने भी न्याय में भारतीय भाषाओं का महत्व विषय पर अपने विचार प्रकट किये। उपस्थित अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि तथा नवनियुक्त जिला संयोजक के के राजपूत व महिला संयोजक रमा गुप्ता का माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर संरक्षक राजेश कुलश्रेष्ठ, सुरेश चन्द्र साहू, कौशल राठौर, प्रेम निवास प्रजापति, प्रेम किशोर यादव, सचिन माहेश्वरी, नरेशपाल, कमल सिंह राजपूत, निशी शर्मा, आलोक कुलश्रेष्ठ, पंकज कुमार, बृजमोहन, प्रीतम सिंह राजपूत, राज वर्मा, विनय कुमार आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# लखनऊ में डेंगू का फूटा बम, एक ही दिन में सामने आए इतने मामले, स्वास्थ्य विभाग भी हुआ परेशान

लखनऊ में गुरुवार को डेंगू का बम फूटा जिसने स्वास्थ्य विभाग की भी नींदें उड़ा दी हैं. दरअसल लखनऊ में गुरुवार को एक ही दिन में 26 डेंगू के नए



मामले सामने आए हैं. खास तौर पर सबसे ज्यादा मामले अलीगंज और इंदिरा नगर से आए हैं. अलीगंज डेंगू के मामले में इन दिनों सबसे संवेदनशील इलाका हो गया है. इस इलाके से रोजाना चार से पांच नए मामले सामने आ रहे हैं. यही वजह है कि डेंगू के मामले में अलीगंज डेंजर जोन है.

स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि गुरुवार को लखनऊ में कुल 26 डेंगू के मरीज सामने आए हैं. जिन इलाकों से मामले सामने आए हैं उनमें (ऐशबाग-एक, अलीगंज-4, चन्दरनगर-3, सरोजनीनगर-2, चिनहट-3, इन्दिरानगर-4, इटौजा-1, एन0के0 रोड-3, रेडक्रास-1, टूडियागंज-3, सिल्वर जुबली-1) में डेगू धनात्मक रोगी पाए गए.

आज लगभग 1057 घरों और आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल ह्ल8ह्न घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया. यही नहीं नगर मलेरिया इकाई और जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों की ओर से जनपद के विभिन्न स्थलों और भवनों का निरीक्षण किया गया. लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया.

## ऐसे करें बचाव

स्वास्थ्य विभाग के प्रवक्ता योगेश रघुवंशी ने बताया कि डेंगू से बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि लोग अपने घरों में, आसपास और छत पर या कूलर में कहीं पर भी पानी को जमा न होने दें. कूलर का पानी रोज बदलें और घर में जहां भी पानी रुका हो उसे रुकने न दें. इसके अलावा रात में सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल जरूर करें. फुल आस्तीन के कपड़े पहने. डेंगू के लक्षण जैसे बुखार या कमजोरी महसूस होने पर स्थानीय चिकित्सक से जरूर संपर्क.

# जीडीए की बोर्ड बैठक में पेश होगा जिले का मास्टर प्लान का ड्राफ्ट

गाजियाबाद. गाजियाबाद विकास प्राधिकरण(जीडीए) जिले का मास्टर प्लान बोर्ड की बैठक में पेश करेगा. इससे पहले जीडीए कोशिश में लगा हुआ है कि इस ड्राफ्ट पर शासन के नियोजन विभाग की मुहर लग जाए. पूर्व में मास्टर प्लान की समीक्षा की गई थी. शासन स्तर पर गठित उच्चस्तरीय कमेटी की ओर से समीक्षा में मास्टर प्लान के ड्राफ्ट में कई तरह की खामियां पाई गई थीं. बाद में शासन के नियोजन विभाग की ओर से इन कमियों को दूर करने के लिए पत्र लिखा गया था. इसके जीडीए ने फिर से मास्टर प्लान के लिए तैयार डेटा की समीक्षा की.

जीडीए मास्टर प्लान के नए ड्राफ्ट को बोर्ड की बैठक में पेश करने की तैयारी में है. जीडीए के नियोजन विभाग के अनुसार मास्टर प्लान गाजियाबाद, लोनी और मोदीनगर-मुरादनगर का अलग-अलग बनाया गया है.

# हरदोई की बेटी की लखनऊ में हत्या, पार्टी के दौरान मारी गई गोली, 5 दिन पहले ही घर से गई थी कॉलेज

**समाज जागरण**

हरदोई के कोतवाली शहर इलाके में आने वाले आलू तोक उत्तरी की रहने वाली 20 वर्षीय निष्ठा की लखनऊ में गोली मारकर हत्या कर दी गई. निष्ठा इइऊ यूनिवर्सिटी से बीकॉम ऑनर्स की पढ़ाई कर रही थी. बताया जा रहा है कि बुधवार की देर रात एक पार्टी के दौरान उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई. कोतवाली शहर इलाके के आलू थोक उत्तरी निवासी संतोष तिवारी कन्नौज जनपद के छिबरामऊ में यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक के सीनियर मैनेजर के तौर पर तैनात हैं. उनको एक पुत्र और एक पुत्री है. निष्ठा अपने भाई से बड़ी थी. छोटा भाई रिशु है. संतोष तिवारी के घर में इस वक्त सन्नाटा पसरा हुआ है. संतोष तिवारी की मां और उनका छोटा बेटा रिशु घर पर मौजूद है लेकिन कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं. वैसे संतोष तिवारी सांडी थाने के घमईया गांव के मूल निवासी हैं जो बीते कई दशकों से आलू थोक उत्तरी में रह रहे हैं. बताया गया कि घटना की सूचना मिलने के बाद संतोष तिवारी अपनी पत्नी के साथ लखनऊ निकल गए थे, इसके बाद अब कानूनी प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद मृतका के शव को हरदोई लाया जाएगा. जानकारी करने पर पता चला कि अभी 16 या 17 तारीख को ही निष्ठा अपने घर से लखनऊ गई थी जहां लखनऊ में चिनहट के दयाल रेजीडेंसी अपार्टमेंट के फ्लैट में बुधवार आधी रात दारू पार्टी हुई. इसी दौरान संदिग्ध हालात में गोली चली.

# माध्यमिक शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर जिले मे जगह—जगह किया प्रदर्शन

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। प्रदेश संगठन द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर के आह्वान पर जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन एवं एनपीएस गो बैक के लिए शिक्षकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। सरकार को इस चेतावनी के साथ यह प्रदर्शन किया गया कि देश तथा प्रदेश के सभी संगठन संयुक्त रूप से प्रदर्शन, बंदी, बहिष्कार जैसे निर्णय तथा इसका क्रियान्वयन द्वारा विभिन्न संगठन सरकार को पुरानी पेंशन बहाली के लिए बाध्य करेगा। यदि इसके बाद भी हमारी मांग नहीं मानी गई तो संगठन चुनाव में अपना प्रभाव डालने को बाध्य होगा, इसके लिए आवश्यक हुआ तो आंदोलन को जनता को समर्पित करते हुए सरकार को बदलने का प्रयास करेगा। यह प्रदर्शन/नारेबाजी जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह के नेतृत्व में जय किसान इंटर कॉलेज इंटर कॉलेज सरायख्वाजा, प्रांतीय उपाध्यक्ष नरसिंह बहादुर सिंह के नेतृत्व में श्री गांधी स्मारक इंटर कालेज समोधपुर, जिला मंत्री प्रमोद सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका इंटर कालेज जौनपुर, जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में होरिल राव इंटर कॉलेज कुंवरपुर, प्रांतीय मंत्री अजय प्रकाश सिंह के नेतृत्व में आदर्श इंटर कॉलेज शंभूगंज, जिला उपाध्यक्ष राम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में मथुरा सिंह इंटर कॉलेज कोइलारी, डा प्रविंद सिंह के नेतृत्व में श्रीराम जानकी दिनकर इंटर



कालेज जमालापुर, इंटर कॉलेज मढ़ी, इंटर कॉलेज पाली, गणेश राय इंटर कॉलेज इंटर कॉलेज मोकलपुर, राजेश यादव एवं अखिलेश सिंह के नेतृत्व में सहकारी इंटर कॉलेज मिहरांवा, इंटर कॉलेज तरती, पंचशील इंटर कॉलेज फतेहगंज, फौजदार इंटर कॉलेज मछलीशहर, इंटर कॉलेज चंदवक, नेशनल इंटर कॉलेज पट्टी नरेंद्रपुर, जवाहर लाल इंटर कॉलेज अनापुर, पब्लिक इंटर कॉलेज केराकत, भगवान दास इंटर कॉलेज हिंदी बघैला, दयानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय थौर, नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज नहोरा, कल्पना इंटर कॉलेज मड़ियाहूं, सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज जौनपुर, वंशी लाल इंटर कॉलेज रामपुर, हनुमत इंटर कॉलेज देहुआ, गिरजा शंकर इंटर कॉलेज नीभापुर, इंटर कॉलेज दुदौ, जनता इंटर कॉलेज रतनपुर, आरएस इंटर कॉलेज ककराही, ग्राम विकास इंटर कॉलेज खुटहन, सर सुंदर लाल इंटर कॉलेज जैगहा, आझू राय इंटर कॉलेज सिकरारा, श्री भगवत इंटर कॉलेज अमिहित, स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज मड़ियाहूं, खर्गसेनपुर इंटर कॉलेज, नेहरू इंटर कॉलेज पतहना, श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज मीरगंज सहित अन्य विद्यालयों में अपने जनपदीय, प्रादेशिक अथवा विद्यालय के अध्यक्ष/मंत्री के नेतृत्व में हुआ।

# विश्व हिन्दु परिषद की दो दिवसीय बैठक सम्पन्न हुयी

## *रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश भर के संतों का प्रतिनिधित्व होगा*

**राजेश तिवारी अयोध्या।**

श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम देश भर के संतों का प्रतिनिधत्व हो। आमंत्रण देने की प्रक्रिया प्रारंभ हो इसको लेकर विश्व हिन्दु परिषद की अखिल भारतीय धमार्चार्य संपर्क प्रमुखों की तीर्थ क्षेत्र भवन रामकोट में चल रही दो दिवसीय बैठक संपन्न हो गई। विहिप उपाध्यक्ष और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह अपने व्यापक स्वरूप को प्राप्त करेगा। संपूर्ण राष्ट्र का हर घर राममय हो। इसके लिए घर घर संपर्क होगा। प्राण प्रतिष्ठा तिथि पर रामभक्त पांच दीपक घर की चौखट पर अवश्य जलायें और दीपोत्सव मनायेंगे। उन्होनें कहा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के इस महाअभियान में संतों का अतुलनीय योगदान रहा जिसे विस्मृत नही किया जा सकता है। उन्होंने संपर्क प्रमुखों को बताया कि श्रीराम जन्मभूमि का निर्माण कार्य अपनी गति से चल रहा है। जो समय से पूर्ण हो जायेगा। सोलह जनवरी से चौबीस जनवरी के मध्य गर्भगृह में श्रीराम लला विराजमान हो जायेंगे। पूजन उत्सव में प्रत्येक राज्य की



सहभागिता हो इसके लिए हर पंथ संप्रदाय और जातियों के संतों से संपर्क आवश्यक है। प्राणप्रतिष्ठा में अयोध्या धाम आने वाले चार हजार संतों के लिये श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा भोजन आवास की व्यवस्था की जाएगी। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री महामंडलेश्वर जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि श्रीराम सामाजिक समन्वय के अधीष्ठाता हैं। लोककल्याण के लिये उनकी समस्त यात्रा हुई। बैठक का संचालन विहिप केंद्रीय मंत्री अशोक तिवारी ने किया। बैठक में केंद्रीय संयुक्त मंत्री रास विहारी उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु, आसाम, दिल्ली, पंजाब आदि के प्रमुख उपस्थित रहे।

# बिरहा गायक छविलाल पाल ने त्रेता युग में रामायण कालीन युद्ध नरान्तक बध व महाभारत में अश्वमेध यज्ञ का प्रसंग सुनकर श्रोताओं ने खूब सराहा

**अयोध्या ।**

तारुन ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत बालापुर चौराहे पर प्रसिद्ध अवधी बिरहा लोकगायक छवि लाल पाल ने त्रेता युग में रामायण कालीन युद्ध नरान्तक बध व महाभारत में अश्वमेध यज्ञ का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। आकाशवाणी व दूरदर्शन में बिरहा गायक , जिले अम्बेडकर नगर के भीटी क्षेत्र के बनगवा निवासी अवधी विरहा की अलख जगाने वाले प्रसिद्ध विरहा गायक छविलाल पाल द्वारा अपनी टीम के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक गायन बिरहा प्रस्तुत किया गया। अपने प्रसंग में बिरहा के माध्यम से लोगों को बताया भगवान राम दधिबल से कहते हैं कि तुम्हें रावण के पुत्र नारंतक से युद्ध करना है। वे दोनों एक ही स्कूल में पढ़े थे, जहां गुरुजी ने नारंतक को श्राप दिया था कि दधिबल के साथ जब लड़ेगा तो मारा जाएगा। मरते हुए नरान्तक को ब्रह्माजी का वरदान याद आ रहा था कि उसकी मृत्यु वानर और भालू



जाति के लोगों से हो सकती है और दधिबल वानर था।नारंतक के मरने के बाद दधिबल को बैवलपुर का राज दिया गया। दूसरे प्रसंग में महाभारत में युधिष्ठिर के अश्वमेध यज्ञ का प्रसंग सुनाया।बीच बीच मे सामाजिक सरोकार के प्रसंग को बिरहा गीत के माध्यम से सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।बिरहा के माध्यम से बेटी पढ़ाओ ,समाज फैल रहे पारिवारिक क्लेश व बड़ो के आदर सत्कार पर गीत के माध्यम से गायन किया।उनके साथ रमेश यादव,कृष्णा, अजीत यादव, राम कुमार के ने संगत दिया।कार्यक्रम का आयोजन बालापुर के व्यवसायी अमरनाथ विश्वकर्मा ने किया गया।कार्यक्रम में सुरेश तिवारी,महेश तिवारी,राधेश्याम वर्मा,बिपेंद्र सिंह,हौसिला वर्मा,सियाराम यादव सहित अन्य मौजूद दर्शकों द्वारा बिरहा गायन का आनन्द उठाया गया।

# सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील ने बैटरी चोर गिरोह को धर दबोचा,मिली बड़ी सफलता,

कुठौंद जालौन, सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकार जालौन रविंद्र गौतम के कुशल मार्गदर्शन में तथा सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में सिरसा कलार पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम जुर्म, चेकिग संदिग्ध व्यक्ति, अपराधियों की चेकिंग के दौरान एक बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी काफी दिनों से सक्रिय बैटरी चोर गिरोह को पाल सरेनी के जंगल से सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में सिरसा कलार पुलिस द्वारा घेरा बंदी करके बैटरी चोर गिरोह के दो सदस्यों को धर दबोचा गिरफ्तार अभियुक्त अभिषेक यादव उर्फ आरजू पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम लखनापुर थाना देवराहट जनपद कानपुर देहात, हाल पता वार्ड नंबर 17 सिद्धेश्वर मंदिर के पास पुखरायां थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 22 वर्ष, समरजीत पुत्र छुन्नीलाल निवासी नगीना बांगर थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात उम्र 23 वर्ष को चोरी की 6 बैटरी व एक अल्टो कार व एक मौ,सा, अपाचे के साथ दो अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो अभियुक्त घने जंगल का




फायदा उठाकर भागने मे कामयाब हो गये गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना सिरसा कलार में मुकदमा अपराध संख्या 199 / 2023 से 201/23 धारा 379 / 411 भादवि से संबंधित अभियुक्त गणो की काफी दिनों से तलाश थी गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील, उप निरीक्षक अभिलाख सिंह, उप निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल मुवीज अली, कांस्टेबल अशोक सिंह, कांस्टेबल पवन कुमार, कांस्टेबल हर्षित प्रताप सिंह आदि ने गिरफ्तार किया जबकि सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में लगातार वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की जा रही है जिससे अपराधियों में खलबली मची हुई है थाना प्रभारी निरीक्षक के द्वारा रात में लगातार गस्त करने से क्षेत्र में शांति कायम है

# कार्यान्वियन एवं अनुश्रवण समिति की जिला स्तरीय बैठक में दिशा निर्देश जारी

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

जौनपुर। जिलाधिकारी अनुज झा की अध्यक्षता में जिले की पैक्स कम्प्यूटराईजेशन हेतु प्रथम चरण में चयनित 30 समितियों की जिलास्तरीय कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण समिति (डी०एल०आई०एम०सी०) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जहां सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के अंतर्गत जनपद की प्रथम चरण में चयनित 30 समितियों में हार्डवेयर की आपूर्ति हो चुकी है जिनका इन्स्टालेशन भी सम्बन्धित वेण्डर द्वारा किया जा चुका है तथा हार्डवेयर की आपूर्ति के पूर्व विद्युत कनेक्शन, कनेक्टिविटी के सम्भावित व्यय 17,58,500 की शीर्ष बैंक से फण्ड की मांग हेतु बाईसकुर्लेशन अध्यक्ष डी०एल०एम०आई०सी०/जिलाधिकारी द्वारा 1 अगस्त को स्वीकृति प्रदान की गयी है जिसका अनुमोदन डी०एल०आई०एम०सी० की बैठक में किया गया है। साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद की 204 समितियों में से किन समितियों में पूर्ण कालिक सचिव कार्यरत है तथा किन समितियों का भवन सुदृढ अवस्था में है, की जानकारी अतिशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2022-23 का




अवशेष समितियों का आडिट शीघ्रातिशीघ्र कराने का भी निर्देश दिया गया है। बैठक के अंत में उपस्थित सदस्यों के प्रति सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक लि0 /सदस्य संयोजक ने आभार व्यक्त किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयबर चैहान सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# द ग्रैंड पैलेस होटल में एंकर बाइ पैनासोनिक के रिटेलर मीट का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। बिजली के उपकरणों की प्रमुख उत्पादक कंपनी एंकर बाइ पैनासोनिक और उसके गाजीपुर की डिस्ट्रीब्यूटर फर्म सिध्देश्वरी इंटरप्राइजेज की ओर से बुधवार की शाम शहर के द ग्रैंड पैलेस होटल में रिटेलर मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निधि संचय कैपिटल प्रा.लि. के डायरेक्टर जितेंद्र नाथ राय, ग्राम प्रधान संघ भांवरकोल के अध्यक्ष इंद्रासन राय, प्रमुख समाज सेवी शशिकांत राय ,व्यवसायी कौशल जायसवाल आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। सिध्देश्वरी इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर अविनाश प्रधान ने सभी का स्वागत किया। एंकर बाइ पैनासोनिक के प्रोडक्ट सेल्स इंचार्ज अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हमारी कंपनी वायरिंग, लाइट, फैन आदि का पूरा रेंज बनाती है। ग्राहकों की पसंद से भारत के स्वीच मार्केट में हमारी हिस्सेदारी 38 प्रतिशत है। कंपनी ने अभी अनेक खूबियों से युक्त टियोना स्वीच लांच किया है। स्वीच पर दस वर्ष की गारंटी कंपनी देती है। एमसीवी की डिजाइन ऐसी की गई है कि यह कभी हिट नहीं होती। इसमें हवा पास करने की व्यवस्था बनाई गई है। वायर में तांबे की शुध्दता 99.8प्रतिशत है।साथ ही यह अग्नि रोधक है। वायर की वेस्ट क्वालिटी का उत्पादन कंपनी करती है। वाटर हीटर त्रिशा,कैलिस्टो ग्राहकों की पसंद बन गया है। पाइप, जीआई बाक्स की मजबूती बेमिसाल है।इस दौरान दुकानदारों से संवाद करते हुए उनकी शंकाओं का



समाधान भी किया। एरिया सर्विस इंचार्ज मनीष कुमार राघव ने एंकर बाइ पैनासोनिक के उत्पादों पर मिलने वाली गारंटी, ग्राहकों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी दी। टेरेटरी सेल्स इंचार्ज अमित कुमार राय ने रिटेलर मीट के उद्देश्य के साथ उत्पादों की जानकारी दी भविष्य में और बेहतर सहयोग की अपेक्षा की और आभार ज्ञापित किया। रिटेलर मीट में जमानियां से अवतार इलेक्ट्रिक , गुप्ता इलेक्ट्रिक, मां काली इलेक्ट्रिक, सार्थक इलेक्ट्रिक, निगम इलेक्ट्रिक, समन इलेक्ट्रिक,दिलदारनगर से ग्लैक्सी इलेक्ट्रिक, आशीष एलइडी, भदौरा से उपाध्याय इलेक्ट्रिक, एलबी इलेक्ट्रिक, यूनिक इलेक्ट्रिक, ग्लैक्सी इलेक्ट्रिक, मां भगवती इन्वर्टर बैटरी रेवतीपुर, रिशु इलेक्ट्रिक नगसर, जय मां दुर्गा इलेक्ट्रिक नगसर, एसके कुशवाहा ढढ़नी, रमेश इलेक्ट्रिक मलसा, गाजीपुर शहर से जय मां शारदा झंडातर, साईं इंटरप्राइजेज, राज लैम्प हाउस मिश्रबाजार, महादेव इलेक्ट्रिक आलमपट्टी,आर आर इलेक्ट्रिक आलमपट्टी, अब्बासी इलेक्ट्रिक रौजा, केशरी इलेक्ट्रिक सकलेनाबाद, अमित इलेक्ट्रिक सकलेनाबाद, प्रमोद वीडियो एवं इलेक्ट्रिक सकलेनाबाद, नाओमा इलेक्ट्रिक लंका, हिंदुस्तान इलेक्ट्रिक मेदनीपुर, न्यू वैष्णवी इलेक्ट्रिक सैदपुर, सिंह इलेक्ट्रिक खालिसपुर, दिया इलेक्ट्रिक मुहम्मदाबाद, देवचंद इलेक्ट्रिक नोनहरा, पप्पू इलेक्ट्रिक कठवामोड़, हनुमंत इलेक्ट्रिक मुहम्मदाबाद, अपोलो ट्रेडर्स लालदरवाजा, प्रसाद इलेक्ट्रिक बलिया, रामबाबू जंगीपुर आदि शामिल रहे।

# जनपद के थाना इनायतनगर पुलिस टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त एक देशी तमंचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार

## *वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के दिशा निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के मद्देनजर*

**अयोध्या ।**

अतुल कुमार सोनकर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व आशीष निगम क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर के कुशल पर्यवेक्षण में अरुण प्रताप सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना इनायतनगर के कुशल नेतृत्व में थाना इनायतनगर पुलिस टीम द्वारा उ0नि0 रजनीश पाण्डेय चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज,हे0का0 कुलदीप यादव,का0 मुकेश कुन्तल,का0 शिवम यादव व का0 भानु प्रताप के द्वारा एक नफर अभियुक्त संजय चतुवेर्दी उर्फ सत्या पंडित पुत्र सवार्दीन चतुवेर्दी उम्र लगभग 20 वर्ष निवासी ग्राम अछोरा पूरे गुलजार चौबे थाना इनायतनगर को 1 अवैध 315 बोर तमंचा व 02 अदद जिन्दा कारतूस के साथ कल दिनांक 20.09.2023 को समय लगभग 12.40 बजे सरकारी ट्यूबेल अहरन सुवंश के पास थाना से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग

1. मु0अ0सं0 423/23 थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 151/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या
2. मु0अ0सं0 152/2022 धारा 411/413 भा0द0वि0 थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या
3. मु0अ0सं0 221/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 कोतवाली नगर जनपद अयोध्या



4. मु0अ0सं0 129/2022 धारा 379/411 भा0द0वि0 कोतवाली रुदौली जनपद अयोध्या
5. मु0अ0सं0 381/2022 धारा 147/148/323/324/336/427/452/504 भा0द0वि0 थाना इनायतनगर

# सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील में 315 बोर तमंचा सहित किया अभियुक्त गिरफ्तार,

कुठौंद जालौन, सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईराज राजा के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकार जालौन रविंद्र गौतम के कुशल मार्गदर्शन में तथा सिरसा कलार प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में सिरसा कलार पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम जुर्म, चेकिग संदिग्ध व्यक्ति, अपराधियों की चेकिंग के दौरान अभियुक्त शिवपाल पुत्र रामाधार उम्र 38 वर्ष निनासी ग्राम खडगुई मुस्तकिल को भिटारी बंबा से ग्राम भिटारी की तरफ 40 कदम की दूरी पर पर थाना सिरसा कलार प्रभारी निरीक्षक ने गिरफ्तार किया तलाशी लेने पर उपयुक्त के पास से एक अदत तमंचा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस 315 बोर अभियुक्त




के पास से बरामद किए अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 198 / 2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील, उप निरीक्षक अभिलाख सिंह, कांस्टेबल दीपू पाल, कांस्टेबल रामू यादव, आदि ने गिरफ्तार किया जबकि सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में कई वांछित अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है थाना प्रभारी निरीक्षक के द्वारा रात में लगातार गस्त करने से क्षेत्र में शांति कायम है

# ग्राम विकास अधिकारी मोहित सचान पर प्रधान बनाता है फर्जी काम करवाने का दबाव,

उरई जालौन, विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत जखा के ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार ग्राम पंचायत जखा में तैनात ग्राम विकास अधिकारी मोहित सचान पर फर्जी काम करवाने का दबाव बनाते हैं जबकि ग्राम प्रधान जखा ने कुछ अपने साथियों के साथ खंड विकास अधिकारी को एक शिकायती पत्र दिया था जिसमें आरोप लगाया कि ग्राम विकास अधिकारी ग्रामीणों का कार्य नहीं करते हैं तथा उनको परेशान करते हैं जबकि हकीकत यह है कि ग्राम प्रधान फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम विकास अधिकारी से बनवाने के लिए कहा था जिस पर ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि हम फर्जी प्रमाण पत्र नहीं बनाएंगे जिससे खफा होकर ग्राम प्रधान ने ग्राम विकास अधिकारी की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की जबकि ग्राम विकास अधिकारी मोहित सचान से इस संबंध में बात की तो उन्होंने बताया की ग्राम पंचायत का कार्य समय पर होता है लेकिन हम किसी भी तरह का फर्जी प्रमाण पत्र नहीं बनाएंगे उसमें किसी को भी बुरा लगे,

# भादो छठ का ऐतिहासिक मेला 24 सितम्बर को

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो समाज जागरण**

सिद्दीकपुर, जौनपुर। सरायख्वाजा क्षेत्र के स्थानीय गांव में हर वर्ष लगने वाला ऐतिहासिक भादो छठ मेला 24 सितंबर रविवार को आयोजित होगा जिसको लेकर दूर–दराज से दुकान लगाने वाले लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी तैयारी शुरू कर दी है। मालूम हो कि सरायख्वाजा में लगने वाला ऐतिहासिक भादो छठ मेला गांव के प्राचीन सूरज कुंड



तालाब के समीप लगता है। लोगों की मान्यता है कि इस दिन तालाब में स्नान ध्यान करने के पश्चात तालाब के समीप बने मंदिर में दर्शन पूजन करने से चर्म रोग की समस्या दूर होती है। लोगों को बीमारियों से निजात मिलती है जिसको लेकर प्रतिवर्ष यहां पर ऐतिहासिक भादो छठ मेला का आयोजन किया जाता है। मेले को लोगों किसान मेला भी कहते हैं, क्योंकि यहां पर किसान सामग्री से लेकर बच्चों के खिलौने तक की सामग्री बेची जाती है। मेले में हर उम्र के लोग आकर मेले का लुफ्त उठाते हैं।

# कई किलोमीटर दूर से आते हैं लोग झूला व खिलौने की दुकान लगाने

सरायख्वाजा गांव में लगने वाला ऐतिहासिक भादो छठ मेला में शाहगंज, गोंडा, फैजाबाद समेत अलग–अलग स्थान से लोग झूला व खिलौने की दुकान लगाने आते हैं। गुरूवार से ही मेला स्थल पर लोगों की दुकान सजने लगी है। लोग दूर-दराज से आकर मेला स्थल पर ही अपना डेरा जमाए हुए हैं। लोगों का अनुमान है कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष अधिक मेले में बिक्री होगी। सरायख्वाजा से सटे मनवल, सिद्दीकपुर, मल्हनी समेत दर्जनों गांव से हजारों लोग इस मेले का लुफ्त उठाने आते हैं। मेला में दुकान लगा रहे दुकानदारों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम लोगों ने मेला से पहले आकर अपने स्थान का चुनाव कर लिया है और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि इस वर्ष मेले में अच्छी बिक्री होगी। वहीं मेले को लेकर सरायख्वाजा थाना पुलिस भी चकाचौंध दिख रही है। प्रशासन द्वारा लोगों की सुरक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। मेला के दिन रूट डायवर्जन तथा पुलिस बल की तैनाती को लेकर प्रशासन द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है।

## सत्यदेव नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज, गाजीपुर में बीएससी नर्सिंग करने का फीस में विशेष छूट के साथ अंतिम मौका-प्रोफेसर डा0सानंद सिंह

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के सत्यदेव ग्रुप्स आफ कालेजेज के प्रबंध निदेशक प्रोफेसर डा0 सानंद सिंह ने बताया की अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ से संबद्ध सत्यदेव नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज, गाजीपुर में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए सरकार ने अंतिम मौका दिया है ,। दिनांक 21 सितंबर 2023 से 27 सितंबर 2023 तक रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया पूरा करके सत्यदेव नर्सिंग कॉलेज में शीघ्र प्रवेश कराये । सत्यदेव नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज, गाजीपुर का कोड 2330430 है । बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए किसी भी प्रकार की हो रही कठिनाई के लिए तत्काल निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें



770 49 05 303, 7 7049 0 5 306, 7904 823 903

# मैहर आल्हा महोत्सव का होगा आयोजन

**अयोध्या।**

आगामी 8 अक्टूबर दिन रविवार को मैहर आल्हा महोत्सव का आयोजन स्वर्गीय पृथ्वी सिंह की 10वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव मैहर कबीरपुर स्थित मलावन की बाग में किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए आयोजक अपना दल एस के प्रदेश सचिव प्रमोद सिंह ने बताया इस महोत्सव कार्यक्रम में लोग गायन कला आल्हा की नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। वहीं भारत देश के अलग-अलग राज्यों से आए हुए कलाकारों की आठ टीमों के मध्य एकदिवसीय महासंग्राम के बाद आल्हा सम्राट का चयन होगा। जिसके मुख्य अतिथि सूबे के कैबिनेट मंत्री आशीष सिंह पटेल और विशिष्ट अतिथियो मे राजकुमार दास जी, रितेश पांडे सांसद अंबेडकरनगर, हरिओम पांडे सदस्य विधान परिषद, विनोद सिंह विधायक सुल्तानपुर, वेद प्रकाश गुप्ता विधायक, अभय सिंह विधायक गोसाईगंज, अंकुर राज तिवारी विधायक खलीलाबाद, अवधेश द्विवेदी पूर्व भाजपा प्रत्याशी कटेहरी होंगे।

# चोरी के माल सहित दो चोर गिरफ्तार, इन्वर्टर व बैट्रा बरामद

**अयोध्या।**

कुमारगंज थाना पुलिस ने दो चोरों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने पकड़े गए दोनों शातिर चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के साथ पुलिस टीम में शामिल उप




निरीक्षक अभिषेक सिंह व उप निरीक्षक कमलेश साहनी एवं कांस्टेबल अमन सचान व राहुल सिंह द्वारा ऊदल पुत्र रामसरन निवासी कोटिया थाना खण्डासा, जनपद अयोध्या हाल पता चमरी का पुरवा थाना खण्डासा, व साईंराम पुत्र स्व नन्दलाल निवासी ग्राम पूरे गोसाईं थाना डीह जनपद रायबरेली हाल पता कोटिया थाना खण्डासा को एक इन्वर्टर व एक बैट्रा के साथ बहादुरगंज अमानीगंज ब्लाक रोड सिधारी बाजार मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों साथी चोरों को पुलिस टीम थाने ले आई। जहां पूछताछ में उन्होंने चोरी की कहानी बयां कर दी। इसके उपरांत मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है।

# बीडीओ सहित अन्य ने ली स्वच्छता की शपथ

माधौगढ़ जालौन ब्लाक में तैनात खंड विकास अधिकारी रमेश चंद्र शर्मा सहायक विकास अधिकारी पंचायत महावीर शरण गुप्ता सहायक विकास आई एस बी अधिकारी नौसाद अली ने स्वयं साफ सफाई व्यवस्था पर अमल करते हुए अपने अधीनस्थों को सफाई हेतु प्रेरित किया। बीडीओ ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत ही नहीं बल्कि हम सभी को मिलकर किसी भी जगह पर किसी भी तरह की न तो गंदगी करना है और न ही गंदगी करने देना है। स्वच्छता से हम सभी निरोगी होंगे और स्वस्थ रहेंगे। स्वस्थ का जीवन लंबा होता है। सभी लोगों ने मिलकर सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।इस मौके पिंटू सिंह राजावत रूद्रपुरा सहित प्रधान अरविंद गुप्ता भगवान सिंह उर्फ रामू महेश बाबू जी, प्रशांत कम्प्यूटर ऑपरेटर, मनोज शिवहरे,मान सिंह,लाल जी राठौर राहुल सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा और भी गणमान्य लोग उपस्थित रहे

# हरियाणा में एस. डी. एम. और रेवेन्यू अधिकारी को मिला सम्पत्ति पंजीकरण का अधिकार

## जमीन और प्लॉटों की हो सकेंगी अब रजिस्ट्री



विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा पंजाब

चण्डीगढ़, 21 सितम्बरः हरियाणा सरकार अपने नए नियमों और कानूनों की वजह से हमेशा से सुर्खियों में रहती है क्योंकि इन योजनाओं और कानूनों का मकसद आमजन तक हर संभव मदद पहुँचाना होता है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार का एक और बड़ा आदेश सामने आया है जासमें एस. डी. एम. और जिला रेवेन्यू अधिकारी को रजिस्ट्री से संबंधित निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा जारी किये गए इन आदेशों पर प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं ने अंगुली उठाते हुए कहा है कि यह सारा खेल जिलों में तैनात तहसीलदारों द्वारा सत्ताधारी गठबंधन की गलत बात मानने से इंकार करने पर लिया गया है। इन दिनों प्रदेश के बहुत कम जिलों में तहसीलदार रेवेन्यू के पास डियूटी है। ज्यादातर तहसीलदार रेवेन्यू और उनके स्टॉफ में कानूनगो, सब कानूनगो, पटवारी तथा ऐसे सभी कर्मचारियों को खुड्डे लाईन लगाया हुआ है। उनके अधिकार छीन लिए गए हैं। ऐसे अधिकारी और स्टॉफ के अन्य कर्मचारियों को हर जिले में इस लिए सस्पेंड किया हुआ है क्योंकि उन्होंने इनकी कमीशन देने की मांग से इंकार कर दिया। 2-4 ऐसे अधिकारी शिकंजे में हैं जिन पर रिश्वतखोरी का इल्जाम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2 साल से भी अधिक समय से जमीन की रजिस्ट्री नहीं होने से जहाँ जनता परेशान है वहीं सरकारी खजाने को भरा नहीं गया। जिससे प्रदेश का खजाना खाली है।

# केंद्रीय सरकार की अग्निवीर योजना के तहत देश की सेना के निजीकरण की हो रही तैयारियाँ- कुमारी सैलजा

विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़

चंडीगढ़। सितम्बरः अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार देश की सेना के निजीकरण की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रही है। अग्निवीर की भर्ती और सैनिक स्कूलों में निजी संस्थाओं व एनजीओ की भागीदारी इसी प्लान का हिस्सा हैं। हरियाणा में निजी भागीदारी में एक स्कूल की स्थापना के बाद अब एक और सैनिक स्कूल इसी पैटर्न पर खोलने की तैयारी है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि सैनिक स्कूल व मिलिट्री स्कूल का मुख्य कार्य छात्रों को विद्यार्थी जीवन से ही सेना की तरह अनुशासित जीवन में ढालना और सेना की जरूरत के अनुसार अफसर तैयार करना होता है। हरियाणा में दो सरकारी सैनिक स्कूल करनाल और रेवाड़ी जिले में पहले से चल रहे हैं। जबकि, पीपीपी मोड पर एक सैनिक स्कूल फतेहाबाद जिले के खारा खेड़ी में शुरू हो चुका है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सैनिकों व सेना के अफसरों का जीवन कैसा होता है, छात्रों को सैनिक स्कूल में पढ़ाई के दौरान बताया जाता है। बाकायदा अफसर लाइन में जाने के लिए उनका



बेस मजबूत किया जाता है और राष्ट्रप्रेम की भावना भरी जाती है। ऐसे में पीपीपी मोड पर सैनिक स्कूल खुलते रहेंगे तो फिर भारतीय सेना के लिए छात्रों को तैयार करने का फामूर्ला लीक हो जाएगा, जिसका फायदा दुश्मन भी बखूबी उठा सकते हैं।

### विरोध के बावजूद अग्निवीर योजना और पीपीपी के तहत सैनिक स्कूल खोलने की चाल

कुमारी सैलजा ने कहा कि अब कुरुक्षेत्र जिले में पीपीपी मोड पर एक और सैनिक स्कूल शुरू करने का फैसला केंद्र सरकार ने लिया है, जो सरासर गलत है। जैसे-जैसे पीपीपी मोड वाले सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़ेगी, सरकार पहले से चल रहे सैनिक स्कूलों व मिलिट्री स्कूलों को भी पीपीपी मोड पर ले आएगी। जबकि, सरकार को चाहिए कि वह सैनिक व मिलिट्री स्कूलों की संख्या को तो बढ़ाए, लेकिन पीपीपी मोड पर खोलने की बजाए पहले की तरह सरकारी पैटर्न पर खोले। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसी तरह भारी भरकम विरोध के बीच अग्निवीर स्कीम शुरू की जा चुकी है। इससे साफ है कि निचले स्तर पर भाजपा की केंद्र सरकार सेना के निजीकरण की दिशा में आधार बनाने की शुरूआत कर चुकी है। ऐसे में वह दिन दूर नहीं, जब निजीकरण के इन प्रयासों को और आगे बढ़ाते हुए सेना की ट्रेनिंग में भी पीपीपी लागू कर दी जाएगी। देश की जनता भाजपा के इन कुत्सित प्रयासों को बखूबी समझ रही है, जिसका जवाब मतदान के दौरान वोट की चोट से देगी।

# नूंह में मनरेगा में करोड़ों रुपये का घोटाला

## फर्जी पहचान पत्रों के दम पर दिखाई नियुक्तियाँ, पंचायत विभाग के 3 अधिकारियों के साथ सांठगांठ कर वारदात को दिया अंजाम

विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब



चण्डीगढ़ , सितम्बरः हरियाणा के नूंह में मनरेगा में करोड़ों रुपये के घोटाले का खुलासा हुआ है। इस घोटाले में नूंह की एक पूर्व महिला सरपंच के रिश्तेदार का नाम सामने आया है। इस घोटाले में कई अधिकारियों की मिलीभगत की बात भी सामने आ रही है। इस घोटाले का खुलासा एक स्थानीय ग्रामीण ने किया है। उसने हरियाणा पुलिस को पूरे घोटोले के बारे में बताया और जांच की मांग की। पुलिस ने जांच के बाद इस मामले में पूर्व महिला सरपंच के जेठ खालिद को गिरफ्तार किया है।

खालिद ने पुलिस रिमांड के दौरान बताया कि पंचायत विभाग के तीन अधिकारियों के साथ मिलकर उसने मनरेगा घोटाले को अंजाम दिया। गांव के मृतकों और बच्चों के नाम पर फर्जी जॉब कार्ड राजस्थान के जयपुर में तैयार करवाए गए. इसके बाद इन जॉब कार्ड पर मनरेगा की मजदूरी दिखाकर पिछ्ले कई महीने से करोड़ों रुपए हड़पे जा रहे थे। जबकि गांव में ऐसे कई लोग हैं, जो पूरी तरह से मनरेगा पर ही निर्भर हैं। वो इसी से अपना घर चलते हैं लेकिन उन्हें रोजगार नहीं मिल रहा था ।

### स्थानीय ग्रामीण ने किया खुलासा

नूंह जिले के गांव चीला के ग्रामीण अकरम की शिकायत पर पुलिस ने कुछ दिन पहले मामला दर्ज किया था. जिसमें करीब 38 मनरेगा जॉब कार्ड फर्जी पाए गए. गबन के आरोप में चीला गांव की पूर्व महिला सरपंच फिरदौज, पति ताहिर,जेठ खालिद, ससुर शहीद सहित अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है. पूर्व महिला सरपंच के जेठ खालिद ही इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता था. कौन-कौन थे शामिल?

करोड़ों रुपये के इस घोटाले में पंचायत विभाग के एबीपीओ जावेद अली, एबीपीओ अरशद सहित अकाउंटेंट असलम ने भी धोखाधड़ी और साजिश रचकर उसका साथ दिया. गांव के कुछ नाबालिग बच्चों की उम्र बदलकर और कुछ मृतक व्यक्तियों के फर्जी जॉब कार्ड बनाए गए. इसके बाद अलग-अलग बैंकों में फर्जी खाते खुलवाकर अलग-अलग किस्तों में करोड़ों रुपये हड़पे गए हैं।

# यमुनानगर थाना प्रभारी की बेटी को दहेज की खातिर उतारा मौत के घाट

## 18 महीने पहले हुई थी लड़की की शादी

अदिति गौड़
कार्यालय संवाददाता,
दैनिक समाज जागरण, हरियाणा

चण्डीगढ़, सितम्बरः यमुनानगर में तैनात थानेदार की लड़की के ससुराल वाले विवाह में रिश्तेदारों को ज्वेलरी और दहेज में टॉप मॉडल गाड़ी ना देने और बेटा होने के बाद भी रिश्तेदारों को ज्वेलरी ना डालने से परेशान कर रहे थे ।

ससुराल पक्ष के लोग उनकी बेटी की हत्या के बाद शव को अस्पताल में छोड़ फरार हुए बताये जा रहे हैं।

पुलिस ने मृतका के पति सास- ससुर और उनके परिवार में दो अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### 22 सितम्बर को मोहाली क्रिकेट स्टेडियम में आस्ट्रेलिया और भारत की टीमों के बीच हो रहा वर्ल्ड कप जीतने का मैच

# भारत और आस्ट्रेलिया की टीमें रुकी हैं एक ही स्थान पर

## मेहमान क्रिकेट खिलाड़ियों के ठहराव के लिए चण्डीगढ़ के ललित होटल में व्यवस्था

विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः भारत के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के बाद वर्ल्ड कप खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम बुधवार को सायंकाल में चंडीगढ़ पहुंच चुकी थी। भारत की टीम के देर रात तक चंडीगढ़ पहुंचने के बाद वे भी इसी होटल में ठहरे।

### द ललित होटल में ठहरेंगी टीमें

दोनों टीम चंडीगढ़ के आईटी पार्क स्थित द ललित होटल में ठहरेंगी। होटल के बाहर भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। खिलाड़ियों की सुरक्षा में यहां पर नाकेबंदी कर दी गई है। होटल की तरफ आने वाले हर वाहन की जांच की जा रही है। मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में 22 सितंबर को भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मैच खेला जाएगा।

# हरियाणा की 11और जेलों के साथ लगती जमीन पर खुलेंगे पैट्रोल पंप- रणजीत सिंह चौटाला

विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के जेल मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा है कि कुरुक्षेत्र जेल के साथ लगती जमीन पर पेट्रोल पंप स्थापित करने के सफल प्रयोग के बाद अब सरकार ने प्रदेश की 11 और जेलों के साथ लगती जमीन पर पेट्रोल पंप स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नीतिगत निर्णय को सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। चौधरी रणजीत सिंह आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जेल के साथ संचालित पेट्रोल पंप से 90 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक सालाना आय हुई है। इसलिए सरकार ने 11 और पेट्रोल पंप स्थापित करने का निर्णय लिया है। ये पेट्रोल पंप इण्डियन ऑयल कॉर्पोरेशन द्वारा स्थापित किए जाएंगे। सालासर बालाजी के श्रद्धालुओं के लिए हिसार, महेंद्रगढ़ और भिवानी में बंदियों से प्रसाद बनवाकर बेचा जाएगा 30 फीसदी डिस्काउंट पर

उन्होंने कहा कि हरियाणा से बड़ी संख्या में लोग सालासर बालाजी धाम मंदिर सवामणी लगाने जाते हैं, इसे देखते हुए यह भी निर्णय लिया है कि हिसार, महेंद्रगढ़ व भिवानी जेल में कैदियों द्वारा सालासर बालाजी का प्रसाद बनाया जाएगा। जेल परिसर के बाहर विशेष काउंटर खोले जाएंगे, जहाँ पर लोग इस प्रसाद को बाजार से 30 प्रतिशत कम भाव पर ले सकेंगे।

### हरियाणा में बंदियों के लिए बनेंगी 3 नई जेल

जेल मंत्री ने कहा कि भिवानी में नई जेल बनने के बाद अब चरखी दादरी, फतेहाबाद व रोहतक में नई जेल बनने जा रही है। इसके अलावा, अंबाला की सेंट्रल जेल को भी बाहर शिफ्ट किया जाएगा, जिसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। वर्तमान में जेलों की क्षमता लगभग 21,500 है और हवालाती व बंदियों की संख्या



लगभग 26,000 है।

उन्होंने कहा कि भिवानी जेल के उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने बंदियों की खुराक व अन्य व्यवस्था के लिए 14 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। इससे बंदियों को खाने में सब्जी व दाल तथा मिठाई भी दी जाती है, पहले केवल दाल रोटी दी जाती थी। उन्होंने कहा कि श्री सुशील मोदी की अध्यक्षता में आई संसद की स्थायी कमेटी ने भौंडसी जेल का निरीक्षण करते हुए विजिटर बुक में लिखा कि हरियाणा की जेलों में देश के अन्य प्रदेशों के मुकाबले बेहतर व्यवस्था है।

# हरियाणा में खिलाड़ियों के हित में सरकार ने उठाए कई कदम

विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब

चण्डीगढ़, 21 सितम्बरः हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के हित में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसकी बदौलत आज हरियाणा खेल के क्षेत्र में सिरमौर बना हुआ है।

उपमुख्यमंत्री ने यह बात नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय महिला हैंडबाल टीम के सदस्यों से बात करने के बाद कही । इस अवसर पर हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने डिप्टी सीएम से सभी



खिलाडियों का परिचय करवाया।

यह राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल टीम चीन में होने वाले एशियाई गेम्स में शिरकत करने जा रही है। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हैंडबॉल टीम के खिलाड़ियों को एशियाई गेम्स के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा दे रही है।

सरकार खिलाड़ियों को कई सुविधाएं उपलब्ध करवा कर उनके खेलों को तराशने का काम कर रही है। आज खेल जगत में हरियाणा का बड़ा नाम है। हमारे युवा बड़ी उपलब्धियां प्राप्त कर देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देने के साथ-साथ सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं। अवार्ड पाने वाले खिलाड़ियों को मासिक मानदेय भी दिया जाता है।

# कनाडा में पंजाबी गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या

## सुक्खा दुनेके जाली पासपोर्ट पर भागा

18 से ज्यादा केस, एन. आई. ए. की लिस्ट में था शामिल

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण

चण्डीगढ़, 21 सितम्बरः खालिस्तान टाइगर फोर्स के आतंकी हरदीप निज्जर के कत्ल



को लेकर भारत-कनाडा के बीच तनाव के बीच कनाडा में भारत के ए कैटेगरी गैंगस्टर सुखदूल सिंह गिल उर्फ सुक्खा दुनेके का कत्ल कर दिया गया है। वह पंजाब से साल 2017 में जाली पासपोर्ट तैयार करवा कनाडा फरार हुआ था ।

शुरूआती जानकारी के अनुसार सुक्खा दुनेके को कनाडा के विनीपिग में गोलियां मारी गई हैं। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह उन 41 आतंकियों व गैंगस्टरों की सूची में शामिल था, जिसे एन आई ए ने भी जारी किया था। कनाड़ा में खालिस्तानी निज्जर के

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन
समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। ऑफड़ 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक
साइज 3X5 Cm

# हरियाणा के सोनीपत औद्योगिक क्षेत्र में 2 फैक्टरियाँ आई आग की चपेट में करोड़ों के नुक्सान की आशंका

विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण, हरियाणा, पंजाब




चण्डीगढ़,21 सितम्बरः हरियाणा के सोनीपत में बड़ी इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 स्थित दो फैक्ट्रियों में भीषण आग लग गई है। दोनों फैक्ट्रियों में एक केमिकल फैक्ट्री है तो एक टेक्सटाइल। आग की लपटों के साथ काले धुएं का गुबार फैक्ट्रियों से निकलता देखा जा रहा है। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। बताया जा रहा है कि, दोनों फैक्ट्रियों में काम करने वाले कर्मचारियों ने समय रहते भागकर अपनी जान बचाई है। फिलहाल आग को लेकर आसपास दहशत का माहौल है। क्योंकि पास में और भी फैक्ट्रियां हैं। आग फैलने को लेकर लोग डरे हुए हैं। हालांकि, अभी आग लगने के कारणों और इससे हुए माली नुकसान का पता नहीं चला है। लेकिन इस आगजनी में करोड़ों के नुकसान की आशंका है।

आग की घटना को लेकर पुलिस-प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद है। सुरक्षा के मद्देनजर घटनास्थल के पास से लोगों और वाहनों को दूर किया जा रहा है।

# पानीपत शहर के यात्रियों की बड़ी मुश्किल हुई हल ,परिवहन विभाग ने दी मंजूरी

पानीपतः रात के समय पानीपत शहर से नए बस स्टैंड जाने के लिए उपयुक्त वाहन नहीं मिलने से माताओं और बुजुर्गों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था. जिसे देखते हुए विधायक विज ने बीते दिन चंडीगढ़ में समस्या के समाधान के लिए परिवहन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव नवदीप सिंह विर्क और निदेशक यशपाल सिंह से मुलाकात करके रात के समय रोडवेज बसें फ्लाईओवर के नीचे से गुजरें इसकी मांग की गई. परिवहन निदेशक ने विधायक विज की मांग को तत्काल स्वीकार करते हुए रोडवेज महाप्रबंधकों को रात के समय बसें पुल के नीचे से ले जाने के आदेश जारी किए.

# हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में बढा डेंगू का प्रकोप

विनोद कश्यप, प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा पंजाब व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा में मच्छरे लोगों को परेशान कर रहे हैं। क्योंकि यहां डेंगू के मामले तेज ड्रफ्तारे से बढ़ रहे हैं। एक महीने में मरीजों की संख्या में साढ़े 4 गुना की बढ़ोतरी हुई है। 21 अगस्त तक राज्य में मात्र 696 मरीज मिले थे लेकिन अब आंकड़ा बढ़कर 3115 हो गया है।

प्रदेश में अब तक मलेरिया के 60 मरीज मिल चुके हैं। यह तीन वर्षों में सर्वाधिक है। 2021 में 54 तो 2022 में सिर्फ 52 लोगों को मलेरिया हुआ था। लेकिन इस साल अब तक ही 60 मरीज मिल चुके हैं। एक माह पहले संख्या 33 थी। यानी इस अवधि में केसों की संख्या दो गुना हो गई है।

### इन जिलों में सबसे ज्यादा केस.

राज्य में सबसे ज्यादा केस अब तक चरखी दादरी, रेवाड़ी, रोहतक, यमुनानगर, झज्जर व अम्बाला मिले हैं। चरखी दादरी में जहां सर्वाधिक 321 मरीज अब तक मिल चुके हैं, वहीं बाकी उक्त जिलों में भी 200 से ज्यादा लोग डेंगू का शिकार हो चुके हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने 150 वार्ड और 853 बेड सिविल अस्पतालों में रिजर्व किए हैं।

# हरियाणा के मुख्यसचिव श्री कौशल ने मानेसर क्षेत्र के औद्योगिक मॉडल टाउन में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत करने के लिए दिए आदेश

विनोद कश्यप, प्रभारी, दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बर हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने नगर आयुक्त, मानेसर (गुरुग्राम) को औद्योगिक मॉडल टाउन (आईएमटी) मानेसर क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिए। श्री कौशल ने नगर निगम आयुक्त को योजना में निवासियों और आईएमटी मानेसर एसोसिएशन द्वारा दिए गए बहुमूल्य सुझावों को शामिल करने के भी निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने आईएमटी मानेसर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल के साथ एक बैठक की जिसमें आईएमटी क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया।

श्री कौशल ने आईएमटी क्षेत्र के भीतर प्रमुख सडकों के किनारे ग्रीन बेल्ट को बढ़ाने के लिए एचएसआईआईडीसी द्वारा किए गए विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने इस ग्रीन बेल्ट विकास को प्रमुख मार्गों की तरह आईएमटी सेक्टर की आंतरिक सडकों तक विस्तारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अलावा, उन्होंने उद्योगपतियों से अपने संबंधित भूखंडों के सामने ग्रीन बेल्ट को सक्रिय रूप से बनाए रखने के लिए नगर निगम के साथ सहयोग करने का आग्रह किया।

इसके अतिरिक्त, मुख्य सचिव ने कहा कि ग्रीन बेल्ट के रखरखाव के लिए किसी विशेष जिम्मेदार संस्था का नाम प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को आईएमटी क्षेत्र में ग्रीन बेल्ट में किए गए सभी विकास पहलों को प्रदर्शित करने वाला एक व्यापक वीडियो बनाने के भी निर्देश दिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वीडियो में आईएमटी क्षेत्र के योगदान को प्रमुखता से दिखाया जाए।

कौशल ने अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्रों में सडक, स्ट्रीट लाइटिंग और कचरा प्रबंधन जैसी सहूलियतें बनाने के भी निर्देश जारी किये हैं।

# पंचकूला सेक्टर 1 कॉलेज में जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

छाया मल्होत्रा वत्स दैनिक समाज जागरण

पंचकूला, सितम्बरः राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , सेक्टर 1 ,पंचकूला में बुधवार को हरियाणा स्टेट काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सौजन्य से जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या बबिता वर्मा द्वारा की गई। प्रतियोगिता में सेक्टर 1 के साथ ,राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 14,पंचकूला और श्रीमती अरुणा आसफ अली राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कालका समेत 30 छात्रों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में डॉ गुपौल सिंह ढींगरा, डॉ ए के तनेजा और डॉ रमेश डोगरा ने बतौर निर्णायक भूमिका निभाकर श्रेष्ठ 10 छात्रों का चयन किया। सेक्टर 1 कॉलेज से नवज्योति, अर्पित, श्रीराम, सार्थक, कोमल और आदित्य का चयन किया गया। वहीं श्रीमती अरुणा आसफ अली राजकीय महाविद्यालय,कालका से उपासना और ध्वनि



तथा सेक्टर 14 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय से सिमरन को चयनित किया गया।

सेक्टर 1 कॉलेज की प्राचार्य बबिता वर्मा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को मंडल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर डॉ भूपिंदर कौर(नव नियुक्त प्राचार्या) भी मौजूद थीं। कार्यक्रम का संयोजन प्रो मीनाक्षी निर्माण और प्रो अंकिता ने किया। कार्यक्रम में विज्ञान संकट से सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# हरियाणा में प्राथमिक शिक्षकों के इंटर डिस्ट्रिक्ट तबादले कल से होंगे शुरू

विनोद कश्यप
प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के टीचर्स के लिए इन दिनों ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया शुरू है। प्राइमरी टीचर्स इंटर डिस्ट्रिक्ट की ट्रांसफर प्रक्रिया अभी तक पूरी हो चुकी है। अब 2008 बैच के पीआरटी टीचर्स की प्रक्रिया 22 सितंबर से शुरू की जाएगी। इस प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने पीआरटी की जिलेवार और श्रेणीवार रिक्तियों को प्रसारित किया था ताकि शिक्षक अपनी पसंद के जिले का चयन कर सकें।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी दावा किया है कि अभी तक किए गए शिक्षकों के ट्रांसफर में 92 प्रतिशत टीचर्स को उनकी पहली पसंद का जिला मिला है।

### 324 पीआरटी ने किया था स्वेच्छा से आवेदन

हरियाणा के मौलिक शिक्षा विभाग के द्वारा ढफ्ळ के लिए अंतर जिला स्थानांतरण अभियान शुरू किया था। इसमें विभिन्न जिलों से 324 पीआरटी ने स्वेच्छा से आवेदन किया था। इन 324 शिक्षकों को वरीयता अनुसार 21 जिलों का विकल्प भरने को कहा गया था। स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद 92 प्रतिशत शिक्षकों को उनकी पहली पसंद का जिला, 7 प्रतिशत शिक्षकों को दूसरी पसंद का जिला और 1 प्रतिशत शिक्षकों को तीसरी पसंद का जिला मिला है।

### इस स्थानांतरण से शिक्षक संतुष्ट हैं और शिक्षकों ने पारदर्शी स्थानांतरण प्रक्रिया के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

### ट्रांसफर में आई कानूनी अड़चनें

पीआरटी स्थानांतरण में कुछ कानूनी अड़चनें भी आई। विभाग ने 13 सितंबर को 2004, 2008 और 2011 बैच के ढफ्ळ के लिए अंतर जिला स्थानांतरण, 2017 बैच के पीआरटी के लिए स्थायी जिला आवंटन और सभी श्रेणियों के शिक्षकों के सामान्य स्थानांतरण के लिए कार्यक्रम जारी किया था।

इस प्रक्रिया को त्रुटि रहित बनाने के लिए विभाग ने शिक्षकों को विभागीय पोर्टल पर अपना डाटा अपडेट करने के लिए पर्याप्त समय देकर डाटा अपडेशन पर काम किया। विभाग द्वारा 21 सितंबर, 2023 को तबादलों के आदेश जारी हो जाएंगे।

### दूसरे राज्य भी कर रहे फॉलो

सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि हरियाणा की ऑनलाइन टीचर्स ट्रांसफर पॉलिसी अन्य राज्यों द्वारा भी सराही जा रही है। वे इसका अनुसरण कर रहे हैं। यह कदम शिक्षा के क्षेत्र में एक नई उम्मीद और प्रेरणा का स्रोत है, जो बच्चों के भविष्य के लिए एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है।

मुख्यमंत्री ने खुद कई दौर की बैठकें कर ऑनलाइन स्थानांतरण नीति तैयार की है, जिससे शिक्षकों का अपने चुने हुए स्थान पर स्थानांतरण होता है और वे पूरे मन से बच्चों को शिक्षित करेंगे।

# अधिकारियों की अनदेखी पर कानपुर में लाइट ठीक करने पोल पर चढ़ी पार्षद

### *महिला पार्षद काफी समय से कर रही हैं लाइट ठीक करने की मांग लेकिन अधिकारी नहीं कर रहे उनकी सुनवाई*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां बम्बुरैया क्षेत्र के लोग बिजली की समस्या से परेशान हैं । जर्जर तारों से शार्ट सर्किट होता है, जिससे बिजली घंटे के लिए चली जाती है` इसी समस्या के लिए लोग महिला पार्षद से मिले और पार्षद ने समस्या के निस्तारण के लिए अधिकारियों से कहा लेकिन अधिकारियों ने उनकी शिकायत पर कोई ध्यान नहीं दिया ,जिसके फलस्वरूप महिला पार्षद बिजली ठीक करने के लिए पोल पर खुद चढ़ गईं। उनका आरोप है कि अधिकारियों के 10 दिन से चक्कर लगा रहे हैं, रात होते ही गलियां में सन्नाटा पसर जाता है उसके बावजूद भी अधिकारियों ने बिजली की समस्या का समाधान नहीं किया ,जिसके चलते मजबूरी में ही वह बिजली ठीक करने के लिए खुद पोल पर चढ़ गईं। अवगत करा दें कि आजकल नगर निगम और बिजली लाइन ठीक करने वाली कंपनी ई ई एस एल विवाद चल रहा है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वार्ड 14 जूही बम्बूरहिया की शालू कनौजिया का दावा है कि उन्होंने पहले दिन बंद पड़ी 10 स्ट्रीट लाइट्स को ठीक किया है। महिला पार्षद का कहना है कि उनके वार्ड में 200 से ज्यादा लाइटें बंद पड़ी हुई हैं, इन्हें ठीक कराने के लिए उन्होंने नगर निगम के मार्ग प्रकाश विभाग में अब तक कई शिकायतें की हैं, लेकिनआज तक किसी भी अधिकारी नहीं समस्या का समाधान नहीं किया। तब उन्होंने खुद ही अपने वार्ड की लाइटें सही करने का निर्णय लिया। फिलहाल महिला पार्षद की यह कार्य शैली इलाके में भी चर्चा का विषय बनी हुई है`



# स्वस्थ बच्चा ही आगे जाकर स्वस्थ समाज का निर्माण करता है,,,, स्वास्थ्य मंत्री

### *गैरतगंज में "बाल स्वास्थ्य और पोषण" संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित।*

रायसेन। गैरतगंज में राष्ट्रीय पोषण माह 2023 के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तत्वधान में आयोजित ह्लबाल स्वास्थ्य और पोषणह्न- संवेदीकरण कार्यक्रम का स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री प्रियंक कानूनगो द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशानुरूप पूरे प्रदेश में पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह बहु-विभागीय कन्वर्जेन्स का अभियान है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन सुपोषण भारत-कुपोषण मुक्त भारत पर आधारित है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य और पोषण हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण विषय है। एक स्वस्थ बच्चा ही आगे जाकर स्वस्थ समाज का निर्माण करता है और प्रत्येक बच्चा स्वस्थ हो इसके लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रसव के समय आर्थिक सहायता योजना, संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन देना, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण सहित अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। महिला बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती व धात्री महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए पोषण आहारों की जानकारी दी जाती है। साथ ही शत-प्रतिशत टीकाकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान के प्रभावशली क्रियान्वयन हेतु जन आंदोलन और सामुदायिक भागीदारी आवश्यक घटक है। इसी अनुक्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पोषण माह का आयोजन 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक किया जा रहा है। जिसमें पोषण से संबंधित समस्त अभिसरण विभागों के समन्वय एवं समेकित प्रयासों से पूरे जिले में कुपोषण के स्तर को कम किए जाने, जनजागरूकता लाने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। दस्तक अभियान, मिशन इन्द्रधनुष चलाकर बच्चों का टीकाकरण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पोषण माह के दौरान विभिन्न गतिविधियों के आयोजन में प्रदेश स्तर पर रायसेन जिला 11वे नम्बर है। संभाग स्तर पर रायसेन जिला प्रथम स्थान पर है।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि पोषण माह अंतर्गत सही मायनों में बच्चों को सुपोषित करने, भारत को सशक्त और साक्षर बनाने की दिशा में आगे बढ़ सके, जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ सके, इस दृष्टिकोण से भव्य रूप में यह आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह में अनेकों गतिविधियां, कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिससे कि पोषण का महत्व समझते हुए जागरूकता आए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु गैरतगंज को चयनित करने का कारण यह है कि गैरतगंज देश का पहला विकासखण्ड है जहां सफलतापूर्वक आईसीडीएच योजना का संचालन एनजीओ के सहयोग से किया जा रहा है। यह सभी की मेहनत और लगन का परिणाम है तथा गैरतगंज के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि पोषण माह अंतर्गत बच्चों की शारीरिक माप लेने का उद्देश्य यह भी है कि यदि कुछ बच्चे चिकित्सकीय सहायता वाले मिलते हैं तो हम उनका विकासखण्ड या जिला अस्पताल में बेहतर इलाज करवा सकें। हमें माताओं में कोलेस्ट्रेम फीडिंग या जन्म के समय दुग्धपान या 6 माह तक सिर्फ स्तनपान को प्रोत्साहन देना होगा। कार्यक्रम में मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य श्री ओमकार सिंह तथा श्रीमती सोनम निनामा, एनसीपीसीआर की सदस्य सचिव श्रीमती रूपाली बेनर्जी सिंह ने भी संबोधित किया। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत ने जिले में पोषण माह के दौरान विभाग द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों तथा कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्री जिनेश सिंघई, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, महिला बाल विकास विभाग के सहायक संचालक श्री संजय गहरवाल सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



**पोषण प्रदर्शनी का किया अवलोकन,,,,**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी तथा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष कानूनगो ने कार्यक्रम स्थल पर एकीकृत बाल विकास परियोजना गैरतगंज द्वारा लगाई गई पोषण प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शन में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों पर जाकर पोषण से भरपूर व्यंजनों का अवलोकन कर सराहना की। यह पोषण व्यंजन घर पर सुगमता से उपलब्ध होने वाली सामग्री से बनाए गए हैं। मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# वेतन न मिलने से परेशान सफाई कर्मी सपरिवार पहुंचा नपा कार्यालय,आत्महत्या की दी चेतावनी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(22 सितंबर )नगर पालिका बालाघाट परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया,जब दो महीने से वेतन न मिलने से परेशान एक सफाईकर्मी अपने परिवार के साथ जहरीला पदार्थ लेकर पहुंच गया। नरेश हंस नामक कर्मी ने जल्द वेतन न मिलने पर परिवार सहित आत्महत्या करने की धमकी दें डाली जिससे नपा प्रशासन सकते में आ गया,इसके बाद अन्य सफाईकर्मियों ने भी वेतन न मिलने पर परिसर में जमकर हंगामा मचाया।

**जल्द भुगतान का दिया भरोसा**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत श्रीवास्तव ने नरेश सहित अन्य सफाईकर्मियों को जल्द भुगतान करने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा में चार सौ से अधिक सफाईकर्मी कार्यरत हैं, लेकिन इनमें से लगभग एक दर्जन कर्मचारी अपने दायित्व सही ढंग से नहीं निभा रहे थे।जिनकी लगातार मिल रही शिकायत के बाद नगर पालिका सीएमओ ने ऐसे लगभग 15 कर्मचारियों के वेतन रोकने का आदेश जारी किया था।

सीएमओ के अनुसार, ये वे कर्मचारी हैं जो नियमित काम पर नहीं आते हैं और बिना किसी जानकारी के काम से गायब हो जाते हैं। कर्मियों की इस तरह की अनुशासनहीनता के कारण प्रबंधन ने वेतन रोकने का आदेश जारी किया था, जिसके बाद कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रबंधन की मानें तो जिन सफाई कर्मचारियों के वेतन रोके गए थे, उनके बैंक खातों में राशि हस्तांतरित कर दी गई है, लेकिन भविष्य में भी अगर इनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जाएगी तो वेतन रोकने के साथ अन्य कार्रवाई की जा सकती है।

**नियमित कर्मचारी भी चपेट में**

इस संबंध में सफाईकर्मियों ने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब सफाईकर्मियों को वेतन के लिए परेशान होना पड़े। जो कर्मचारी नियमित रूप से अपने दायित्व निभा रहे हैं, उन्हें भी वेतन के लिए दो से तीन महीनों का इंतजार करना पड़ता है। नपा कर्मियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं करती है। इससे हमें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वेतन नहीं मिलने के चलते सिर्फ सफाईकर्मी ही नहीं, अन्य विभागों के कर्मचारी भी ब्याज पर कर्जा लेकर परिवार का भरणपोषण कर रहे हैं। कर्मचारियों की मांग है कि नपा हर महीने एक तय तिथि पर वेतन का भुगतान करे।जिससे हम परेशानियों से बच सके।



# गणेश जी के गुणों व शक्तियों को अपनाने के संकल्प के साथ करें विसर्जन- ब्रह्माकुमारी

रायसेन। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंसापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र पर विघन विनाशक गणेश का पर्व धूमधाम से मनाया गया जिसमें ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने गणेश जी के आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि भारत देश के त्यौहार यहां की संस्कृति की विशेषताएं हैं। भारत की आध्यात्मिक पृष्ठभूमि के कारण यह दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र है और इसी वजह से इसे आध्यात्मिक गुरू व विश्व गुरु का दर्जा दिया गया है। जिसने दुनिया की सोच को एक नई दिशा दी है इन त्यौहारों के पीछे जीवन के गहरे सिद्धांत छिपे हैं परंतु समय के साथ लोग उनके आध्यात्मिक रहस्य को भूल गए और वह मात्र परम्पराएं बनकर रह गई। हम परमात्मा से संबंध जोड़कर उन गुणों व शक्तियों को अपने जीवन में समाकर जीवन के विघ्नों पर विजय पा सकते हैं। सभी से यह अनुरोध भी किया कि यदि गणेश उत्सव को सार्थक बनाना है तो विसर्जन के साथ हमें गणेश जी की विशेषताओं को धारण करने का संकल्प भी लेना होगा। दीदी ने गणपतिजी के बड़े कान, चौड़ा माथा, छोटी आंखें, लंबी सुढ, छोटा मुंह, बड़ा पेट, एक दांत, चूहे की सवारी, उनके हाथों के अलंकार कुल्हाड़ी, रस्सी, मोदक और वरद हस्त के आध्यात्मिक रहस्यौ को बताते हुए कहा कि उनका भव्य मस्तक बुद्धि की विशेष विशालता और विवेकशीलता का, बड़े कान उनके श्रवण का अर्थात कम बोलने अधिक सुनने का, छोटी आंख एकाग्रता का, एक दांत बुराइयों को मिटाने व अच्छाइयों को धारण करने का, सुण्ड कार्यकुशलता व स्वयं को मोल्ड करने का प्रतीक है। जैसे हाथी को कुछ भी मिलता है तो वह महावत को समर्पित कर देता है उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन के मान, सम्मान सभी प्राप्तियां को परमात्मा को समर्पित कर मन की इच्छा से परे निर्माण भाव के साथ रहना चाहिए, बड़ा पेट सामाने की शक्ति की प्रेरणा देता है कि हम परिवार में एक दूसरे की बातों को सहन करें व समा लें। चूहे की सवारी अर्थात विकारों पर विजय प्राप्त करने, कुल्हाड़ी का तात्पर्य सभी बंधनों को काटने से हैं अर्थात आध्यात्मिकता को अपनाने में जो भी देह, पदार्थ, व्यक्ति, वैभव के विघ्न आते हैं उस पर जीत प्राप्त करना, रस्सी अनुशासन में रहने, लड्डू व मोदक मुदित भाव में रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर गणेश जी के निमित्त बहनों ने मोदक बनाकर भोग लगाया अधिक संख्या में माता बहनों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।



# प्रकाशकों तथा मुद्रकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

### *जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में प्रकाशकों, मुद्रकों की बैठक सम्पन्न*

रायसेन। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रकाशकों तथा मुद्रकों की बैठक सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा सभी प्रकाशकों तथा मुद्रकों को निर्वाचन प्रचार के लिए छपवाए जाने वाले निर्वाचन पर्चो, पोस्टर्स और फ्लैक्स आदि का मुद्रण और प्रकाशन के दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127-क में किए प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि सभी मुद्रित सामग्री में प्रकाशक तथा मुद्रक का नाम, निर्वाचन पता एवं संख्या का उल्लेख करना अनिवार्य है। कलेक्टर ने कहा कि प्रेस संचालक, मुद्रक, प्रकाशकों से कहा कि मुद्रित कराने आने वाली सामग्री का अपने स्तर पर भी अध्ययन करें कि उस सामग्री में कोई भी ऐसी बात सम्मलित न की गई हो जो संविधान की मूल अवधारण के विरूद्ध हो और समाज में धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र के आधार पर द्वेष फैलाने वाली हो। उन्होंने सभी प्रकाशकों, मुद्रकों से कहा कि ऐसी किसी भी निर्वाचन पैम्पलेट अथवा पोस्टर का मुद्रण या प्रकाशन नहीं किया जाए अथवा मुद्रित या प्रकाशित नहीं करवाया जाए जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक एवं इसके प्रकाशक का नाम व पता नहीं लिखा हो। इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पैम्फलेट या पोस्टर अथवा निर्वाचन सामग्री का मुद्रण नहीं करेगा और ना ही मुद्रित करवाएगा जब तक कि प्रकाशक की पहचान की घोषणा उनके द्वारा हस्ताक्षरित तथा दो व्यक्ति जो उन्हें व्यक्तिगत रूप से जानते हों, द्वारा सत्यापित ना हो एवं जिसे उनके द्वारा डुप्लीकेट में मुद्रक को न दिया जाए तथा जब तक कि दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात उचित समय पर मुद्रक द्वारा दस्तावेज की एक प्रति के साथ घोषणा की एक प्रति न भेजी जाए। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग तथा जिला कोषालय अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता ने प्रेस संचालकों, मुद्रकों तथा प्रकाशकों को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127-क के प्रावधानों तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने मुद्रित की जाने वाली सामग्री का भुगतान चेक से या ऑनलाईन माध्यम से लेने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने की स्थिति में संबंधित प्रेस संचालक, मुद्रक या प्रकाशक के खिलाफ दो हजार रूपए तक का जुमार्ना या छः माह का कारावास या दोनों से दण्डित किए जाने का प्रावधान है। बैठक में प्रेस संचालक, मुद्रकों तथा प्रकाशकों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।



# अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी को सीपत पुलिस ने किया गिरफ्तार

### *आरोपी के कब्जे से 13 नग देशी प्लेन शराब व 02 नग विस्की अंग्रेजी शराब जप्त*

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख, ओम गोस्वामी**

सीपत। निजात अभियान के तहत सीपत थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब की बिक्री को लेकर जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे)जिला बिलासपुर द्वारा निजात अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रांतर्गत नशीले पदार्थो का अवैध बिक्री करने वालों के विरूध्द अधिक से अधिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है जिसके मद्देनजर पेट्रोलिंग किया जा रहा था इसी दौरान ग्राम कौड़िया लक्ष्मी नारायण राठौर अपने घर के सामने अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है की सूचना पर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया आरोपी लक्ष्मी नारायण राठौर द्वारा अपने घर के सामने अवैध रूप से 73 पाव देशी शराब 02 पाव विस्की रखकर एवम् बिक्री रकम 1500 रूपय कुल कीमती 7560 रखा था जिसे विधिवत आरोपी के कब्जे से जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत आरोपी लक्ष्मी नारायण राठौर पिता फते राम राठौर उम्र 45 साल निवासी कौड़िया थाना सीपत को गिरफ्तार कर न्यायालय बिलासपुर में पेश किया गया है।उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. नरेश कुमार चौहान के साथ सउनि बृजमोहन कश्यप आर.चन्द्रप्रकाश भारद्वाज प्रदीप सोनी विनोद केवट का सराहनीय योगदान रहा है ।



## स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने समनापुरकला में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया भूमिपूजन

### ग्राम अंधियारी और बाढ़ेर में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का किया भूमिपूजन

**रायसेन, 21 सितम्बर 2023**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा गैरतगंज विकासखण्ड के ग्राम समनापुरकला में 295.45 लाख रू की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। उन्होंने ग्राम अंधियारी में आयोजित कार्यक्रम में 71.16 लाख रू लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र मय सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आवास भवन तथा ग्राम बाढ़ेर में 71.16 लाख रू लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र मय सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आवास भवन निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने इस दौरान मुख्यमंत्री चरण पादुका योजना अंतर्गत तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुकाएं, पानी की बॉटल सहित अन्य सामग्री भी वितरित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीणों को इलाज के लिए परेशानी ना हो, उन्हें त्वरित इलाज मिले इसके लिए गॉवों में स्वास्थ्य केन्द्र खोले जा रहे हैं। समनापुरकला में लगभग तीन करोड़ रू की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन बनकर तैयार होगा। इसी प्रकार अंधियारी और बाढेर में भी उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन बनकर तैयार होंगे, जिनका आज भूमिपूजन किया गया है। इन स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के बन जाने से गांव में ही मरीजों की अनेक प्रकार की जांचें निःशुल्क होंगी और दवाईयां भी निःशुल्क मिलेगीं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि गॉव-गॉव में स्वास्थ्य सेवाओं का जाल बिछाया जा रहा है। नवीन उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जा रहे हैं। साथ ही पहले से स्थापित स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



# विकास रथों द्वारा जन-जन को दी जा रही है योजनाओं की जानकारी

**रायसेन, 21 सितम्बर 2023**

प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाने के लिए रायसेन जिले की सभी विधानसभाओं में ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में विकास रथों द्वारा निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। इसी क्रम में 21 सितम्बर को सियरमउ, किशपुरा, पिपलिया केवट, नोनिया बरेली सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर विकास रथों द्वारा एलईडी पर वीडियो क्लिप प्रसारित कर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ, मुख्यमंत्री किसान कल्याण सहित अन्य योजनाओं तथा विकास कार्यो की जानकारी दी गई।



# शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त

**रायसेन, 21 सितम्बर 2023**

जिले में माह सितम्बर में 25 सितम्बर को डोलग्यारस एवं 28 सितम्बर को अनंत चर्तुदशी का पर्व परम्परानुसार मनाया जाएगा। पर्वो के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अरविंद दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर पुलिस एक्ट की धारा 17 के अंतर्गत रायसेन जिले के वन विभाग एवं मंडी विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र अंतर्गत कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए 25 सितम्बर से 28 सितम्बर 2023 तक विशेष पुलिस अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# कलेक्टर श्री दुबे ने अधिकारियों को दिए बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने के आदेश

**रायसेन, 21 सितम्बर 2023**

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा सभी जिला अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों को सार्वजनिक अवकाश के दिवसों एवं कार्य दिवसों में पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना मुख्यालय नहीं छोड़ने के आदेश दिए गए हैं। विशेष परिस्थिति में समस्त प्रकार के अवकाश कलेक्टर से प्राप्त किए जाने के उपरांत ही अवकाश पर प्रस्थान करने के आदेश दिए गए हैं। अवकाश हेतु आवेदन अपर कलेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किए जाएंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# जिले में अब तक 1110 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 06 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, 21 सितम्बर 2023**

जिले में 01 जून 2023 से 21 सितम्बर 2023 तक 1110 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 433.9 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 21 सितम्बर 2023 तक जिले के वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 891.2 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1287.2, बेगमगंज में 1141.5, सिलवानी में 1000.6, गौहरगंज में 850, बरेली में 1504.8 उदयपुरा में 1308, बाड़ी में 940.5, सुल्तानपुर में 933 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 1243 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

बीते 24 घंटे में 06 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 21 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 06 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 0 मिलीमीटर, गैरतगंज में 8.2, बेगमगंज में 0, सिलवानी में 32.6, गौहरगंज में 0, बरेली में 0, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 0, सुल्तानपुर में 0 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 19.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने किया दौरा,हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(22 सितम्बर )केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर प्रभावितो को हर संभव मदद देने का भरोसा दिया।गुरुवार मंत्री गौरीशंकर बिसेन खैरलांजी विकासखंड के बाढ़ प्रभावित ग्राम टेमनी, कुम्हली, मोहाड का दौरा किये,जहां लगभग ७०० एकड़ खड़ी फसल को नुकसान होना पाया गया। विगत दिनों ज़िले में हुई भारी बारिश से कई क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई थी जिसमें विकासखंड खैरलांजी के भी



अनेक ग्राम प्रभावित हुए थे जिसका मुआवना करने मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन पहुँचे जिसपर मौके पर मौजूद अनुविभागीय अधिकारी वारासिवनी कामिनी ठाकुर, तहसीलदार खैरलांजी सहदेव मार्के को जल्द ही सर्वे करने के निर्देश मंत्री बिसेन के द्वारा दिये गये। मंत्री बिसेन ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप पर जो आपदा आई है इस परेशानी की घड़ी में प्रदेश की शिवराज सरकार आपके साथ है सभी कि फसलों का पूरा सर्वे होगा और सभी को उचित मुआवजा मिलेगा।

**सरपंच, उपसरपंच सहित ग्रामीणों ने ली भाजपा की सदस्यता**

मंत्री गौरीशंकर बिसेन ने ग्राम पंचायत मोहाड की सरपंच वर्षा होलूराम कहालकर व उपसरपंच शिवशंकर चावडे सहित लगभग आधा सैकड़ा लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई।सरपंच सहित अन्य लोगों ने बताया कि भाजपा व शिवराज सिंह चौहान से प्रेरित होकर सभी ने भाजपा की सदस्यता ली हैं।ग्राम पंचायत मोहाड के ग्रामवासियों ने अवगत कराया की पिछले कई दिनों से क्षेत्र की जानता बिजली की समस्या से जूझ रही है, जिसका त्वरित निराकरण करते हुए मंत्री बिसेन द्वारा डीई वारासिवनी मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी को दूरभाष के माध्यम से नवीन ट्रांसफार्मर लगाकर समस्या को समाप्त करने के निर्देश दिये ।

# पुलिस ने किया रात्रि में ताला तोड़कर घर में हुई चोरी की वारदात का खुलासा, मॉल भी पकड़ाया

रायसेन। पुलिस अधीक्षक रायसेन विकाश कुमार शाहवाल के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में संपूर्ण जिले में बड़े-बड़े गंभीर मामलों का खुलासा काफी कम समय में किया जाकर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है इसी क्रम में थाना गोहरगंज अंतर्गत दिनांक 20 फरवरी को फरियादी बृजमोहन सेन निवासी गोहरगंज की रिपोर्ट पर की 19 सितंबर को रात्रि 10:00 बजे में मेरे परिवार के साथ घर में ताला डालकर अपने गांव परिवार के साथ चला गया था रात्रि में मेरे घर के मेन गेट का ताला तोड़कर कोई अज्ञात चोर रात के समय घर में घुसकर घर में रखी गेहूं की बोरी एवं स्टील की गुल्लक तोड़कर उसमें रखे करीब 2750 रुपए तथा मिट्टी की गुल्लक में रखे चिल्लर पैसे गुल्लक सहित चुरा कर ले गया है थाना गोहरगंज में रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 142/2023 धारा 457 ,380 भादवि पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया चोरी की घटना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी गोहरगंज उप निरीक्षक आर के चौधरी को चोरों को अतिशीघ्र पकड़ कर माल बरामद करने के दिशा निर्देश दिए थे । अनुविभागीय अधिकारी अब्दुल्लागंज विकास कुमार पांडे के निर्देशन में थाना प्रभारी गौरगंज तथा स्टाफ द्वारा काफी प्रयासों के चलते घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी की तलाश करते हुए शंका गहराने पर आरोपी अमित केवट उर्फ गोलू पिता मूलचंद केवट उम्र 28 साल निवासी भोई मोहल्ला शिव मंदिर के पास गोहरगंज से पूछताछ की गई जिसने रात्रि में रॉड से घर का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चोरी किए गेहूं की बोरी एवं स्टील की गुल्लक तोड़कर चोरी किए गए नगदी 2580 / रुपए बरामद करने में सफलता प्राप्त की है आरोपी को आज माननीय न्यायालय गौहरगंज पेश किया जावेगा चोरी की वारदात का खुलासा करने में थाना प्रभारी गोहरगंज उप निरीक्षक आर के चौधरी के नेतृत्व में गठित स्टाफ टीम प्रधान आरक्षक राम मनोहर बोहरे, शिवराज सिंह ,आरक्षक बृजेश कुमार,नितेश कुमार के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद कर प्रकरण का निकाल करने में सफलता प्राप्त की है।



# वेतन न मिलने से परेशान सफाई कर्मी सपरिवार पहुंचा नपा कार्यालय,आत्महत्या की दी चेतावनी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(22 सितंबर )नगर पालिका बालाघाट परिसर में उस वक्त हड़कंप मच गया,जब दो महीने से वेतन न मिलने से परेशान एक सफाईकर्मी अपने परिवार के साथ जहरीला पदार्थ लेकर पहुंच गया। नरेश हंस नामक कर्मी ने जल्द वेतन न मिलने पर परिवार सहित आत्महत्या करने की धमकी दें डाली जिससे नपा प्रशासन सकते में आ गया,इसके बाद अन्य सफाईकर्मियों ने भी वेतन न मिलने पर परिसर में जमकर हंगामा मचाया।



**जल्द भुगतान का दिया भरोसा**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत श्रीवास्तव ने नरेश सहित अन्य सफाईकर्मियों को जल्द भुगतान करने का भरोसा दिलाया, जिसके बाद मामला शांत हुआ। जानकारी के अनुसार, नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा में चार सौ से अधिक सफाईकर्मी कार्यरत हैं, लेकिन इनमें से लगभग एक दर्जन कर्मचारी अपने दायित्व सही ढंग से नहीं निभा रहे थे।जिनकी लगातार मिल रही शिकायत के बाद नगर पालिका सीएमओ ने ऐसे लगभग 15 कर्मचारियों के वेतन रोकने का आदेश जारी किया था।

सीएमओ के अनुसार, ये वे कर्मचारी हैं जो नियमित काम पर नहीं आते हैं और बिना किसी जानकारी के काम से गायब हो जाते हैं। कर्मियों की इस तरह की अनुशासनहीनता के कारण प्रबंधन ने वेतन रोकने का आदेश जारी किया था, जिसके बाद कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रबंधन की मानें तो जिन सफाई कर्मचारियों के वेतन रोके गए थे, उनके बैंक खातों में राशि हस्तांतरित कर दी गई है, लेकिन भविष्य में भी अगर इनके द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जाएगी तो वेतन रोकने के साथ अन्य कार्रवाई की जा सकती है।

**नियमित कर्मचारी भी चपेट में**

इस संबंध में सफाईकर्मियों ने बताया कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब सफाईकर्मियों को वेतन के लिए परेशान होना पड़े। जो कर्मचारी नियमित रूप से अपने दायित्व निभा रहे हैं, उन्हें भी वेतन के लिए दो से तीन महीनों का इंतजार करना पड़ता है। नपा कर्मियों को समय पर वेतन का भुगतान नहीं करती है। इससे हमें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वेतन नहीं मिलने के चलते सिर्फ सफाईकर्मी ही नहीं, अन्य विभागों के कर्मचारी भी ब्याज पर कर्जा लेकर परिवार का भरणपोषण कर रहे हैं। कर्मचारियों की मांग है कि नपा हर महीने एक तय तिथि पर वेतन का भुगतान करे।जिससे हम परेशानियों से बच सके।

# अंतराज्यीय चरस तस्कर 05 लाख के चरस सहित गिरफ्तार हिर्री पुलिस ने की कार्यवाही

## जब्त मादक पदार्थ चरस 500 ग्राम कीमती 05 लाख रुपए

समाज जागरण ब्यूरो बिलासपुर। निजात अभियान तहत जिले के पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के निर्देश पर नशे के कारोबार करने वालो के विरूद्ध लगातार निजात अभियान अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है, इसी कड़ी में गुरुवार को हिर्री पुलिस को सूचना मिली कि मलकानगिरी उडिसा से भारी मात्रा में मादक पदार्थ चरस की तस्करी की जा रही है। हिर्री पुलिस को मिली उक्त सूचना पर थाना प्रभारी हरिश्चंद्र टान्डेकर द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस अधीक्षक बिलासपुर के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक दिशानिर्देष पर थाना प्रभारी हिर्री हरीश्चंद्र टान्डेकर, सउनि हेमंत सिंह, आर छोटे लाल पटेल, जोहन टोप्पो, श्याम साहू, सुखदेव कश्यप की टीम गठित कर मुखबिर की निशादेही पर पेंड्रीडीह चौक में मादक पदार्थ चरस लेकर वाहन की तलाश में खडे एक व्यक्ति को हिर्री पुलिस के द्वारा पकड़ा गया। जो अपना नाम भास्कर बेहरा पिता केदार बेहरा उम्र 21 साल निवासी-बालीमेला थाना ओरकेल जिला मलकानगिरी ओडिसा का बतलाया। जिसकी विधिवत तलाशी लेने पर बैग के अन्दर कपड़ों में नीचे छुपाकर रख गया अत्यंत नशीला एवं महंगा मादक पदार्थ चरस बरामद हुआ, पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये आरोपी से मादक पदार्थ चरस वजनी 500 ग्राम नगदी रकम 250 रुपए एवं बैग, कुल कीमती 05 लाख 250/रुपए का जप्त कर



अंर्तराज्यीय तस्कर आरोपी भास्कर बेहरा पिता केदार बेहरा उम्र 21 साल निवासी-बालीमेला थाना ओरकेल जिला मलकानगिरी ओडिसा के विरूद्ध धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट अन्तर्गत कार्यवाही कर थाना हिर्री में अपराध क्रं. 247/2023 पंजीबद्ध कर विवेचना मे ली गई है। उड़िसा निवासी अंर्तराज्यीय आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा जयपुर बालीमेला मलकानगिरी उडिसा से गांजा के खेतो से चरस निकाल कर ग्रहक की तलाश में बिलासपुर आना बतलाया। अंर्तराष्ट्रीय बाजार में जप्त मादक पदार्थ चरस जिसे हाशीश भी कहते है, की कीमत बहुत ज्यादा है। चरस गांजा के पौधो से निकला हुआ एक प्रकार का गोंद या चेप जैसा पदार्थ है जिसे पौधो के रेजिन से हाथों में रगड रगडकर तैयार किया जाता है।आरोपी सदर को जुडिशियल रिमांड पर भेजा गया है ।

## बड़ा आरोप: आतंकी निज्जर और पन्नू के कब्जे वाले गुरुद्वारों से जस्टिन ट्रूडो को जाता है लाखों पाउंड का चंदा

नई दिल्ली. पंजाब के लुधियाना से कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह ने कनाडा



के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और उनकी पार्टी पर भारत के मोस्ट वांटेड आतंकियों और गैंगस्टर को अपने देश में पनाह देने का आरोप लगाया है. कांग्रेस सांसद ने कहा कि सैकड़ो गुरुद्वारों पर हरदीप सिंह निज्जर और पन्नू का कब्जा है,

# छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी गई राहत से महंगाई से निपटने में महिलाओं को मिली मदद : प्रियंका गांधी

**समाज जागरण ब्यूरो**

भिलाई। छत्तीसगढ़ का नेतृत्व सेवाभावी है। वो आपके आज और कल दोनों को बुलंद बनाने काम कर रहा है। भूपेश सरकार की योजनाएं महिला सशक्तिकरण को केंद्र में रखकर बनाई गई हैं। छत्तीसगढ़ महतारी आज हर मंच में पूजी जा रही हैं। उनके एक हाथ में संस्कृति का कलश है और दूसरे हाथ में तकनीक है। छत्तीसगढ़ महतारी की समृद्धि के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। यह बात श्रीमती प्रियंका गांधी ने भिलाई के जयंती स्टेडियम में आयोजित विशाल महिला समृद्धि सम्मेलन के अवसर पर कही।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिलावासियों को 309 करोड़ 56 लाख रुपए के 186 विकास कार्यों की सौगात दी गई। इसमें 241 करोड़ 59 लाख रुपए के 123 भूमिपूजन कार्य तथा 67 करोड़ 97 लाख रुपए के 63 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस अवसर पर सांस्कृतिक धरोहर और पर्यटन केंद्रों को संवारने छत्तीसगढ़ महतारी सांस्कृतिक संवर्धन योजना लागू करने की घोषणा भी की।

दाई दीदी मन ल जोहार, छत्तीसगढ़ महतारी की जय और मां बम्लेश्वरी की जयकार के साथ आरंभ किये गये अपने संबोधन में श्रीमती प्रियंका गांधी ने कहा कि आप सभी जिस गंभीर समस्या से जूझ रही हैं वो महंगाई की समस्या है। छत्तीसगढ़ की सरकार ने हर संभव यह प्रयास किये हैं कि आपको आर्थिक रूप से ताकत दें ताकि आप इस समस्या से निजात पा सकें। छत्तीसगढ़ में धान का दाम सबसे अधिक है। पूरे देश में ऐसा कहीं नहीं है। जहां देश के दूसरे हिस्से में किसानों की संख्या घट रही है। छत्तीसगढ़ में लोग खेती की ओर लौट रहे हैं। किसानों को मिले उचित दाम की वजह से एवं छत्तीसगढ़ शासन की अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं से महंगाई का बोझ छत्तीसगढ़ की जनता पर घटा है। देश के किसी भी हिस्से में चले जाएं, आवारा पशुओं की वजह से खेती में बड़ी समस्या है। देश के कई प्रांतों में महिलाएं फसल की रखवाली करती हैं। छत्तीसगढ़ में सरकार ने गौठान बनाकर यह समस्या हल की है। मैं जिस भी प्रदेश में जाती हूँ इस बात का जिक्र जरूर करती हूँ।

श्रीमती गांधी ने कहा कि इस सम्मेलन में आने से पहले मैंने बहुत से स्टाल देखे। इसमें छत्तीसगढ़ में काम कर रहीं लाखों समूह की महिलाओं में से कुछ प्रतिनिधियों का काम देखा। आपका काम आपकी मेहनत और आपके जज्बे की मिसाल है। यह देश में महिला उद्यमशीलता का प्रतीक है। मैंने आत्मनिर्भर महिलाओं से चर्चा की। उनमें गहरा आत्मविश्वास मुझे दिखा। उनके चेहरे पर मुस्कुराहट है। उन्होंने मुझे बताया कि सरकार ने उनकी मदद की, आज वे अपने पैरों पर खड़ी हैं। मैं उन नौजवान डाक्टरों से मिलीं जो सेवाभाव से गांव गांव में मरीजों का उपचार कर रही हैं। उन महिलाओं से मिलीं जो समूहों से जुड़कर विविध उत्पाद बना रही हैं। समूह से जुड़कर उनकी कितनी तरक्की हुई है। यह सब सुनकर मुझे महसूस हुआ कि आज जो मैंने छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर देखी, उसमें उनके एक हाथ में संस्कृति का कलश है और दूसरे हाथ में तकनीक। यह आपकी तस्वीर है।

श्रीमती गांधी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं के लिए जितनी भी योजनाएं लाई हैं। ये ध्यान में रखकर लाई हैं कि वे इस देश की व्यवस्था की रीढ़ है। वे समाज का, परिवार का पूरा बोझ उठाती हैं। मुख्यमंत्री जी खुद अपने संबोधन में कह रहे थे कि घर परिवार दोनों की जिम्मेदारी आप निभा रही हैं। मैं जानती हूँ कि जो रात को आखिर में सोती हैं वो महिला हैं। जो हमारी संस्कृति है, हमारी अगली पीढ़ी का भविष्य महिलाएं बनाती हैं।

श्रीमती गांधी ने कहा कि आप सभी को सशक्त बनाने के लिए भूपेश बघेल जी की सरकार ने अनेक योजनाएं बनाईं। 10 लाख से अधिक महिलाएं समूहों से जुड़ी। कुछ समूह ऐसे हैं जिन्होंने लाखों रुपए कमाये हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का मानदेय भी उन्होंने



बढ़ाया। मितानिन बहनों का भी मानदेय बढ़ाया। दाई दीदी क्लिनिक आरंभ किया। निःशुल्क इलाज हो रहा है। महतारी जतन योजना एक ऐसी योजना है जिससे गर्भवती माताओं को अच्छा भोजन मिल रहा है। सरकारी स्कूलों में महिलाओं को मुफ्त शिक्षा दिलाई। महिला स्वसहायता समूहों में करोड़ों के ऋण माफ किये गये। मुख्यमंत्री नोनी सहायता योजना से मदद दी गई। मिशन क्लीन सिटी परियोजना के तहत हजारों महिलाएं कार्यरत हुईं। ऐसी कई योजनाएं प्रदेश सरकार ने मेरी बहनों के लिए लागू की।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के समाज में हमेशा महिलाओं को सम्मान मिला है। लैंगिक अनुपात के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य रहा है। पुरुषों और महिलाओं के बराबरी के सहयोग से यहां सभी काम होते हैं। महिलाएं तो घर भी देखती हैं और बाहर भी काम करती हैं। हमने सभी वर्गों के लिए योजनाएं बनाईं। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का काम किया। मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका का मानदेय बढ़ाया। कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की। स्वसहायता समूहों की कर्ज की सीमा बढ़ाई। उनका कर्ज भी हमने माफ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी प्रियंका जी ने स्टाल में देखा कि किस तरह से काम छत्तीसगढ़ में हो रहा है। बीपीओ खोले गये हैं। गारमेंट फैक्ट्री खोली गई है। कैसे आर्थिक संपन्नता आये, इस बात का प्रयास हम करते हैं। हमने तीज त्योहारों और अन्य स्थानीय त्योहारों पर अवकाश आरंभ किया। मुख्यमंत्री निवास में तीज त्योहार मनाया। बोरे बासी को सम्मान देने का काम हमने किया। हमारे खानपान की परंपराओं का सम्मान हमने किया। छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति कलेक्ट्रेट में लगाई। राजगीत को अपनाया। चाहे माडल जैतखंभ बनाने का काम हो, कृष्ण कुंज बनाने का काम हो। राम वनगमन परिपथ बनाने का काम हो। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संवारने का काम हमने किया है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, स्कूल शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, आबकारी मंत्री कवासी लखमा, बस्तर सांसद दीपक बैज ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत, नगरीय प्रशासन मंत्री डा. शिव डहरिया, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्र कुमार, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक अरुण वोरा, विधायक देवेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

मैंने बचपन में खेला है पिट्ठुल, लड़कियां हमेशा लड़कों को हराती थीं- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि आज प्रियंका जी को भौंरा हाथों में लेते वक्त मैंने महसूस किया कि वे पता नहीं इसे खेल पाएंगी या नहीं लेकिन उन्होंने इतने अच्छे से खेला कि हम सब चकित रह गये। इस पर अपने संबोधन में श्रीमती गांधी ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री जी को बताना चाहूँगी कि बचपन में मैंने पिट्ठुल, कंचे, गिल्ली डंडा और स्टापू सब खेला है। महिलाएं हमेशा लड़कों को हराती थीं।

भिलाई में आकर बहुत गौरव महसूस होता है- श्रीमती गांधी ने कहा कि आज यहां आकर मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है। ये भिलाई है। 1955 में पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने यहां स्टील प्लांट की नींव डाली। आज जो भिलाई है वो इस पूरे देश के लिए मिसाल है। पूरे देश भर से यहां लोग आते हैं। एकजुट होकर आप यहां रहते हैं। आधुनिक भारत की नींव यहीं पर डली। पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ ऐसे महापुरुष थे जो आजादी के लिए लड़े। उन्हीं के उसूलों से यह देश लड़ा। यह ऐसी राजनीति है जिसमें नेता वर्तमान को भी मजबूत बनाते हैं और भविष्य को भी देखते हैं।

अमेठी में पिता के साथ किए दौरे का संस्मरण सुनाया- श्रीमती गांधी ने कहा कि जब मैं छोटी थी तब मैं अपने पिता जी के साथ अमेठी के दौरे पर गई थी। वे खुद जीप चलाते गये। एक गांव में हम उतरे, कुछ लोगों से बातचीत करने लगे। एक महिला उन्हें जोरजोर से डांटने लगी। मुझे लगा कि मेरे पिता को कैसे डांट रही हैं। उसने कहा कि सड़क खराब है तुमने क्या किया है। मेरे पिता जी ने उनकी बात शांति से सुनी और कहा कि सब ठीक करेंगे। यह उस समय की राजनीति है कि प्रधानमंत्री को तक एहसास होता था कि जनता के प्रति उसकी जिम्मेदारी है। मैंने अपने पिता से पूछा कि बुरा नहीं लगा। मेरे पिता ने कहा कि नहीं उसका कर्तव्य मुझे ध्यान दिलाने का था और मेरा भी कर्तव्य है कि मैं उनकी समस्याओं को दूर करने काम करूँ।

# बैडमिंटन कोर्ट में प्रतिभागियों ने किया अभ्यास,27 सितंबर को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(22 सितम्बर )उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेन्डर के अनुसार जिले के अग्रणी महाविद्यालय पीजी कॉलेज में गुरुवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के बैहर, परसवाड़ा, लांजी, किरनापुर, मलाजखंड, वारासिवनी, कन्या महाविद्यालय, लामता और पीजी महाविद्यालय की टीम ने हिस्सा लिया।

जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालय से पहुंचे प्रतिभागियों ने बैडमिंटन कोर्ट में हाथ का जादू दिखाया। क्रीड़ा अधिकारी जसबीर सिंह सौंधी ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के महाविद्यालय की टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का चयन संभागीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। जो आगामी 27 सितंबर को अग्रणी महाविद्यालय के बैडमिंटन कोर्ट में



आयोजित कि जाएगी। जिसमें बालाघाट सहित सिवनी, बैतूल और छिंदवाड़ा की टीमें भी शामिल होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के बाद रीवा में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय की टीम का चयन किया जाएगा,जो वेस्ट जोन के लिए खेलेगी।

# बिलासपुर प्रेस क्लब के चुनाव में 248 वोटों से जीत हासिल कर इरशाद अली बने बिलासपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष

समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख

बिलासपुर। प्रेसक्लब बिलासपुर के निर्वाचन प्रक्रिया में 21 सितंबर को मतदान और मतगणना के बाद सामने आए परिणाम ने जाहिर कर दिया कि संघर्ष करने वालो को हमेशा जीत मिलती है, इस चुनाव में प्रेसक्लब सदस्यों ने बड़ी संख्या में मतदान करते हुए हिस्सा लिया, जहाँ सदस्यों ने आशीर्वाद पैनल को सिरोधार मानते हुए अपना आशीर्वाद दिया और निर्वाचित किया। जिसमें इरशाद अली अध्यक्ष, संजीव पांडेय उपाध्यक्ष, दिलीप यादव सचिव, दिलीप जगवानी सह सचिव निर्वाचित एवं निर्विरोध के रूप में प्रतीक वासनिक कोषाध्यक्ष और गोपीनाथ डे कार्यकारणी सदस्य के रूप में चुने गए है। जैसे ही देर शाम मतों की गणना शुरू हुई रुझान आने लगे और लगातार जीत का जश्न



शुरू हो गया और देर रात तो ईदगाह चौक स्थित प्रेसक्लब ट्रस्ट भवन में जश्न मनाया जाने लगा, जहाँ विजयी प्रत्याशियों को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।

**प्रत्याशियों के बीच जीत और हार का ये रहा आंकड़ा**

उपाध्यक्ष पद पर संजीव पांडेय को 279, रमन किरण को 88 प्राप्त हुए, जिसमें 191 मतों के अंतर से संजीव पांडेय विजयी रहे, इसी तरह सचिव संदीप करिहार 120 मत, दिलीप यादव 236, शैलेश पाठक 22 मत जिसमें 116 मतों से दिलीप यादव सचिव पद के लिए विजयी रहे। सह सचिव के 237 मत प्राप्त कर दिलीप जगवानी विजयी रहे, वही अध्यक्ष पद पर बड़ी जीत हासिल करते हुए इरशाद अली को 248 वोट मिले, विजयक्रांती तिवारी को मिले 58 वोट, मनोज दुबे को मिले 1 वोट निर्मल माणिक को 64 वोट, जहाँ जीत का अंतर 184 रहा।

# पीएम मोदी ने नारी शक्ति को दिया सम्मान - अलका सरदाना

हरियाणा/ हिसार ( राजेश सलूजा) भारतीय जनता पार्टी की नेत्री व समाजसेविका अलका सरदाना ने महिला आरक्षण बिल के लोकसभा में पेश होने पर तथा नारी शक्ति के सम्मान बढ़ाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव ही महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर कदम उठाते रहे हैं चाहे ट्रिपल तलाक को समाप्त करना हो या उज्जवल योजना हो घरों का मालिक महिला को बनाना हो शौचालय की बात हो महिला सशक्तिकरण हमेशा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मुख्य मुद्दा रहा है। आज देश के लिए बड़ा दिन जब नई ससद में काम शुरू हुआ है और नई संसद का श्री गणेश महिला आरक्षण बिल के साथ होना नारी शक्ति के समान को लेकर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है लगभग 27 वर्षों से लंबित पड़े महिला आरक्षण बिल को लोकसभा में प्रस्तुत किया गया है जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 फीसदी या एक तिहाई सीट आरक्षित करने का प्रस्ताव है इस विधेयक से महिला सशक्तिकरण को मजबूती मिलेगी और इसके साथ लोकसभा और विधानसभा मैं महिलाओं की भागीदार बढ़ेगी लगभग 3 दशकों अटके इस बिल का कल लोकसभा में



प्रस्तुत होना कहीं ना कहीं देश की महिलाओं में एक और विश्वास दशार्ता है कि मोदी सरकार महिलाओं के हको की लड़ाई लड़ने में कहीं पर भी पीछे नहीं रहने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का यह ऐतिहासिक फैसला है जो महिलाओं के उत्थान से संबंधित है। महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक रूप से विकास के लिए आवश्यक है कि उनका राजनीतिक रूप से भी विकास हो उसके लिए महिलाओं को सक्रिय राजनीति में भागीदारी देना जरूरी है जो कि इस नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संभव हो पाएगा। भाजपा नेत्री व समाजसेविका अलका सरदाना ने कहा आज जिस प्रकार से कांग्रेस इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रही है उससे उनकी नियत का पता चल जाता है संसद में जब यह बिल प्रस्तुत हो रहा था उसे समय कांग्रेस की तरफ से लगातार दखल दी जा रही थी और शोर मचा जा रहा था अगर कांग्रेस इसको लेकर गंभीर होती तो अपने 10 साल के शासन में इस बिल को पास कर चुकी होती साथ ही आज जिस प्रकार से इसका श्रेय लेने की कोशिश कांग्रेस कर रही है उसे यह पत

# चुनाव में जनता सनातन विरोधियों को सबक जरूर सिखाएगा हरीश वर्मा

**समाज जागरण**

हरियाणा/हिसार( राजेश सलूजा ) : वरिष्ठ समाजसेवी हरीश वर्मा ने कहां कि सनातन धर्म का विरोध करने वालों को अपना अस्तित्व बचाना मुश्किल हो जाएगा और जनता आने वाले चुनाव में सनातन विरोधियों को सबक जरूर सिखाएगी। आज एक बयान में हरीश वर्मा वरिष्ठ समाजसेवी ने कहा कि अब सनातन को खत्म करने की बातें करने वालों को जवाब एक सच्चे सनातनी मोदी जी देंगे लेकिन हमें जी जान से उनका साथ देना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के खत्म करने की इच्छा रखने वाले बेबी स्टालिन और बेबी खड़गे के बयान के बाद केवल



उसका विरोध ही नहीं हो रहा बल्कि सनातन का परचम और बुलंद हो रहा है। इस बयान के बाद अमेरिका के केंटुकी के लुइसविले शहर की मेहर ने 3 सितंबर 2023 को सनातन धर्म दिवस घोषित कर दिया है। मलेशिया में हिंदू संगठन ने स्टालिन के बयान का विरोध किया और भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी ने मंत्रिमंडल की बैठक में कहा कि इस बयान का उचित जवाब देना होगा। हरीश वर्मा ने कहा है कि सनातन को मिटाने की इच्छा रखने वालों की हस्तियां मिट्टी में मिलती गई है और आगे भी ऐसे ही होता रहेगा। स्टालिन ने अपने मूर्खतापूर्ण बयान से सनातन को और मजबूती दी है और अपने लिए आफत खड़ी कर ली है। इसका साथ देने वाले अन्य नेताओं ने भी अपनी सच्चाई दुनिया के सामने खुद दिला दी है और अब इनकी औकात उन्हें आने वाले चुनाव में लोग जरुर दिखाएंगे।

# रविकांत शर्मा बने कांग्रेस खैरहा ब्लॉक के उपाध्यक्ष

**समाज जागरण**

शहडोल जिले के संगठन प्रभारी अजय अवस्थी जी के निदेर्शानुसार और खैरहा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी के द्वारा रविकांत शर्मा को खैरहा ब्लॉक का उपाध्यक्ष बनाया गया
दिनांक 20 सितंबर 2023 को मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के खैरहा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी जी के द्वारा नियुक्ति किया गया जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के खैरहा ब्लॉक के रविकांत शर्मा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है इससे पहले भी रविकांत शर्मा ने कांग्रेस के एक सक्रिय कार्यकर्ता और भी पदों पर रह चुके हैं रविकांत शर्मा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के खैरहा ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक द्विवेदी ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को एक बार पुनः इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है मैं तन मन धन से कांग्रेस पार्टी का काम करूंगा जैसे करते आया हूं रविकात शर्मा को खैरहा ब्लॉक का उपाध्यक्ष बनने पर शहडोल जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता उपाध्यक्ष अजय अवस्थी कार्यवाहक अध्यक्ष बलमीत सिंह



खानुजा प्रदेश महामंत्री रविन्द्र तिवारी कोषाध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल महामंत्री भानू दीक्षित बुढार नगर परिषद उपाध्यक्ष शेखर चौधरी बुढार ब्लॉक अध्यक्ष सुजीत सिंह चंदेल महामंत्री विद्याभूषण शुक्ला अमलाई मंडलम इंद्र कुमार मिश्रा इबरार खान कन्हैया चौरसिया प्रवीण सिंह मोहन बैगा योगेश साहू आदि कांग्रेस जनों ने बधाई व शुभकामनाएं दी !!

# सिंहपुर मंदिर में धूमधाम से मनाया गया गणेश उत्सव

## श्री गणेश जी अष्टभुजा में नृत्य गणपति के रूप में विराजमान हैं

**समाज जागरण**

शहडोल गणेश चतुर्थी पर 300 साल बाद ब्रह्म, शुक्ल और शुभ योग का अद्भुत संयोग बना है. साथ ही स्वाति नक्षत्र और विशाखा नक्षत्र इस अद्भुत नक्षत्र में सिंहपुर में विराजमान अष्टभुजी गणेश महाराज जो अपनी माता के साथ सिंहपुर धाम में स्थापित हैं।

विश्व प्रसिद्ध गणपति की महिमा बहुत ही दूर-दूर तक ख्याति प्राप्त है,

सिंहपुर गांव में स्थापित गणेश जी महाराज जो नृत्य करते हुए मुद्रा में है और विश्व प्रसिद्ध अष्टभुजी रूप में अपने भक्तों को दर्शन लाभ और आशीर्वाद देते हैं, इसका वर्णन शास्त्रों में भी किया गया है...

मुद्गल और गणेश पुराण में विघ्नहर्ता गणेश के 32 मंगलकारी रूप का वर्णन मिलता है, जोकि इस प्रकार हैं-

श्री बाल गणपति, तरुण गणपति, भक्त गणपति, वीर गणपति, शक्ति गणपति, द्विज गणपति, सिद्धि गणपति, उच्छिष्ट गणपति, विघ्न गणपति, क्षिप्र गणपति, हेरम्ब गणपति,लक्ष्मी गणपति, महागणपति,विजय गणपति, नृत्य गणपति, उर्ध्व गणपति, एकाक्षर गणपति, वर गणपति, त्र्यक्षर गणपति, क्षिप्रप्रसाद गणपति, हरिद्रा गणपति, एकदंत गणपति, सृष्टि



गणपति, उद्दंड गणपति, ऋणमोचन गणपति, ढुण्ढि गणपति, द्विमुख गणपति, त्रिमुख गणपति, सिंह गणपति, योग गणपति, दुर्गा गणपति, संकष्टहरण गणपति।

सिंहपुर धाम में नृत्य गणपति के रूप में विराजमान हैं।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सिंहपुर में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर भगवान श्री गणेश की दिव्या पूजा भगवान के सुंदर पंचामृत स्नान दूध दही घी मधु और शर्करा से स्नान के बाद दिव्य सिंदूर सेवा के साथ भगवान को दिव्य वस्त्र पहनाकर सुंदर सिंगार कर भगवान का मोदक लड्डू की भोग लगाकर भगवान की आरती की गई, हर वर्ष की भांति गणेश जी महाराज की मनसा अनुसार एक भक्त जिसको भगवान चुनते हैं वह इस पूजा का सौभाग्य प्राप्त करते हैं इस वर्ष हमारे श्रीमान मनोज सिंह आर्मो जी को भगवान ने अवसर प्रदान दिया।

भगवत्कृपा गौ गोपाल सेवा संस्थान के सदस्यों के द्वारा विगत 15 वर्षों से भगवान गणेश जी की गणेश चतुर्थी पर सिंदूर सेवा पूजा निरंतर चली आ रही है इस वर्ष मां काली मंदिर समिति के सभी सदस्यों के द्वारा अम्बरीष श्रीवास्तव अध्यक्ष, अमरेंद्र तिवारी, अनूप तिवारी, रामानंद तिवारी, शिवनारायण द्विवेदी, अखिल द्विवेदी, राम जी शर्मा,पंडित सौरभ द्विवेदी ,मनीष शुक्ला , शेषनारायण पाण्डेय,

प्रकाश तिवारी, दीपेश तिवारी, आदेश तिवारी, सुरेंद्र पाण्डेय संदीप कुशवाहा, गुरुचरण कुशवाहा और सभी भक्तों के द्वारा इस बार भी भगवान गणेश जी के इस पावन महापर्व की उत्सव को सिंहपुर मंदिर में धूमधाम से मनाया ।

# बीच बाजार में राजा बेच रहा दारू

जैतहरी/ नगर जैतहरी कहने को तो शांति और अमन का प्रतीक है पर कुछ लोग है जो प्रशासन को ठेंगा दिखाने में कोई कमी नही कर रहे है। जैतहरी के मुख्य बाजार में राजा द्वारा शराब लगातार बेचा जा रहा है जो कि किसी जनप्रतिनिधि का पारिवारिक सदस्य भी है।

पूर्व में एक और पारिवारिक सदस्य जो अपने आप मे सट्टा किंग कहलाता है साथ ही उनका लड़का बीच बाजार बैठ कर दारू बेचता है। प्रशासन ध्यान नही दे रहा और कब तक ध्यान नही देगा। दारू बेचना उसके भाई ने कमान सम्हाल ली।पारिवारिक भाई ने शराब का धंधा बड़े जोर शोर से संचालित कर रहा है। शराब के साथ सट्टे को नगर में संचालित कर रहा है।

स्कूल की भूमि पर अबैध पक्का निर्माण प्रशासन फिर भी मौन

शहडोल । जयसिंहनगर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करकी में शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर विजय गुप्ता पिता वीरेंद्र गुप्ता के द्वारा अवैध पक्का निर्माण कर लिया गया है जिसकी सूचना स्कूल प्रशासन के द्वारा तहसीलदार महोदय को 2021 में लिखित रूप में दी गई थी लेकिन 2021 से लेकर आज 2023 तक मे प्रशासन के द्वारा इस अवैध निर्माण के संबंध में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि अगर प्रशासन स्कूल की जमीन को सुरक्षित नहीं कर पाया और उसमें से अवैध निर्माण नहीं हटा सकता है तो अन्य शासकीय भूमि से अवैध निर्माण हटाना तो दूर की बात है प्रशासन यदि इस विद्यालय की भूमि को संरक्षित नहीं कर पाया तो यदि भविष्य में इसी शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय का उन्नयन होता है तो नवीन विद्यालय के निर्माण के लिए भूमि कहां से उपलब्ध होगी यही सबसे बड़ा सवाल है

# हिंदवी स्वराज 350 वे वर्ष समारोह की आयोजन समिति की बैठक संपन्न

शहडोल। मुगल आक्रांताओं के युग में अपने साहस दृढ़ निश्चय और युद्ध रणनीति के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा शुक्ल पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 1731( ईस्वी सन 1674 ) में दक्षिण भारत के रायगढ़ किले में अपनी माता जीजाबाई अपने सामरिक गुरु स्वामी समर्थ रामदास एवं अन्य हिंदू राजाओं की उपस्थिति में अपना राज्याभिषेक करवाया था इस राज्याभिषेक को छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा हिंदवी स्वराज का नाम दिया गया था जिसका शाब्दिक अर्थ हिंदुओं का अपना राज्य या स्वशासन है हिंदवी स्वराज एक सामाजिक राजनीतिक शब्द है जिसकी मूल विचारधारा विधर्मी, विदेशी सैन्य एवं राजनीतिक प्रभाव से भारत वर्ष को मुक्त करना था। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की तिथि को हिंदवी स्वराज के रूप में मनाया जाता है हिंदवी स्वराज का 350 वा वर्ष 20 जून 2024 को मनाया जाना। आपको बता दे इसी वर्ष सनातन वैदिक धर्म के प्रमुख संत महर्षि दयानंद सरस्वती जिन्होंने वेदों की तरफ लौटते का प्रमुख नारा देते हुए सनातन सभ्यता के उत्थान में अपने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है महर्षि दयानंद सरस्वती का 200 वा जन्म जयंती तथा जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान महावीर के निर्वाण के 2550 वॉ वर्ष भी विशेष सहयोग से सन 2024 में पूर्ण होने के कारण विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

**शहडोल जिले के हिंदवी स्वराज 350 वा वर्ष आयोजन समिति की बैठक संपन्न**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक कमल सिंह राठौर द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए हिंदवी स्वराज की अवधारणा छत्रपति शिवाजी महाराज और उनकी माता जीजाबाई की ऐतिहासिक और आधुनिक काल में उनके महत्व को बताते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य को स्पष्ट किया , प्रांत आयोजन समिति के सदस्य गंगा राजीव पांडे द्वारा शिवाजी महाराज के जीवन से जुड़ी ऐसी झलकियां को सब के समझ रखा गया है जो आज के युग में माता और बच्चों को हिंदी भी स्वराज की स्थापना के लिए प्रेषित कर सके



इसी प्रेरणा को अधिक से अधिक तक माता बहनों और बच्चों के बीच प्रचार करने का आवाहन किया गया है आयोजन समिति के विभाग प्रमुख प्रोफेसर मुकेश तिवारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा और उसके विभिन्न पहलुओं से सभी को रूबरू कराते हुए आयोजन समिति के आगामी समय में होने वाले कार्यक्रमों को स्पष्ट किया। जिला क्रियान्वयन समिति के जिला संयोजक आनंद सिंह जिला आयोजन समिति की अध्यक्ष प्रोफेसर श्रीमती नीलमणि दुबे, सचिव श्री विष्णु कांत मिश्रा सहसचिव राघवेंद्र सोनी, सरदारी लाल कोल, श्रीमती भारती गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश्वर उदानियां , प्रोफेसर राधेश्याम नापित, श्रीमती नीलम गुप्ता, अरविंद जैन,मीडिया प्रभारी, राहुल तिवारी सहित तमाम सदस्य की बैठक का आयोजन स्थानीय अभय कुंज में संपन्न किया गया जहां आयोजन समिति द्वारा वार्षिक कार्य योजना पर विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों का निर्धारण सुनिश्चित किया गया।

### हिंदवी स्वराज 350 वॉ वर्ष समारोह का वार्षिक कार्य योजना

अगस्त माह में सभी प्रकार की समितियां का गठन करना जिला क्रियान्वयन टोली जिला आयोजन समिति एवं खंड-नगर में संयोजक ,सहसंयोजक की नियुक्ति व्हाट्सएप ग्रुप बनाना। सितंबर माह में जिला केंद्र में व्याख्यान पुस्तक का विमोचन जिला वार कार्यशाला । अक्टूबर माह में महाविद्यालय-विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं ,मातृशक्ति के लिए कार्यक्रम रंगोली प्रतियोगिता व्याख्यान आदर्श माता जीजाबाई रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। नवंबर माह में 27 नवंबर को गुरु नानक देव जयंती के दिन पावन खिड दौड़ खंड एवं नगर स्तर पर आयोजित किया जाना है । जनवरी माह में सभी मंडलों में एकत्रीकरण प्रबोधन, विभिन्न यात्राएं मुख्य मार्ग के ग्राम में रथ यात्रा। फरवरी माह में 19 से 26 फरवरी (शिवाजी जयंती से वीर सावरकर पुण्यतिथि तक) गृह संपर्क अभियान, घर-घर भगवा चित्र एवं करपात्र के साथ जनसंपर्क। मार्च माह में विभिन्न श्रेणियां में अलग-अलग गोष्ठियों का कार्यक्रम आयोजित करना ।अप्रैल माह में प्रतिपदा में भारत माता का पूजन एवं प्रबोधन महिमा में व्रत संकलन। जून माह में ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी 20 जून 2024 को इस वार्षिक कार्य योजना का समापन कार्यक्रम बड़े स्तर पर आयोजित किया जाना है वार्षिक कार्य योजना में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वी जन्मजयंती एवं भगवान महावीर के निर्माण के 2550 वे वर्ष के कार्यक्रम भी संपन्न किया जाना है।

# शासन के आदेशों का उल्लंघन कर भू माफिया करा रहा है निर्माण कार्य

## कलेक्टर के आदेश को चुनौती , पूर्व में भी यह नामी भूमाफिया खा चुका है जेल की हवा

बुढार । प्रदेश के मुखिया की नजरों में भले ही प्रदेश में रामराज्य चल रहा है लेकिन जब जब धरातल पर नजर डालें तो इन दावों की पोल खुल जाती है , ऐसा ही एक मामला जिले के बुढार तहसील अंतर्गत देखने को मिल रहा है जहां बुढार नगर का एक चर्चित भू माफिया संजय पांडे और उसके भाइयों द्वारा अपर कलेक्टर के आदेश के बाद भी निर्माण कार्य से बाज नहीं आ रहे ।

यह है मामला

बुढार के खसरा क्रमांक 518/1 पर बुढार निवासी दिनकर सिंह अपना मालिकाना हक बता रहे हैं , न्यायालय अपर कलेक्टर शहडोल ने प्रकरण क्रमांक /0095/निगरानी/2022-23 में दिनांक 22/06/23 को पारित आदेश में यह लेख किया गया है चूंकि इस भूमि पर बुढार न्यायालय



में प्रकरण विचाराधीन है और विवादित है उक्त भूमि पर यथास्थिति बरकरार रखा जाए , किंतु भू माफिया संजय पांडे और उसके भाइयों द्वारा इस आदेश का उल्लंघन कर अनवरत रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है , जिसकी शिकायत दिनकर सिंह के द्वारा कलेक्टर शहडोल के कार्यालय में की गई थी , शिकायत पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर कार्यालय द्वारा तहसीलदार बुढार को उक्त आदेश का पालन कर नियमानुसार कार्यवाही का लेख किया गया है , किंतु भू माफिया संजय अपनी कारगुजारियो से बाज नहीं आ रहा है और निर्माण कार्य जारी रख प्रशासन को चुनौती देने से बाज नहीं आ रहा है ।

इनका कहना है ......

हां कलेक्टर कार्यालय से आदेश के परिपालन से संबंधित पत्र प्राप्त हुआ है , दोनो पक्षों को नोटिस जारी की गई है , नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी ।

भावना डेहरिया , तहसीलदार बुढार

# हाथी महोत्सव पर बाघों की मौत का विषय चिंता जनक

उमरिया।

वन प्रबंधन पर खड़े हो रहे सवालिया निशान

कब बंद होगा बाघों के हमले से इंसानी मौत का सिलसिला

वन्य प्रेमियों के लिए चिंता का विषय बाघों की मौत रहती है रहस्य में

बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में आज मनाया गया हाथी महोत्सव उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथी महोत्सव शुरू हो गया है, जिसके तहत उनके लिए तरह-तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं और हाथियों का स्वागत किया जाता है. इस बीच पार्क प्रबंधन ने द्वारा उनसे कोई काम नहीं लिया और उन्हें अपने परिवार से मिलने का मौका भी दिया है. जिसे लेकर क्षेत्र की जनता में अच्छा खासा उत्साह देखने को मिलता है लेकिन दूसरी ओर हम बात करें बाघ कि हो रही मौतो कि तो यह चिंता का विषय बन जाता हैं जहां एक और इनके रखरखाव के लिए सरकार द्वारा अच्छा खासा बजट दिया जाता है पर पता नहीं फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों द्वारा कहां चूक हो जाती है यह जांच का विषय है क्योंकि वन विभाग के अधिकारी लगातार विवादों में घिरे रहते है । सूत्र बताते हैं कि फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी केवल अच्छी खासी कमाई करने के लिए क्षेत्र में बने रहते हैं क्योंकि जहां बेस कीमती सागौन की लड़कियां जंगलों से साफ होती जा रही हैं जिसके चलते बाघ को भी अपनी जगह बदलना पड़ रहा है जिससे बाघ ग्रामीण क्षेत्र की ओर रुख कर रहे हैं यह चिंतनीय है

वन प्रबंधन पर खड़े हो रहे सवालिया निशान

जिले के विश्व प्रसिद्ध बाधवगढ टाइगर रिजर्व में लगातार जिस तरीके से बाघो की मौत हो रही है यह चिंता का विषय है जिसे कहीं ना कहीं क्षेत्र




संचालक ,उप वन मंडल अधिकारी,एमपीटीएसएफ एवं वन विभाग की कर्मचारियों पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं क्योंकि इतने सारे अधिकारी होने के बावजूद फॉरेस्ट के पास विभिन्न प्रकार की उपक्रम मौजूद हैं इसके बावजूद अधिकारियों को कैसे पता नहीं चल पाता बाघो की लोकेशन और बाघों की मौत का सिलसिला यह चिंता का विषय है अगर यही हाल रहा तो वह दिन दूर नहीं की बांधवगढ़ से बाघों का नमूने इंसान मिट जाएगा

कब बंद होगा बाघों के हमले से इंसानी मौत का सिलसिला

बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान में लगातार बाघ के हमले से इंसानी मौत हो रही है विदित हो की वर्ष 2022 की बाघ गणना के आंकड़े जारी किये थे। जिसमे मध्यप्रदेश मे बाघों की उल्लेखनीय वृद्धि के कारण उसके टाईगर स्टेट का दिया गया है। हमले मे गई 5 लोगों की जान बाघों की मौत के सांथ ही उनके हमलों मे इंसानो की मौत भी बदस्तूर हो रही है। इससे जहां क्षेत्र मे तनाव व्याप्त है, वहीं प्रबंधन को आये दिन लोगों के आक्रोष का सामना करना पड़ रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो छाह माह मे अब तक बाघ के हमालों से 5 ग्रामीण अपनी जान गवा चुके हैं जुलाई माह मे ही केवल 3 व्यक्तियो कि मौत हुई है सितंबर माह में 1 - 1 ग्रामीण कि मौत हुई ।

वन्य प्रेमियों के लिए चिंता का विषय बाघों की मौत रहती है रहस्य में

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व हमेशा सुर्खियों पर रहता है क्योंकि यहां देश-विदेश से सैलानी घूमने आते हैं यहां की आकर्षक पहाड़ झरने पुराने किले बाघ देखने को मिलते है जिसके लिए दूर-दूर से सैलानी यहां पर आते हैं और इससे अच्छी खासी कमाई बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान को होती है लेकिन वन प्रबंधन के लापरवाही के चलते जहां एक और बाघों की मौत की गुथीया सुलझाने का नाम नहीं ले रही हैं तो दूसरी ओर बाघ के हमले से इंसानों के मौत का आंकड़ा भी छुपा नहीं है जहां एक और लगातार बाघो की मौत रहस्य में तरीके से होती है और वन विभाग का घिसा पिटा विज्ञप्ति जारी की जाती है कि दो बाघो की आपस में भिडंत मे एक बाघ की मौत हो जाती हैं लेकिन दूसरे बाघ को चोट लगी या नहीं लगी इसकी जानकारी विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं दी जाती है कहीं ना कहीं यह जांच का विषय है जिसमें फॉरेस्ट विभाग के अधिकारियों पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं

# ग्राम विकास अधिकारी मोहित सचान पर प्रधान बनाता है फर्जी काम करवाने का दबाव,



उरई जालौन, विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत जखा के ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार ग्राम पंचायत जखा में तैनात ग्राम विकास अधिकारी मोहित सचान पर फर्जी काम करवाने का दबाव बनाते हैं जबकि ग्राम प्रधान जखा ने कुछ अपने साथियों के साथ खंड विकास अधिकारी को एक शिकायती पत्र दिया था जिसमें आरोप लगाया कि ग्राम विकास अधिकारी ग्रामीणों का कार्य नहीं करते हैं तथा उनको परेशान करते हैं जबकि हकीकत यह है कि ग्राम प्रधान फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राम विकास अधिकारी से बनवाने के लिए कहा था जिस पर ग्राम विकास अधिकारी ने कहा कि हम फर्जी प्रमाण पत्र नहीं बनाएंगे जिससे खफा होकर ग्राम प्रधान ने ग्राम विकास अधिकारी की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की जबकि ग्राम विकास अधिकारी मोहित सचान से इस संबंध में बात की तो उन्होंने बताया की ग्राम पंचायत का कार्य समय पर होता है लेकिन हम किसी भी तरह का फर्जी प्रमाण पत्र नहीं बनाएंगे उसमें किसी को भी बुरा लगे,

# डीएपी यूरिया से किसानों को मिलेगी मुक्ति नेटसर्फ कंपनी में किसानों को दी जानकारियां,

कुठौंद जालौन, कस्बा कुठौंद के पुष्पांजलि गेस्ट हाउस में नेटसर्फ कम्पनी के द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन रखा गया जिसमें क्षेत्र से आए हुए किसान एवं नौजवान और महिलाओं को अपने प्रोडक्ट के बारे में बताया विनय शुक्ला ने बताया की किसान अपनी आए खेती के माध्यम से बढ़ा सकता है जिससे कोच हमारी कंपनी के द्वारा प्रोडक्ट दिए गए हैं जैसे आपको डीएपी यूरिया डालने की जरूरत नहीं है जो हमारा प्रोडक्ट नेटसर्फकंपनी बनाती है वह प्रोडक्ट डालिए और पैदावारी भी अच्छी होगी और किसानों को जैविक उपकरण से किसानों को मुक्ति मिलेगी केमिकल से छुटकारा मिलेगा यूरिया का इस्तेमाल करने से खेतो की ताकत खत्म होती जा रही ह नेट सर्फ कंपनी के एफएस चौहान ने बताया सीमा पर जबान खेत पर किसान का नारा देते हुए किसानों को जैविक उर्वरक का उपयोग करने को कहा और किसानों को कई ऐसे प्रोडक्टों के बारे में किसानों को विस्तार से अवगत कराया उन्होंने बताया हमारी




नेट सर्फ कंपनी हिंदुस्तान में 23 साल से कम कर रही है जिसमें हमारे चीफ गेस्ट डी एस राजावत एफएस चौहान कुलदीप शुक्ला अरविंद दीक्षित शैलजा शुक्ला सुमन दीक्षित विनय शुक्ला नेट सर्फ कंपनी के आदि लोग उपस्थित रहे वहीं किसानों में विवेक भदोरिया हरि ओम अभिषेक द्विवेदी मनीष गुप्ता के अलावा एकसैकड़ा से ज्यादा लोग उपस्थित रहे

# बजट की स्वीकृति न होने से स्टाफ सहित मरिज हो रहे परेशान

अनूपपुर। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बजट के अभाव में सुविधाओं से ग्रस्त हो रहे हैं और इसका असर स्टाफ सहित मरीजों को भी हो रहा है। बजट से स्वास्थ्य केदो की मरम्मत का कार्य चिकित्सीय उपकरण के मरम्मत ,साफ सफाई, मरीज को मिलने वाली चद्दर एवं कपड़ा सहित अन्य कार्य भी होते हैं लेकिन अनूपपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बजट नहीं आने के कारण दिक्कतों का सामना मरीज को भी करना पड़ रहा है। हालांकि अपने स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के द्वारा बजट की स्वीकृति के लिए अनेकों बार संबंधित विभाग का ध्यान भी आकर्षित कराया गया लेकिन अभी भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# महिला क्रांति का हुआ उदयः सुष्मिता

शहडोल शहडोल जिला महिला कांग्रेस महामंत्री एवं जैतपुर विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी श्रीमती सुष्मिता सिंह ने महिला बिल पास होने पर खुशी जताते हुए कहा कि देश की महिलाओं के लिए यह दिन किसी जश्न से कम नहीं है। महिला की भागीदारी देश के निचले पटल से लेकर शीर्ष पटल तक होगी। आज स्व. राजीव गांधी, श्रीमती सोनिया गांधी का सपना पूरा हुआ, जिन्होंने 2010 में कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार में महिला विधेयक लाकर लोकसभा से बिल पास कराया था और उस समय भाजपा से समर्थन मांगा था। विगत 9 वर्षों से राहुल गांधी ने सड़क से संसद तक महिला बिल पास करने के लिए लड़ाई लड़ी कांग्रेस की दूरगामी सोच थी कि महिला आत्मनिर्भर बने, चूल्हे- चौके से सदन तक का सफर तय करे अब महिलाओं को पुरुषों के अधीन नहीं, बल्कि बराबरी से स्वर्णिम भारत का निर्माण करेंगी। मैं देश की महिलाओं से कहना चाहूंगी कि सोनिया गांधी व राहुल गांधी के प्रति आभार प्रकट कर हर्ष उल्लास मनायें ।



# कश्यप जयंती पर निकली शोभा यात्रा

कोतमा / कसौधन वैश्य समाज के द्वारा बुधवार को भव्य रूप से कश्यप जयंती मनाई गई । कश्यप जयंती के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नगर के वार्ड क्रमांक 6 पुरानी बस्ती से जो नगर की विभिन्न गलियों में भ्रमण करता हुआ पुरानी बस्ती ओमप्रकाश गुप्ता के निवास के पास पहुंची और वहां शोभा यात्रा का समापन किया गया। कसौधन समाज के तत्वाधान में आयोजित कश्यप जयंती के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया देर शाम महिलाओं एवं बच्चियों का नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए ।कश्यप जयंती के अवसर पर शोभायात्रा में समाज के पुरुष महिलाएं बच्चियों युवा भारी संख्या में शामिल रहे ।



# भाजपा की प्रदेशब्यापी परिवर्तन यात्रा पहुँची मरवाही

गौरेला - छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रदेश व्यापी परिवर्तन यात्रा बीते दिनों मरवाही पहुंची । मरवाही में विराट आमसभा हुई जिसमें नई सहिबो बदल के रहिबो के नारों के साथ पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया ।प्रदेश के पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल एवं नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल और प्रमुख वक्ता व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने आमसभा को संबोधित किया जिसमें अग्रवाल ने कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया प्रमुख वक्ता बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि हांथ में गंगाजल लेकर कसम खाने वाले भूपेश बघेल ने शराब बंदी का वादा किया था लेकिन ये ठगेश बघेल साबित हुए ऐसे लबरा मुख्यमंत्री को इनकी सरकार सहित प्रदेश की जनता उखाड़ फेंकेगी, कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंह देव मरवाही विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल राठौर, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं कोटा विधानसभा क्षेत्र के युवा भाजपा नेता संतोष तिवारी ,पवन कुमार प सहित समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित हुए



# स्कूल की भूमि पर अबैध पक्का निर्माण प्रशासन फिर भी मौन

शहडोल । जयसिंहनगर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत करकी में शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर विजय गुप्ता पिता वीरेंद्र गुप्ता के द्वारा




अवैध पक्का निर्माण कर लिया गया है जिसकी सूचना स्कूल प्रशासन के द्वारा तहसीलदार महोदय को 2021 में लिखित रूप में दी गई थी लेकिन 2021 से लेकर आज 2023 तक मे प्रशासन के द्वारा इस अवैध निर्माण के संबंध में कोई भी कार्यवाही नहीं की गई सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि अगर प्रशासन स्कूल की जमीन को सुरक्षित नहीं कर पाया और उसमें से अवैध निर्माण नहीं हटा सकता है तो अन्य शासकीय भूमि से अवैध निर्माण हटाना तो दूर की बात है प्रशासन यदि इस विद्यालय की भूमि को संरक्षित नहीं कर पाया तो यदि भविष्य में इसी शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय का उन्नयन होता है तो नवीन विद्यालय के निर्माण के लिए भूमि कहां से उपलब्ध होगी यही सबसे बड़ा सवाल है

# नगर थाना प्रभारी औरंगाबाद के वेतन से दस हजार रुपए कटौती का आदेश।

***आदेश का अनुपालन के लिए आरक्षी अधीक्षक और कोषागार पदाधिकारी औरंगाबाद को आदेश का एक एक कोपी भेजा गया।***

**दैनिक समाज जागरण,अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ बिहार-झारखंड प्रदेश।**

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के एडीजे सप्तम सुनील कुमार सिंह ने नगर थाना प्रभारी के वेतन से दस हजार रुपए कटौती का आदेश आज जारी किया है,उपरोक्तआशय की जानकारी देते हुएअधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नगर थाना कांड संख्या -513/23 में नियमित जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायधीश ने यह आदेश दिया है अधिवक्ता ने बताया कि इस वाद में नगर थाना से
कांड दैनिकी और अभियुक्त के अपराधिक इतिहास की मांग 24/08/23 को की गई थी, स्मारपत्र



05/09/23 को भेजा गया था, इसके बावजूद कोर्ट से मांगी गई प्रतिवेदन न्यायालय में पेश नहीं किया गया, आदेश के अवमानना को देखते हुए पुनः कारण पृच्छा 14/09/23 को की गई, जो अभी तक अप्राप्त है, आज न्यायधीश ने आदेश में कहा है कि आदेश का अवहेलना को देखते हुए विधि सम्मत कार्यवाही उचित प्रतीत होता है। आदेश के घोर अवहेलना के कारण याचिका पर सुनवाई लम्बित है, इसलिए थानाप्रभारी के वेतन से दस हजार रुपए कटौती का आदेश दिया जाता है और इसके अनुपालन के लिए आरक्षी अधीक्षक और कोषागार पदाधिकारी औरंगाबाद को आदेश का एक एक कोपी भेजा जा रहा है।

# बोधगया के कालचक्र मैदान में फुटबॉल टूनार्मेंट को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ संतोष मांझी ने कहा - स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास रहता है,खेल जीवन का अहम हिस्सा .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया(बिहार)-गया जिला के बोधगया कालचक्र मैदान में बोधगया फुटबॉल टूनार्मेंट लीग के द्वारा आयोजित पिछले एक माह से चल रहे फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच प्रेमदास मस्तीपुर बोधगया और बारा चाकंद के फुटबॉल टीम के बीच हुई।

जिसमें विजेता प्रेमदास मस्तीपुर बोधगया हुई। विजेता व उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर और आर्थिक मदद देकर पूर्व मंत्री डॉ.संतोष मांझी ने सम्मानित किया ।खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बिहार के पूर्व मंत्री और हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष मांझी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग का वास रहता है खेल से शरीर स्वस्थ रहता है और वह स्वच्छ तरीके से काम करता है खेल के प्रति रुचि किसी भी व्यक्ति के हार न मानने की उच्च कोटी की मानसिकता को दशार्ता है ।हारने वाले टीम को हताश होने की आवश्यकता नहीं है जो हारा है वह कल जीतेगा । मनोबल को कभी गिरने नहीं देना चाहिए आज दोनों टीम में बहुत



अच्छा खेली है हम धन्यवाद देना चाहते हैं आयोजनकर्ता विनय कुमार मांझी, उमेश दास ,उदय मांझी,दीनानाथ भंते विक्की कुमार केसर खान सहित कमेटी के सभी सदस्यों को जो बोधगया वासी को इतना अच्छा खेल के माध्यम से मनोरंजन किए।

स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है.विजेता टीम ( 3-0 ) प्रेमदासा मस्तीपुर,बोधगया टीम कैप्टेन उदय मांझी
मेन ऑफ द मैच मेन ऑफ द सीरीज विकी कुमार उपविजेता बारा चकंद कैप्टेन मो.जावेद आयोजक बोधगया फुटबॉल लीग टूनार्मेंट के मुख्य आयोजक विनय मांझी,उमेश दास उदय मांझी,विक्की कुमार ,शुभम कुमार ,कैशर खान ,लाल बाबू, विनय मिश्रा ,आनंद कुमार ,रौशन कुमार ,धीरज कुमार उद्घाटन चलिंदा भंते जी बीटीएमसी मुख्य अतिथि डॉ.संतोष मांझी, पूर्व मंत्री डॉ.दीना आनंद भंते जी हथौरी सेंशे,जापान सहित दिलीप यादव राजेश पांडे ,नंदलाल मांझी ,नारायण प्रसाद मांझी, विजय रजक ,आयुष कुमार, रामप्रसाद मांझी, रामस्नेही मांझी,राकेश कुमार अनिल यादव आदि मौजूद रहे.

# जीबीएम कॉलेज में हिन्दी पखवाड़ा के तहत हिन्दी दिवस समारोह का मनमोहक आयोजन

***-हिन्दी की कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहें छात्राएँ :- प्रधानाचार्य***

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया( बिहार)- गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय में हिन्दी पखवाड़ा के तहत हिन्दी विभाग द्वारा महाविद्यालय सभागार में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया. समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधानाचार्य प्रो डॉ. जावैद अशरफ, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ प्यारे माँझी, जन संपर्क अधिकारी-सह-मीडिया प्रभारी डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ जया चौधरी, हिन्दी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ सुनीता कुमारी, कार्यक्रम संचालिका छात्रा अन्या एवं निधि प्रिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. तत्पश्चात छात्रा चाँदनी बसोया ने "मन की वीणा से गुंजित ध्वनि मंगलम। स्वागतम्, स्वागतम्, स्वागतम्, स्वागतम्" स्वागत गीत की मंत्रमुग्ध कर डालने वाली प्रस्तुति दी.कार्यक्रम समन्वयक हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ प्यारे माँझी ने "हिन्दी भाषा का वैश्विक स्वरूप" विषय पर अपने सारगर्भित विचार रखते हुए कहा कि आज हिन्दी विश्व के सवा सौ से अधिक देशों में औपचारिक रूप से बोली, पढ़ी और लिखी जा रही है और इसका भविष्य अत्यंत उज्ज्वल है. डॉ सुनीता कुमारी ने हिन्दी को भारतीयों के हृदय की भाषा बतलाया.हिन्दी की महत्ता को मुखरित करती अपनी स्वरचित कविता का पाठ करते हुए अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने कहा कि "हिन्दी को कम कभी न आँकें, यह अद्भुत है, अनुपम है. सरल, सरस, त्रिकालदर्शी, संस्कृतियों का शुभ संगम है. अंग्रेजी भी सीखें, किंतु न जायें अपनी हिन्दी भूल.भारतेन्दु ने कहा, मिटाती निज भाषा ही हिय के शूल" कार्यक्रम में छात्रा रिशु, रानी, जाह्नवी, सुमन भारती, मैना कुमारी, सरिता कुमारी, मुस्कान सिन्हा, सुधा गुप्ता ने सुभद्रा कुमारी चौहान, हरिवंश राय बच्चन, रामधारी सिंह दिनकर, मैथिली शरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा, सुमित्रा नंदन पंत आदि प्रसिद्ध हिन्दी कवियों की रचनाओं का सस्वर पाठ किया. तान्या, लवली, रियाश्री एवं स्तुति ने दुष्यंत कुमार की प्रसिद्ध गजलों को गाया. चाँदनी बसोया के हिन्दी भाषा को समर्पित लोकगीत को सबकी सराहना मिली.छात्रा शैली, दीपशिखा, आशु एवं सविता ने भी हिन्दी की महत्ता को दशार्ता हुआ नृत्य प्रस्तुत किया.छात्रा अन्या एवं निधि



प्रिया के खूबसूरत संचालन ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिया.अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली सभी छात्राओं व प्रोफेसर्स की हिन्दी भाषा के महत्व पर आधारित प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए हरिवंश राय बच्चन की मधुशाला से उद्धृत प्रसिद्ध पंक्तियाँ "दर्द नशा है इस मदिरा का, विगत स्मृतियाँ साकी हैं। पीड़ा में आनंद जिसे हो, आए मेरी मधुशाला" गायीं.प्रधानाचार्य ने कहा कि हिन्दी दिवस मनाना तभी सार्थक होगा, जब छात्राएँ हिन्दी की कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। उन्होंने हिन्दी दिवस के मद्देनजर आयोजित इस सरस और सुंदर कार्यक्रम के आयोजन हेतु डॉ माँझी सहित पूरे हिन्दी विभाग को हार्दिक बधाइयाँ दीं. प्रधानाचार्य प्रो अशरफ ने हिन्दी विभाग द्वारा पूर्व में आयोजित कहानी पाठ प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिया.

हिन्दी दिवस समारोह में डॉ प्रियंका कुमारी, प्रीति शेखर, रुखसाना परवीन सहित श्रेया, हर्षिता, श्रुति आदि सौ से अधिक छात्राओं की उपस्थिति रही.

# पालीगंज अनुमण्डल कार्यालय पर रसोइया संघ ने किया प्रदर्शन

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ अनुमण्डल कार्यालय पर गुरुवार को अपनी 12 सूत्री मांगों को लेकर बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ के बैनर तले अनुमण्डल रसोइया संघ के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार अपनी 12 सूत्री मांग को लेकर अनुमण्डल क्षेत्र के बाली पाकड़ गांव स्थित सबरी भवन में बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ के पालीगंज अनुमण्डल कार्यकर्ताओ ने जमा हुआ। जहां से उन कार्यकर्ताओ ने एक जुलूस निकाला जो अनुमंडल कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन में तब्दील हो गया। जहां उन लोगो ने रसोइया को सरकारी कर्मियों का दर्जा, 28 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय, एनजीओ मुक्त करने, समाजिक सुरक्षा योजना के तहत पेंशन, मातृत्व व विशेष अवकाश व स्वास्थ्य व दुर्घटना बीमा का लाभ सहित अन्य कई तरह के मांग कर रहा था। इस दौरान पांच सदस्यी प्रतिनिधि मंडल पालीगंज एसडीओ जयचंद्र यादव से मिलकर अपनी 12 सूत्री मांगे सम्बंधित ज्ञापन सौंपा। वही जुलूस का नेतृत्व भाकपा माले बिहार राज्य कमिटी के सदस्य अनवर हुसैन, सुरेंद्र पासवान, विनेस चौधरी, आशा देवी व राजेश कुमार सहित रसोईया संघ के महिलाएं कर रही थी। मौके पर कई लोगों ने संबोधित किया और अपनी मांग को रखते हुए सरकार को चेतावनी दिया कि रसोईया संघ की मांग जायज है। यदि मांग को सरकार अविलम्ब नहीं मानती है तो पूरे राज्य स्तर पर बहुत बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।




मौके पर आशा देवी, लाल बहादुर पासवान, शिवानी देवी, राजकुमार, राजकुमारी, अनवर हुसैन, आशा देवी, विनेश चौधरी, राजेश कुमार, अविनाश कुमार, जुल्फकार अली, भुद्दू व राजकुमारी देवी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कर्मा एकदशी व्रत के महत्व का किया गया वर्णन

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार , प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)कर्मा एकादशी का व्रत 25 सितम्बर दिन सोमवार को किया जायेगा`यह पद्मा एकादशी एवं झूर पूजा के नाम से जाना जाता है। यह बिहार झारखंड , ओडिसा का प्रसिद्ध व्रत है। इस व्रत को बहनें अपने भाई की दीधार्युता के लिए करती हैं। बिहार में झार की पूजा की जाती है। मगध की परम्परा में एकादशी के पहले दिन नेहाय खाय किया जाता है। इसमें आटा की पिठी और पूड़ी के साथ अनेकों प्रकार के शब्जियाँ बनती है। घर के सभी सदस्यों को खिलाकर स्वयं खाती है। शेष रात्रि मे भोजन करने की परम्परा है। एकादशी के दिन सन्ध्या काल में पवित्र जगह को गया कि गोबर से लिप कर काष्ठ पिढा पर झार को स्थापित करती है। अपने भाई की संख्या के अनुसार उतने झार के डंठल को एक में बान्ध देती है। महिलाएं सामुहिक रूप से झार पूजा का आयोजन करती हैं। इसमें कुमारी कन्या भी भाग लेती है। अपने अपने घर से पूजा सामान विशेष रूप से करमी साग वेलवंधर शर्वत इत्यादि पूजा स्थान पर ले जाती हैं। ब्राहमण



के निदेर्शा अनुसार पूजा करती हैं। झार के साथ अपना लट ( केश ) को स्पर्श कराती है। और हम्मर भईया सोझ कहती हुई झार को सिधा कर देती हैं। झार के जड़ में शर्वत डालती हैं।

इस कथा का मुख्य उद्देश्य यह है कि किसान की धान की रोपा के सम्बन्ध मे करमा घरमा की कथा ब्राहमण द्वारा सुनी जाती है। उसके बाद पारण के समय बासी भात ' दही ' करमी के साग के साथ नली चूल्हा ' बड़हनी ' झार इत्यादि में डाल कर करम जुड़ाया जाता है । बासी भात ' दही ) कढी, बेसन की बरी, करमी साग, झिगी की शब्जी और दाल से पारण करने की परम्परा है। इस दिन मध्याह` 2 बजे के बाद भोजन बनाया जाता है। एक सांझ के लिए चुल्हा की विश्राम दिया जाता है। सभी लोग बासी ही भोजन करते हैं । जिस कुमारी को इस वर्ष विवाह हुआ है वे कर्मा व्रत झूर पूजा नहीं करना चाहिये क्योंकि इस साल मलमास लगा है। करमा एकादशी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शान्ति देवी ने कहा कि जो महिलाएं करमा करती हैं उनके भाईयो में सितलता आती है और दीर्ध जीवन प्राप्त होता है ) भाई बहन में प्रेम बढ़ता है। प्रत्येक कुमारी विवाहित के लिये महत्वपूर्ण यह एकादशी है। इस में झारखण्ड की परम्परा का झलक मिलता है।

# पश्चिम मंडल के भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ो महिलाओं ने सड़कों पर निकाला जुलूस .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार )- पशिम मंडल के भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष निर्मला जी के नेतृत्व में महिलाओं ने सड़कों पर जुलूस निकाल कर सभा किया. उन्होंने आगे कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने महिलाओं को सम्मान के लिए लोकसभा एवं विधानसभा में 33% आरक्षण कोटा देकर लोकतंत्र को मजबूत करने का काम किया गया है, इसके लिए महिलाओं ने कोटि कोटि बधाई दिया है.इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री सह गया नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि महिलाओं को लोकसभा एवं विधानसभा में दी गई आरक्षण की चर्चा की साथ ही साथ केंद्र सरकार के द्वारा महिलाओं के लिए चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी . विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मयोगी,माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का एक और मास्टर स्ट्रोक. पिछले 27 सालों से पेंडिंग महिला आरक्षण बिल को केंद्र की मोदी सरकार ने लोकसभा में पेश कर महिलाओं के सम्मान में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया. बिल को लोकसभा में मंत्री अर्जुन राम मेघवाल जी ने पेश करते हुए कहा की नारी की जहां पूजा होती है,वहां सभी देवता बसते हैं.इस बिल का नाम नारी शक्ति वंदन अधिनियम



रखा गया है ।इस बिल के पास हो जाने पर जहां पहले लोकसभा में 82 महिला संसद सदस्य हैं अब बढ़ कर 181 हो जाएंगे। 15 वर्षों के लिए नारी शक्ति वंदन महिला आरक्षण का प्रावधान किया गया है। भविष्य में संसद इस आरक्षण को आगे बढ़ा सकती है ।देश की आधी आबादी महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में अब 33% आरक्षित सीटों को कर वर्ष का बेहतरीन तोहफा मोदी सरकार ने दिया। एससी,एसटी वर्ग की महिलाओं को भी आरक्षण में आरक्षण का लाभ मिलेगा. लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण से महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ने से भारत का लोकतंत्र सशक्त होगा। बेटी बचाओबेटी पढ़ाओ, उज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृत्व वय बंदन योजना से लेकर महिला आरक्षण बिल तक महिलाओं को वो मुकाम मिलेगा जिससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत,सशक्त और कल्याणकारी होगा ।मोदी सरकार के इस ऐतिहासिक कदम एवं नारी सम्मान के लिए कोटि-कोटि बधाई। मा० प्रधानमंत्री जी का फैसला ऐतिहासिक है एवं स्वागत योग्य है ।इस मौके पर महिलाओं ने गुलाल लगाकर एवं मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया साथ ही मा० प्रधानमंत्री जी को बधाई दिया ।इस कार्यक्रम के अध्यक्षता महिला मोर्चा पश्चिम मंडल अध्यक्ष निर्मला जी के द्वारा किया गया.

# नबीनगर के रामनगर से बोलेरो से बड़ी मात्रा में देसी शराब बरामद तस्कर फरार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 21 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के रामनगर गांव के समीप मुख्य सड़क से बोलेरों गाड़ी से बड़ी मात्रा मे झारखंड निर्मित देसी टनाका शराब बरामद किया गया है पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र मे शराब की खेप आने वाली है जिसके आधार पर पि एस आई अनित कुमार एवम सशस्त्र बल ने घेराबंदी किया ।पुलिस को देख शराब तस्कर गाड़ी को सड़क पर



छोड़कर मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस ने बताया कि जब गाड़ी की जांच की गई तो उसमे रखे 180 एम एल का 2142 पीस झारखण्ड निर्मित देसी टनाका शराब बरामद किया गया।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि शराब और बोलेरो गाड़ी को जब्त कर थाना लाया गया है और मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है ।उन्होंने कहा की कि हर हालत में शराब के तस्करी करने वालो और शराबियो को बख्सा नही जायेगा ।

# पुलिस पर हमला करने वाले अभियुक्तों के घर पर चिपकाया इस्तेहार

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 21 सितंबर 2023:-**

औरंगाबाद जिले के देव प्रखण्ड के ढिबरा थाना क्षेत्र के लीलजी गांव में पुलिस पर हमला करने वाले अभियुक्तों के घर पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया है ।यह कार्रवाई गुरुवार को ढिबरा थानाध्यक्ष पवन कुमार के नेतृत्व में किया गया ।थानाध्यक्ष बताया कि पिछले माह 7 अगस्त को लीलजी गांव में मारपीट के मामले की सूचना पर पहुंची ढिबरा थाना की पुलिस पर लीलजी गाँव के ग्रामीणों ने हमला कर दिया था जिसमे पुलिस के जवान गम्भीर रूप से घायल हो गयें थे ।प्राथमिकी दर्ज होने के बाद लगातार छापेमारी की गई लेकिन



किसी की गिरफ्तारी नही हुआ ।अब वारंट के बाद कोर्ट से निर्गत इस्तेहार को लीलजी गाँव मे 5 अभियुक्तों के घर डुगडुगी बजाकर इस्तेहार चिपकाया गया है ।लीलजी गाँव निवासी अभियुक्त महेंद्र भुईँया, राहुल भुईँया, रणजीत भुईँया, छोटन भुईँया, छटू भुइया के घर पर इस्तेजर चिपकाया गया है ।जिसमे उन्हें कोर्ट में सरेंडर करने की बात कही गई है ।अगर निर्धारित समय मे कोर्ट से सरेंडर करके बेल नही लेंगे तो उनके घर मे कुर्की मालजप्ती की जाएगी ।ज्ञात हो कि पुलिस पर हुई हमला में एक जवान गम्भीर रूप से घायल हुआ था जिसका एक ही हाँथ दो जगह टूट गई थी जबकि माथा और शरीर मे गम्भीर चोट आई थी।

# अपने अधिकारों की मांग को लेकर वार्ड सदस्यों ने दिया एक दिवसीय धरना।

**दैनिक समाज जागरण वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता औरंगाबाद (बिहार) 21सितंबर2023:-**

औरंगाबाद जिले के देव प्रखंड कार्यालय पर पंचायत वार्ड सदस्य संघ देव ने अपने अधिकारों की मांग को लेकर धरना दिया ।धरना को संबोधित करते हुए संघ के नेता अपने अधिकारों की मांग कर रहे थे ।वार्ड सदस्य संघ के जिलाध्यक्ष अभय पासवान प्रमंडल अध्यक्ष अजय कुमार सिंह प्रखंड अध्यक्ष संतोष सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि सात निश्चय पार्ट वन की तरह सात निश्चय पार्ट टू में भी वार्ड सदस्यों को अधिकार मिलना चाहिए ।सरकार लगातार हम सभी के अधिकारों में



कटौती कर रही है ।अधिकारों को लेकर वार्ड सचिव एवं वार्ड सदस्य में बराबर झगड़ा झंझट होते रहता है। सरकार यदि वार्ड सदस्यों का अधिकार नहीं देना चाहती है तो इस पद को समाप्त कर देना चाहिए ।उन्होंने कहा कि मांगे पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा ।सरकार ने इसके बावजूद भी हमारी मांगों को नहीं माना तो आगे आंदोलन को तेज किया जाएगा ।धरना प्रदर्शन के अंत में अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी दिया गया। जितेन्द्र शर्मा सिंटू चौरसिया पंकज कुमार अरविंद ठाकुर अंकिता देवी रंजन कुमार पाल रूबी देवी प्रजा देवी राधा देवी सीता देवी सहित अन्य वार्ड सदस्य एवं सचिव उपस्थित रहे।

# उद्योग विभाग में ब्लॉक में लगाया जागरुकता शिविर

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 21 सितंबर 2023 :- बेरोजगार युवा अधिक संख्या में रोजगार से जुड़े और खुद का रोजगार स्थापित कर सकें, इसके लिए उद्योग विभाग ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के बहुद्देशीय भवन में जागरूकता शिविर लगाया। शिविर में 150 युवाओं ने भाग लिया। उन्हें ऋण लेकर उद्यम स्थापना करने के



लिए जागरूक किया गया। इस दौरान योजना प्रबंधक मो. अफान नें सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री उधमी योजना , प्रधानमंत्री सूक्ष्म छात्र उन्यन योजना आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा उद्यम लगाने का मन बनाएं और आवेदन करें, विभाग उन्हें हर सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी दिनेश तिवारी, उद्योग विस्तार पदाधिकारी रविशंकर, प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, उप प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# हसपुरा बीडीओ ने विकास योजनाओं का किया समीक्षा बैठक

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार , प्रखंड संवाददाता हसपुरा**

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा प्रखंड कार्यालय कैम्पस स्थित सभागार में गुरुवार को बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने नल जल योजना , नाली- गली , सोलर लाइट एवं स्वच्छता से संबंधित पंचायत वार समीक्षा की गई। बीडीओ प्रदीप



कुमार चौधरी ने कहा कि विकास कार्य में तेजी लाएं। सरकार के निर्देश को हरहाल में पालन करना है। किसी भी पंचायत में कार्य अधुरा है तो उसे शीघ्र पुरा करें। गांव में जो भी योजनाएं चल रही है वह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। पंचायत सचिव व कार्यपालक सहायकों ने गांव की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में पंचायत सचिव नारायण शर्मा, जगनारायण सिंह,अविशेष कुमार,कुंदन कुमार कार्यपालक सहायक सिमरन , राखी कुमारी,वंदना कुमारी,दिवाकर कुमार सहित सभी पंचायत सचिव व कार्यपालक सहायकों ने योजनाओं से संबंधित जानकारी दी।

# टेकारी के पूर्व सरपंच ने अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार को पुष्प की गुलदस्ता देकर किया स्वागत.

**समाज जागरण, विश्वनाथ आनंद, वरीय संवाददाता ,मगध प्रमंडल.**

गया ( बिहार )- टेकारी के पूर्व सरपंच ने अपने शिष्टमंडल के साथ टेकारी के नए अनुमंडल पदाधिकारी सुजीत कुमार को पुष्प का गुलदस्ता देक स्वागत व अभिनंदन किया . वहीं दूसरी तरफ टेकारी के विकास हेतु औपचारिक



तौर से बात किया. तथा स्वर्णिम भविष्य की मंगलमय कामना भी किया. शिष्टमंडल में मिलने वाले सरपंच में पूर्व अनुमंडलीय अध्यक्ष सह सिमुआरा सरपंच अलखनिरंजन कुमार, बेलहड़िया सरपंच रामाशीष प्रजापति, आम्माकुमा सरपंच रामनिवास ठाकुर, शिवबल्लभ मिश्र, शशि प्रियदर्शी सहित अन्य लोग शामिल थे .

# दुर्गा पूजा की तयारी को लेकर ग्राम सुरार में की गई बैठक

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 21 सितंबर औरंगाबाद जिले के नबीनगर प्रखंड के ग्राम सुरार मे इस वर्ष दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर दुर्गा पूजा समिति द्वारा दुर्गा



मंडप सूरार के प्रांगण में गांव की बैठक बुलाई गई ।बैठक की अध्यक्षता सत्यदेव सिंह एवम संचालन जितेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया किया।

पूजा समिति के सचिव धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि बैठक मे पूर्व वर्ष का आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही इस वर्ष भव्य पंडाल का निर्माण करने और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव पारित किया गया ।पूजा के लिए पंडित करुणाकर मिश्रा,ठाकुर पिंटू कुमार श्रोता विशाल कुमार सिंह को जिम्मेवारी दी गई ।बैठक में कृष्णा सिंह,संजय सिंह,मनदीप राम,राज कुमार राम,विनय सिंह,उजव्ल कुमार,प्रिंस कुमार, कृष्णा यादव,अमरूद सिंह,संजय राम,भोला यादव,विजय ठाकुर, उपेंद्र राम ,करुणाकर मिश्रा,पिंटू ठाकुर,चीकू कुमार,रामकुंडल सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण ने भाग लिया।

# नबीनगर के बारा मोड़ के समीप से शराबी गिरफतार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 21 सितंबर 2023 औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के बारा मोड़ के समीप से पुलिस गश्ती दल द्वारा शराब के नशे की हालत में अक्षय कुमार सिंह पिता रविंद्र सिंह ग्राम दुलहर थाना हुसैनाबाद जिला पलामू को गिरफ्तार किया गया है। पुलीस गश्ती दल मे एस आई पिंकी कुमारी एवम सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि



रेफरल अस्पताल नबीनगर मे मेडिकल टीम द्वारा शराब पीने की पुष्टि के बाद गिरफ्तार किए गए अभियुक्त पर प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# कुंजाडीह में वार्षिक जंताल पूजा का हुआ आयोजन, सुख शांति समृद्धि के लिए श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
खरसावां कुचाई प्रखंड क्षेत्र के पोंडाकाटा पंचायत अंतर्गत कुजांडीह गांव में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नोआखाई जंताल पूजा काफी हर्ष उल्लास के साथ किया गया। वार्षिक जाताल पूजा में दुर दराज से आए श्रद्धालुओं ने कामना करते हुए पूजा अर्चना किया।साथ ही भेड़ बकरा का बलि चढ़ाया। देउरी मदन नायक ने सुबह से ही विधिवत मां पाउडी,अंधारी पाठ,ग्राम देवी झुमकेश्वरी व गांयश्री आदि जैसे विभिन्न जाहिरा स्थल पर पूजा अर्चना किया। पूजा में नया फल फूल एवं नया धान की चावल का प्रसाद चढ़ाया। वहीं ग्रामीणों ने गांव एवं क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि के लिए माथा टेका साथ ही दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने अपने परिवारों की



मनोकामना पूर्ण करने के लिए पूजा अर्चना किया। पूजा में मुख्य रूप से ग्राम मुंडा माडवारी हेंब्रम शिक्षक दीनबंधु सिंह केशव सिंह तरणी कुराल चंद्रमोहन गोप उमाकांत कर बुधन केराई जगदीश सिंह सागु हेंब्रम मनसु लेंका जगबंधु लेंका गोपीनाथ नायक तमाम ग्राम वासी उपस्थित थे।

# आपूर्ति विभाग के खिलाफ पटमदा में धरना-प्रदर्शन 6 को, ग्राम प्रधान संघ के आह्वान पर हजारों ग्रामीण होंगे शामिल

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**
पटमदा : पटमदा प्रखंड सभागार में गंगाधर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित ग्राम प्रधान संघ की बैठक में आपूर्ति विभाग में गड़बड़ी को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में मौजूद प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार से जब मामले में जानकारी मांगी गई तो वे स्पष्ट जवाब नहीं दे पाये। उनके जवाब से असंतुष्ट ग्राम प्रधानों ने आगामी 6 अक्टूबर को पटमदा प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा कर दी।

इस संबंध में ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बृंदावन दास ने बताया कि पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों का 2022 के चार महीने के अनाज की गड़बड़ी के मामले में दुकानदारों द्वारा उपायुक्त से शिकायत करने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने की



वजह से क्षेत्र के कार्डधारियों को अनाज नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि इसमें बहुत बड़ा घोटाला हुआ है इसलिए मामले की उच्चस्तरीय जांच हेतु धरना कार्यक्रम के माध्यम से मांग की जाएगी।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में क्षेत्र के सांसद व विधायक को भी आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में पटमदा के हर ग्राम सभा से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण भाग लेंगे।

जिला परिषद सदस्य प्रदीप बेसरा ने बताया कि मामले को लेकर जविप्र दुकानदार प्रखंड से लेकर राज्यस्तर तक आवेदन कर चुके हैं इसके बावजूद कोई समाधान नहीं निकला है। प्रखंड सभागार में आयोजित संयुक्त बैठक में ग्राम प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

# ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन ने चलाया जागरूकता अभियान

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 21 सितम्बर**
ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन ने स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार को रेलवे कर्मचारियों के बीच दिल्ली में होने वाली कर्मचारियों की महारैली को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। जागरुकता अभियान के तहत कर्मचारियों से 01 अक्टूबर 2023 को दिल्ली के रामलीला मैदान में होनेवाले विशाल पेंशन शंखनाद महारैली में शामिल होने की अपील की गई। ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाइज यूनियन के जोनल संयुक्त सचिवे रत्नेश वर्मा के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों ने नारेवाजी कर-के एनपीएस एवम निजीकरण का विरोध किया।विदित हो कि वर्ष-2004 में पुरानी पेंशन प्रणाली को बन्द करके नई पेंशन स्कीम यानी एनपीएस की शुरूआत हुई थी। रत्नेश



वर्मा ने बताया कि एनपीएस अब नेशनल पेंशन स्कीम के नाम से जाना जाता है ,इसमे कर्मचारियों के वेतन से ही पेंशन मद की कटौती की जाती है। इसमे पेंशन की कोई गणना नहीं है।पेंशन पूरी तरह से शेयर मार्केट पर आधारित है। अभी एनपीएस के रिटायर कर्मी को बहुत कम पेंशन मिल रहा है।उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा रेलवे के कई विभाग में आंशिक निजीकरण ठेका-प्रथा लागू कर दिया गया है,जिसके विरोध में लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है एवम दिल्ली में बड़ी रैली की तैयारी है।मौके पर रेलवे कर्मी सत्यम कुमार सिंह , अंगद राम ` , सुरेन्द्र दास ` , मनोज श्रीवास्तव ` , रवि रंजन ` , रामबाबू राय समेत अन्य मौजूद थे।

# शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 21 सितम्बर**
सोशल वर्क एण्ड दुल्लीपट्टी, मधुबनी अध्यक्ष समाजसेवी विरेन्द्र यादव ने शिक्षा मंत्री , बिहार सरकार, पटना प्रो0 चन्द्रशेखर प्रसाद को मधुबनी आगमन पर अतिथि गृह मधुबनी में पाग दोपट्टा से सम्मानित करने के बाद अपने पंचायत के एक प्राथमिक विद्यालय में पढ रहे छात्र छात्राओं को हो रही कठिनाइयों के बाबत एक ज्ञापन सौंपा और यथाशीघ्र निदान हेतु आग्रह किया। जयनगर प्रखंड के दुल्लीपट्टी पंचायत की मुखिया रुपम कुमारी द्वारा आवेदित ज्ञापन में पंचायत के बरकुरबा मंडल टोल स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को उनके पढाई में आ रही कठिनाइयों के बाबत बिहार के शिक्षा मंत्री प्रो चन्द्रशेखर को प्रस्तुत ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायत



दुल्लीपट्टी के नव प्राथमिके विद्यालय बडकुडवा मंडल टोल दुल्लीपट्टी के बच्चों के शिक्षा से प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी जयनगर के द्वारा बंचित करने पर दिनांके 31- 8-2023 को जिला शिक्षा पदाधिकारी मधुबनी के संज्ञान में डालने के लिए पत्र प्रदान करने के बाबजूद अभी तक दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा का अधिकारे प्राप्त नहीं है। विदित हो कि दुल्लीपट्टी पंचायत के बरकुरबा मंडल टोल स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं को अन्य दूसरे पंचायत व प्रखंड से होते हुए लगभग तीन किमी खेतों के रास्ते गुजरते हुए प्राथमिक विद्यालय भीसा टोल जाना पड़ता है। इससे दलित व पिछड़े वर्ग के अनेक छात्र छात्राओं को अपने शिक्षा के आधिकार से वंचित होना पड़ रहा है।

# माकपा ने किया जिला प्रशासन का पुतला दहन

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू 21 सितम्बर**

माकपा जयनगर प्रखंड इकाई के कार्यकताओं ने मधुबनी जिले के मधेपुर में बिहार प्रान्तीय खेतिहर मजदूर यूनियन एवं बिहार राज्य किसान सभा अंचल मधेपुर द्वारा प्रखण्ड कार्यालय पर घेराडालो-डेरडालो कार्यक्रम कर रहे बिहार प्रान्तीय खेतिहर मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष कॉमरेड राम नारायण यादवे आंदोलन कारी से बिना वार्ता किऐ गिरफ्तार कर जेल भेजने और थाने पर उनके साथ मुजरिमों जैसा व्यवहार करने के विरोध में मधुबनी जिला प्रशासन का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम स्थल पर सभा को सम्बोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं बिहार राज्य किसान सभा के जिला अध्यक्ष कॉमरेड रामजी यादव ने कहा कि मधेपुर प्रखण्ड के दर्जनों पंचायत में कोसी, कमला, गेहुमा नदी में आई बाढ़ से हजारों एकड़ में लगे फसल बर्बाद हुआ गरीब मजदूरों का जीना




मुश्किल हो गया है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पार्टी सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह ने कहा की जब तक मधेपुर प्रखण्ड में घेराडालो- डेराडालो आंदोलन जारी है तब तक पूरे जिले में आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार से आंदोलनकारी से सम्मान जनक वार्ता कर सभी प्रभावित किसान, मजदूरों को राहत मुहैया कराने की मांग की। कार्यक्रम को श्याम प्रसाद गुप्ता, सुकेन्द्र प्रसाद,कृष्ण देव यादव, उमाशंकर प्रसाद, पवन कुमार यादव, पवन यादव,कपिल देव यादव, नागेश्वर यादव,रविन्द्र कुमार यादव उर्फ मोहन, पंकज पोद्दार समेत अन्य ने सभा को सम्बोधित करते हुए उक्त आंदोलन को पूरे जिला में चलाने का निर्णय लिया गया।

# झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के खरसावां शाखा का गठन

## *अनूप अग्रवाल को अध्यक्ष व महेश अग्रवाल को सचिव चुना गया*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
खरसावां झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने अपना संगठन विस्तार करते हुए पहली बार खरसावां,आमदा व कुचाई क्षेत्र को मिला कर खरसावां प्रखंड समिति का गठन किया है.इसको लेकर झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सरायकेला खरसावां शाखा जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी की अध्यक्षता में खरसावां में एक बैठक हुई.बैठक में सर्वसम्मति से कुचाई के अनूप अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया. खरसावां शाखा का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से मनोज अग्रवाल को उपाध्यक्ष,महेश अग्रवाल को सचिव, संजय अग्रवाल को कोषाध्यक्ष,दीपक अग्रवाल को कार्यक्रम प्रभारी,प्रवीण अग्रवाल को मीडिया प्रभारी चुना गया. बैठक में खरसावां एवं आसपास क्षेत्र के मारवाड़ी समाज के प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे.मौके पर खरसावां शाखा में छह महिलाओं ने भी सदस्यता ग्रहण



किया.मौके पर मुख्य रुप से सरायकेला खरसावां शाखा के जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी,जिला उपाध्यक्ष अरुण सेक्सरिया,जिला महासचिव प्रेमचंद अग्रवाल,सरायकेला शाखा अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल आदि उपस्थित थे.नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने बताया कि खरसावां क्षेत्र में पहली बार मारवाड़ी समाज से संबंधित कोई बैठक और शाखा का गठन हुआ है. इसके लिए प्रांतीय अध्यक्ष बसंत मित्तल और जिला अध्यक्ष प्रदीप चौधरी के प्रति आभार जताया.साथ ही साथ अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए समाज को मजबूत करने एवं अपना सामाजिक दायित्व निर्वहन करने की बात कही.

# आत्मबल जीविका स्वावलंबी सहकारी समिति रोहतास की द्वितीय आम सभा हुई आयोजित

**दैनिक समाज जागरण अमन गुप्ता रोहतास**
रोहतास सहकारिता विभाग अंतर्गत निबंधित एवं जीविका परियोजना द्वारा संपोषित आत्मबल जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि. रोहतास ने गुरुवार को अपने सैकड़ों सदस्यों के साथ गुरुवार को अकबरपुर में एक मैरेज हॉल में अपनी द्वितीय वार्षिक आम सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी बब्लू कुमार, समिति अध्यक्ष मंजू देवी, जीविका आईबीसीबी प्रबंधक उत्पल कान्त, वाईपी सुधांशु किरण एवं बीपीएम रितेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महिमा, संजोति, श्वेता, प्रिया एवं अंजली द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का सम्मान किया गया। सभा की शुरूआत करते हुए समिति की सचिव प्रेमशीला देवी सदस्यों के समक्ष वित्तीय वर्ष 22-23 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन में बताया गया कि रोहतास प्रखंड के कुल 06 ग्राम पंचायत के सभी 26 राजस्व ग्राम के अपने कार्यक्षेत्र में समिति में कुल 597 समूहों से 7252 गरीब महिलाएं जुड़कर अपना सामाजिक और आर्थिक विकास कर रही हैं। उसमें से 5961 सदस्यों ने समिति की सदस्यता ग्रहण कर लिया है और शेष को भी शीघ्र जोड़ लिया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी बब्लू कुमार ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त किया कि समिति अपने सदस्यों के आर्थिक सशक्तिकरण के साथ साथ कार्यक्षेत्र में कस्टम हायरिंग सेंटर, सामुदायिक पुस्तकालय, ग्रामीण बाजार आदि का संचालन भी बेहतर ढंग से कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आधी आबादी को सशक्त करने में जीविका परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। समिति अध्यक्ष मंजू देवी ने वित्तीय वर्ष 23-24 की कार्ययोजना सदस्यों के समक्ष अनुमोदन हेतु पेश किया। कार्ययोजना में समूह गठन, ग्राम संगठन बनाने से लेकर विविध प्रकार की ऋण उपलब्धता, जीविकोपार्जन गतिविधियों एवं सरकारी योजनाओं से जुड़ाव का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभा ने अनुमोदित किया। जीविका आईबीसीबी प्रबंधक उत्पल कान्त ने सभा को संबोधित करते हुए इस बात के लिए समिति की सराहना की कि अभी तक अपने सदस्यों को 292300000 रुपया क्रेडिट लिंकेज के रूप में उपलब्ध कराया गया है, जिसकी नियमित वापसी भी हो रही है। बीपीएम रितेश कुमार सिंह ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त किया कि समिति अपने समूह सदस्यों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु लगातार कार्यरत है और 5670 सदस्यों को मनरेगा जॉब कार्ड, 4450 सदस्यों को आवास योजना,



कुल 24195000 रुपए आरंभिक पूंजी के रूप में तथा 30296000 रुपये सामान्य ऋण के रूप में उपलब्ध करा दिया है, जिससे समिति को ब्याज के रूप में क्रमशः 2031966 रुपए तथा 2784598 रुपये की आय हो चुकी है। इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि समिति की अंकेक्षण रिपोर्ट के अनुसार अब तक कुल 4393168 रुपए का शुद्ध लाभ हुआ है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए समिति कोषाध्यक्ष आशा देवी ने सभा के समक्ष वित्तीय वर्ष 23-24 का बजट प्रस्तुत किया। कुल 41635200 रुपयों के इस बजट का अनुमोदन सर्वसम्मति से आम सभा ने दिया। सभा में उपस्थित बैंक ऑफ इंडिया रोहतास के शाखा प्रबंधक ने वैभव कुमार ने समिति को द्वितीय वार्षिक आम सभा पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने बैंक से समूह सदस्यों को यथासंभव हर प्रकार की वित्तीय सहायता सरलता से देने में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। इस सभा में समिति ने अपने कार्यक्षेत्र के विभिन्न बैंकों से प्राप्त ऋण का विवरण देते हुए बताया कि समूह सदस्यों को कुल 443 को विधवा पेंशन और 556 को वृद्धा पेंशन योजना से लाभान्वित करा चुकी है और आगे भी निरंतर प्रयास कर रही है। जिसमें सपना ग्राम संगठन, उत्तम ग्राम संगठन, बिहार ग्राम संगठन, उज्जवल ग्राम संगठन, लक्की ग्राम संगठन तथा अदिति समूह, सोनम समूह, जमा मां संतोषी समूह, घर आंगन समूह एवं सोना समूह शामिल है, जिन्हें उपस्थिति, ऋण वापसी और बेहतर बुक्स ऑफ रिकॉड्र्स के आधार पर चुना गया था। संबंधित अध्यक्ष और सचिव ने सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंच संचालन मनीषा विद्या दीदी ने किया। समिति समन्वयक दुर्गावती एवं एमबीके संतरा देवी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा समाप्त किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयक असगर अंसारी, सामुदायिक समन्वयक करिश्मा कुमारी, चंद्रशेखर पांडेय, अभिषेक कुमार, पियूष कुमार, कार्यालय सहायक आकाश, एकाउंटेंट अर्जुन कुमार समेत निदेशक मंडल की बबिता देवी, मुन्नी कुमारी, शीला देवी, बेबी देवी, दुर्गा देवी, सुनैना देवी आदि सैकड़ों जीविका दीदी उपस्थित रहीं।

# रामपुर नगर पंचायत की हालत खस्ता हाल खबर प्रकाशित होने के बाद भी नहीं की गई कोई कार्रवाई,

रामपुरा जालौन, विकासखंड रामपुरा की नगर पंचायत अध्यक्ष गायत्री वर्मा जबसे नगर पंचायत अध्यक्ष बनी है तब से नगर पंचायत में कोई भी विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है और ना ही किसी गरीब की कोई मदद की जा रही है जैसे विद्या पेंशन विधवा पेंशन विकलांग पेंशन या सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजना का कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है ग्रामीणों का कहना है की गायत्री वर्मा जब से नगर पंचायत अध्यक्ष बनी है तब से किसी भी नगर वासियों कोई कार्य नहीं कराया जा रहा है और उनके कार्यकताओं द्वारा



अगर कोई भी व्यक्ति अपना कार्य करवाने के लिए जाता है तो उनके कार्यकताओं के द्वारा उनको धमकी दी जाती है कि अगर दोबारा दिखाई दिए तो तुम्हारी खैर नहीं होगी और अगर किसी भी पत्रकार ने उनका विज्ञापन निकाला है अगर वह विज्ञापन के पैसे मांगने के लिए दरवाजे जाता है तो उनके गुर्गे उनको धमकी देते हैं कि अगर दोबारा यहां पर दिखाई दिए तो तुम्हारी खैर नहीं है क्योंकि नगर पंचायत अध्यक्ष हरिजन होने के कारण हर्जन एक्ट लगवाने की ध्धमकी देती हैं इसलिए नगर पंचायत रामपुर की व्यवस्था सब चौपट है किसी भी नगर पंचायत बासी का कोई भी विकास कार्य नहीं कराया जा रहा है

# कलश यात्रा के बाद शुरू हुई रामकथा

**अरविन्द पिरौना पत्रकार**
पिरौना (जालौन) स्वामी राजेश्वरानंद महाराज के प्राकटउत्सव के उपलक्ष्य में पंच कुंडीय श्री राम महायज्ञ एवं श्री मद भागवत कथा का भव्य आयोजन महाराज की जन्मस्थली अमर शान्ति आश्रम पचोखरा धाम पर गुरुवार को कलश यात्रा के साथ शुरूआत की गई बड़े हर्सोल्लास और गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसमें जागेश्वर धाम सरकार एवं ठडेश्वरी मंदिर के महंत सिद्धनदास जी महाराज व सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया कलश यात्रा नवीन गल्ला मंडी एट प्रांगण से कलश यात्रा की शुरूआत की गई जिसके लिए जल चौफरा सरकार धुरट से लाया गया। एट नगर भ्रमण के बाद कलश यात्रा अमर शान्ति आश्रम पचोखरा धाम पर समापन हुई। स्वामी राजेश्वरानंद रामायणी के जन्मस्थली पर सात दिवसीय श्री राम कथा आयोजन का शुभारंभ रोहित रिछारिया महाराज ने दीप जलाकर किया। महंत गुरुप्रसाद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राजेश्वरम के तत्वावधान में सात दिवसीय श्री राम महायज्ञ एवं भागवत कथा की भव्य कलश यात्रा से शुरूआत की गई कथाकार रोहित रिछारिया महाराज ने राम कथा की शुरूआत की। उन्होंने कहा संत समागम और राम कथा अत्यंत दुर्लभ है, समस्त ग्रंथों का निचोड़ श्री राम चरित मानस में ही है। सभी शास्त्रों का रस श्री रामचरित मानस है। सभी को राम से ही मिलना है, भगवान आवरण से नहीं आचरण से मिलते है। यही संदेश संतों ने संपूर्ण सृष्टि को दिया है। इसके बाद नवाह्न परायण का पाठ शुरू किया गया। दोपहर से प्रारंभ हुई श्री राम कथा के पहले दिन नाम महिमा एवं राम कथा महिमा का वर्णन किया गया। 21 से 27 सितम्बर तक प्रतिदिन श्री कथाकार रोहित रिछारिया महाराज श्री राम कथा सुनाएंगे। प्रतिदिन सुबह श्री राम चरित्र मानस का सामूहिक पाठ भी किया जाएगा। श्री राम कथा के इस आयोजन में अन्य प्रांतो से श्री रामकथा को सुनने के लिए श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं महंत गुरुप्रसाद शर्मा के सानिध्य में स्वामी राजेश्वरानंद रामायणी अलंकरण समारोह भी हो रहा हैं जिसमे महानुभावों को सम्मान किया जाएगा। और यज्ञाचार्य राम कुमार शास्त्री व यज्ञ संचालन अनूप शास्त्री द्वारा किया जाएगा एवं सायकाल भजन संध्या का कार्यक्रम होगा

# प्रखण्ड स्तरीय सिद्धो - कान्हु युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बने : पवन सिंह सरदार

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**
पटमदा : जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के निर्देश के आलोक में प्रखंड पटमदा में प्रखंड स्तरीय सिद्धो - कान्हु युवा खेल क्लब का गठन किया गया। यह बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी पटमदा श्रीमती नाजिया अफरोज की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में प्रखंड के कुल 84




ग्रामों में से आए ग्राम स्तरीय सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सचिव शामिल हुए। जिसमें से प्रखंड स्तरीय सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का निर्वाचन किया गया। प्रखंड स्तर पर गठित सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब के पदाधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्य के रुप में अध्यक्ष- पवन सिंह सरदार, उपाध्यक्ष- लालमोहन दास, सचिव- प्रताप महतो एवं सदस्य के रूप में मंटू लाल मुर्मू, शिबू रजक, शेख तौसीफ, सोनाराम बेसरा, पवित्र कुमार महतो, अभिषेक कुमार सिंह एवं अजय मुर्मू चयनित किए गए । इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी पटमदा, प्रखंड के प्रधान लिपिक श्री शिव शंकर पासवान, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी श्री संतोष कुमार, सहायक अभियंता श्री संतोष कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्री देव कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्री अभय कुमार महतो,प्रखंड के लिपिक श्री आजाद कुमार सिंह, प्रखंड समन्वयक(पंचायत) श्रीमती नीलम कुमारी, नवनियुक्त पंचायत सचिव,कंप्यूटर ऑपरेटर,अनुसेवी गण एवं अन्य शामिल हुए।

# आंधारझोर में हिन्दी पखवाड़ा आयोजित, नारा लेखन में धनंजय सिंह अव्वल

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**
पटमदा : नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 14 से 28 सितंबर तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन देश के सभी प्रखंडों में किया जा रहा है। गुरुवार को नेहरू युवा केन्द्र ,पूर्वी सिंहभूम



द्वारा बोड़ाम प्रखंड के आंधारझोर गांव में आदिवासी सांस्कृतिक कला केन्द्र भवन मे हिन्दी नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे दर्जनों युवाओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान धनंजय सिंह ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय राकेश कुमार सिंह और तृतीय स्थान सुब्रत सिंह ने प्राप्त किया। इस संबंध में स्वयंसेवक धरनी सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य गांवों में हिन्दी भाषा को बढ़ावा और प्रोत्साहन देना है। आयोजन को सफल बनाने में पंचायत समिति सदस्य महापद सिंह, बोड़ाम प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक धरनी सिंह, बिरसा युवा क्लब के सदस्य राकेश कुमार सिंह, शक्ति पद सिंह, धनंजय सिंह, कर्ण सिंह, परीक्षित सिंह, सुब्रत सिंह, राजेश कुमार सिंह व प्रदीप सिंह आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बोड़ाम प्रखंड के दो युवाओं का अग्निवीर में चयन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**
पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के दो युवा गोविंद मुखर्जी , पिता - रवि शंकर मुखर्जी,ग्राम - भुला और आशीष महतो, पिता - नंदलाल महतो, पंचायत - पहड़पुर,ग्राम - डांगरडीह, टोला - गुमानडीह का चयन अग्निवीर में हो गया है, अग्निवीर के सभी जांच परीक्षा का फाइनल रिजल्ट मंगलवार आया । भारतीय सेना के अग्निवीर के रूप में चयन होने पर गोविंद मुखर्जी के पिता रविशंकर मुखर्जी ने कहा कि गोविंद दो वर्ष से भारतीय सेना में जाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे उनके मेहनत



का फायदा हुआ और भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में उनका चयन हो गया। आशीष महतो के पिता नंदलाल महतो एक किसान है खेती कर के आशीष महतो को पढ़ा रहे थे। आशीष महतो का अग्निवीर मे चयन हो जाने से बहुत खुश हैं। दोनों को उनके शिक्षकों, अभिभावको और दोस्तों ने बधाई और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# कृषक सलाहकार समिति की बैठक में रबी फसल को लेकर हुई चर्चा।

**दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाद दाता विपुल कुमार गोस्वामी फतेहपूर जामताड़ा( झारखण्ड )**
फतेहपुर प्रखंड कृषक सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को प्रखंड कार्यालय स्थित एटीक सेंटर में कृषक मित्र अशोक मंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बीटीएम अमीर हेम्ब्रम ने उपस्थित कृषक मित्रों को विभिन्न सरकारी



योजनाओं के बारे में जानकारी दी। साथ ही रबी फसल को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान बीटीएम ने बताया कि रबी फसल के मौसम को देखते हुए जल्द ही किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में कृषक मित्र मनीश्वर किस्कू, श्याम सुंदर टुडू, अमित हांसदा ,संजय सोरेन ,राम पुजहर ,रवि पुजहर पवन महतो आदि मौजूद थे।

# नवीन कुमार ने संभाला काराकाट बीपीएम का पदभार

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**
रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र बीआरसी में नये प्रखंड परियोजना प्रबंधक नवीन कुमार ने अपना पदभार संभाल लिया। पदभार संभालने के उपरांत उन्होंने कहा कि ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा। कहा कि प्रखंड काराकाट के सभी विद्यालयों का अनुश्रवण किया जाएगा। जिससे कि शिक्षा में सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन इत्यादि का सभी विद्यालयों में जांच किया जाएगा।

